3 राजधानी
प्रमुख बाजारों का होगा पुनर्विकास

9 राष्ट्रीय
सीमावर्ती क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का विकास करें: राजनाथ

10 विदेश
अफगानिस्तान में तालिबानी फरमान

11 प्रादेशिकी
बलपूर्वक न्यायिक कार्य बन्द कराने का आरोप

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 179
नई दिल्ली, रविवार, 8 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अभिनव देसवाल को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण

स्पोर्ट्स-12

# बग्गा फिर हो सकते हैं गिरफ्तार

- पंजाब सरकार का आरोप, हरियाणा व दिल्ली में उसके पुलिस अधिकारियों को बंधक बनाया गया
- हाई कोर्ट से दोनों जगह की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने व मामले में केंद्र को पक्ष बनाने का अनुरोध
- पगड़ी नहीं पहनने देने के मामले में अल्पसंख्यक आयोग ने मांगी रिपोर्ट

## मोहाली अदालत से वारंट जारी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**भारतीय** जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा पर फिर गिरफ्तारी का खतरा मंडराने लगा है, क्योंकि मोहाली की एक अदालत ने उनके खिलाफ अप्रैल में दर्ज एक मामले में शनिवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। बग्गा के खिलाफ ताजा गिरफ्तारी वारंट न्यायिक मजिस्ट्रेट रवतेश इन्द्रजीत सिंह की अदालत ने जारी किया है। बग्गा के खिलाफ मोहाली के एक थाने में अप्रैल में भड़काऊ भाषण, दुश्मनी फैलाने और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में पंजाब पुलिस ने शुक्रवार की सुबह दिल्ली के जनकपुरी स्थित आवास से बग्गा को गिरफ्तार किया था। पुलिस उन्हें सड़क मार्ग से पंजाब ले जा रही थी, लेकिन रास्ते में कुरुक्षेत्र में हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया था। वहां से कुछ घंटों बाद दिल्ली पुलिस बग्गा को वापस ले आई।

बग्गा की गिरफ्तारी के फौरन बाद उनके पिता प्रीतपाल सिंह की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज किया था। प्रीतपाल सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया था कि कुछ लोग सुबह करीब आठ बजे उनके घर आए और उनके बेटे को उठा ले गए। शुक्रवार को बग्गा की गिरफ्तारी और दिल्ली वापसी के पूरे नाटकीय घटनाक्रम में पंजाब, हरियाणा और दिल्ली, तीन प्रदेशों की पुलिस शामिल रही। राज्य की अपराध शाखा के थाने के प्रभारी अधिकारी को निर्देश देते हुए मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में कहा कि तेजिन्दर पाल सिंह बग्गा, पुत्र प्रीतपाल सिंह, पता बी- II170, जनकपुरी, दिल्ली पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं 153-ए, 505, 505 (2) और 506 के तहत दंडनीय अपराध का आरोप बनता है। आपको निर्देश दिया जाता है कि आप तेजिन्दर पाल सिंह बग्गा को गिरफ्तार करें और मेरे समक्ष पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 23 मई को होनी है। गौरतलब है कि पंजाब पुलिस ने अप्रैल में भड़काऊ भाषण देने, दुश्मनी को बढ़ावा देने और आपराधिक धमकी के मामलों में बग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। (शेष पेज 8)

## गिरफ्तारी पर सियासत तेज दिल्ली पुलिस ने दी सुरक्षा

- भाजपा का दूसरे दिन भी केजरीवाल आवास पर प्रदर्शन सिसोदिया ने कहा- गुंडे को बचा रही भगवा पार्टी

**पायिनयर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पंजाब** पुलिस द्वारा भाजपा प्रवक्ता तेजिंदर पाल सिंह के गिरफ्तार किए जाने के बाद शुक्रवार को दिन भर के चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद रात 1 बजे घर लौटते ही आप और भाजपा के बीच आरोप और प्रत्यारोप की राजनीति का सिलसिला शनिवार दूसरे दिन भी जारी रहा।

बग्गा के मेडिकल सर्टिफिकेट से पता चला कि उनकी पीठ और कंधे पर कई चोटें आई हैं। बग्गा ने आरोप लगाया है कि पंजाब पुलिस द्वारा मारपीट में वे घायल हो गए। द्वारका कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि बग्गा के साथ निकट भविष्य में फिर से ऐसी घटना होने की आशंका को देखते हुए जनकपुरी थानेदार को उसे पूरी सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। कोर्ट ने एसएचओ को बग्गा की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। बग्गा एक राजनीतिक दल के प्रमुख नेता हैं उनके अनुरोध पर उन्हें घर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए, इस संबंध में किसी और आदेश की कोई आवश्यकता नहीं है। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने बग्गा को सुरक्षा प्रदान की। वहीं पंजाब पुलिस बग्गा को हिरासत में सौंपे जाने के समय हरियाणा और दिल्ली पुलिस के बयानों में विरोधाभास की ओर अदालत का ध्यान आकर्षित करने की योजना बना रही है। बग्गा की गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जबकि गोवा के सीएम प्रमोद सावंत और भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रमुख तेजस्वी सूर्या ने बग्गा से एकजुटता दिखाने के लिए मुलाकात की। दूसरी ओर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बग्गा को बचाने के लिए भाजपा को लताड़ा। सिसोदिया ने अपने ट्वीट में कहा कि पूरी भाजपा और उसकी सरकारें पंजाब में भाईचारे के खिलाफ बोलने वाले और दंगा भड़काने वाले अपने एक गुंडे को बचाने में लगी हुई हैं। (शेष पेज 8)

# यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसे में नोएडा के सात लोगों की मौत

- मुख्यमंत्री योगी ने शोक जताया, घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएड

**यमुना** एक्सप्रेसवे पर शनिवार की सुबह भीषण हादसे में नोएडा के रहने वाले एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। यह हादसा शनिवार की सुबह यमुना एक्सप्रेसवे पर स्थित मथुरा के नौहझील क्षेत्र में उस समय हुआ जब यह परिवार अपने पैतृक जिले हरदोई से वापस नोएडा आ रहा था। हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है।

मथुरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हरदोई जनपद के बहादुरपुर गांव में रहने वाले लल्लू गौतम नोएडा में अपने पूरे परिवार के साथ रहते थे। लल्लू गौतम अपने बेटे राजेश गौतम, गोपाल गौतम, संजय गौतम, संजय गौतम की पत्नी निशा, लल्लू की पत्नी छुटकी, राजेश की पत्नी नंदिनी, अपने पोते धीरज और कृष्ण के साथ अपने बहादुरपुर से नोएडा लौट रहे थे। वहां पूरा परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। शनिवार की सुबह करीब 5:00 बजे लल्लू गौतम की वैगनआर गाड़ी यमुना एक्सप्रेसवे पर स्थित माइलस्टोन 68 के पास आगे चल रहे एक वाहन से टकरा गई। (शेष पेज 8)

## इंदौर में आग से सात लोग जिंदा जले



इंदौर के एक इमारत में आग लगने से सात लोगों की मौत पर रोत- विलखते परिजन

**इंदौर (भाषा)।** मध्य प्रदेश के इंदौर में तीन मंजिला रिहायशी इमारत में शनिवार तड़के भीषण आग लगने से एक महिला समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। शहर के पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा ने बताया कि विजय नगर क्षेत्र में तंग गलियों वाले एक इलाके की रिहायशी इमारत में आग लगने से अब तक सात लोगों की मौत का पता चला है और प्राथमिक जानकारी के मुताबिक इनमें एक महिला भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इमारत की तीनों मंजिल पर अलग-अलग फ्लैट बने हुए थे, जिनमें लोग किराए पर रहते थे। चश्मदीदों के अनुसार, इमारत में आग से बचाव के जरूरी इंतजाम नहीं थे। (शेष पेज 8)

## पीएम ने नोएडा व इंदौर हादसों पर जताया दुख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत पर शोक जताया और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने इंदौर में आग से जिंदा जले लोगों की मौत पर भी संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से इंदौर व मथुरा सड़क हादसे पर दो अलग-अलग ट्वीट में पीएम मोदी ने कहा कि हादसे में जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। वह घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

# कोसी के कारण विभाजित हुआ मिथिलांचल रेल नेटवर्क से जुड़ा

- 88 साल बाद मिली यह सुविधा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन सेवा को दिखाई हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**करीब** 88 साल तक कोसी नदी के कारण विभाजित बिहार का मिथिलांचल शनिवार को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मधुबनी के झंझारपुर और सुपौल जिले के निरमाली के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। इस ट्रेन की शुरुआत होने से मिथिलांचल जिले के दरभंगा, सहरसा और मधुबनी के यात्रियों को लाभ मिलेगा।

1934 के बाद कोसी और मिथिलांचल के बीच पहली बार संपर्क कायम हुआ है। 1934 में भारत और नेपाल में आए भूकंप और बाढ़ के कारण रेल संपर्क टूट गया था। कोसी नदी पर पुल न होने के कारण इन इलाके के लोगों को दूसरी ओर जाने के लिए 100 किमी का सफर तय करना पड़ता था। ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद झंझारपुर और सहरसा के बीच की दूरी आधी हो गई है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छह जून 2003 में कोसी नदी पर बनने वाले महासेतु का शिलान्यास किया था। इस दौरान तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित थे। करीब 17 साल के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2020 में कोसी रेल पुल का उद्घाटन किया था। इस रूट पर ब्रिटिश शासन काल में 1887 से ही ट्रेनें चलनी शुरू हो गई थी। 1934 में आए भूकंप ने इसे पूरी तरह से बर्बाद कर दिया जिसके चलते कोसी और मिथलांचल एकदूसरे से अलग हो गए। इस मौके बिहार के मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, शीला मंडल. मधेपुरा, झंझारपुर और सुपौल से सांसद, स्थानीय विधायक नितीश मिश्रा के साथ रेलवे से शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। ऑनलाइन उद्घाटन के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने पूर्वी राज्यों के विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता तो दोहराया।

## सांबा में अमरनाथ यात्रियों के ठहरने के लिए 22 स्थान तय किए

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों को ठहराने के लिए 22 स्थानों को तय किया गया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांबा की उपायुक्त अनुराधा गुप्ता ने तीर्थयात्रियों के ठहरने के लिए चिन्हित किए गए 22 स्थानों का एक दिवसीय दौरा किया। अमरनाथ यात्रा 30 जून से शुरू होगी और यह 43 दिन तक चलेगी। प्रवक्ता ने बताया कि गुप्ता ने जिले में यात्रियों के ठहरने और जलपान के लिए चिन्हित किए गए सभी स्थानों का दौरा किया और अधिकारियों को यात्रा सुचारू रूप से चलाने और जारी कार्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों की पहचान की गई है, उनमें सरकारी स्कूल, कॉलेज भवन, नोनाथ आश्रम, घगवाल, विजयपुर, बरियान में मंदिर परिसर और अन्य स्थान शामिल हैं। उन्होंने कोविड महामारी के कारण दो साल बाद होने वाली तीर्थयात्रा के लिए इस वर्ष बड़ी सं या में यात्रियों के आने की संभावना के मद्देनजर बुनियादी ढांचे को बढ़ाने का निर्देश दिया।

# ज्ञानवापी मामले में कोर्ट का फैसला आने के बाद तय होगा सर्वे का समय

## अदालत ने कोर्ट कमिश्नर बदलने वाली मांग पर नौ मई तक के लिए फैसला सुरक्षित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**वाराणसी** की एक जिला अदालत ने शनिवार को मस्जिद प्रबंधन समिति की ओर से अदालत द्वारा श्रृंगार गौरी मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण और वीडियोग्राफी के लिए नियुक्त आयुक्त (कोर्ट कमिश्नर) को बदलने की मांग वाली याचिका पर अपना आदेश नौ मई तक के लिए सुरक्षित रख लिया। मुसलमानों के विरोध के कारण टीम सर्वेक्षण का कार्य पूरा नहीं कर सकी।

अदालत द्वारा नियुक्त आयुक्त हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों के वकीलों के साथ ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मंदिर परिसर के अंदर गए, लेकिन करीब दो घंटे अंदर बिताने के बाद सर्वे टीम बिना काम पूरा किए ही बाहर आ गई। सर्वेक्षक के साथ परिसर के अंदर गए हिंदू पक्ष के एक वकील विष्णु जैन ने संवाददाताओं से कहा कि मस्जिद में मौजूद मुसलमानों ने टीम को अदालत के आदेश के अनुसार वीडियोग्राफी और सर्वेक्षण कार्य करने के लिए मस्जिद क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन ने सर्वे टीम को अपना काम करने में मदद नहीं की। जैन ने कहा कि वे मामले के बारे में नौ मई को अदालत को बताएंगे और ज्ञानवापी मस्जिद की वीडियोग्राफी और सर्वेक्षण करने के लिए विशेष आदेश मांगेंगे। वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में शनिवार की सुबह मुस्लिम पक्ष ने अदालत द्वारा नियुक्त आयुक्त को बदलने की याचिका दाखिल की। अदालत ने अर्जी पर सुनवाई के बाद अगली सुनवाई नौ मई को करने तक फैसला सुरक्षित रख लिया। दिल्ली की राखी सिंह, लक्ष्मी देवी, सीता साहू और अन्य की दैनिक पूजा और श्रृंगार गौरी में अनुष्ठान करने की अनुमति की मांग करने वाली याचिका पर धार्मिक स्थल की वीडियोग्राफी और सर्वेक्षण करने के लिए उसी अदालत के पहले के आदेश पर यह प्रक्रिया शुरू की है। ज्ञानवापी मस्जिद की बाहरी दीवार पर भगवान गणेश, भगवान हनुमान और नंदी स्थित हैं। (शेष पेज 8)

# घरेलू गैस पर फिर बढ़े 50 रुपये, हजार का हुआ सिलेंडर




- पिछले दो माह में यह दूसरी बार बढ़े दाम विपक्ष ने की आलोचना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जनता** की ईंधन की ऊंची कीमतों के बोझ के बीच शनिवार को सरकार ने घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर महंगाई की तकलीफ और बढ़ा दी है। अब एलपीजी उपभोक्ताओं को 14.2 किलोग्राम के बिना सब्सिडी वाला रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 999.50 रुपये चुकाने होंगे। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर में दो महीने में यह दूसरी वृद्धि है। कांग्रेस ने एलपीजी वृद्धि के लिए सरकार की आलोचना करते हुए इस बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की है। 19 किलो के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 2,355.50 रुपये है, जबकि इसकी पहले की कीमत 2,253 रुपये थी।

इससे पहले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई थी जब यूपी और अन्य चार राज्यों में विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद देश भर के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गई हैं। पिछले महीने, कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की कीमतें भी 4.25 रुपये प्रति यूनिट बढ़ाकर 45.86 रुपये प्रति एससीएम कर दी गई थीं। इस बढ़ोतरी को लेकर विपक्ष ने मोदी सरकार की आलोचना की थी। कांग्रेस ने पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी के साथ सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि लाखों भारतीय परिवार अत्यधिक मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और खराब शासन के खिलाफ एक कठिन लड़ाई लड़ रहे हैं। (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,835 | |
| निफ्टी | 16,411 | |
| सोना | 51,035 | /10g |
| चांदी | 62,435 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नीट पीजी परीक्षा स्थगित नहीं, 21 मई को ही होगी

**नई दिल्ली।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने शनिवार को कहा कि इस साल की नीट-पीजी परीक्षा स्थगित नहीं की गई है और यह नौ मई की निर्धारित तारीख को ही होगी। इसने कहा राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड के नाम से जारी वह नोटिस फर्जी है जिसमें कहा गया है कि यह परीक्षा अब नौ जुलाई को होगी। आयुर्विज्ञान संबंधी राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने भी शनिवार को हितधारकों को आगाह किया कि वे उसके नाम से जारी हो रही फर्जी एवं मिथ्या सूचना को लेकर सतर्क रहें।यह बयान मीडिया के एक तबके में आई इस खबर के बाद आया है कि इस साल की नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है और अब यह नौ जुलाई को होगी।

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद धर्म संसद मामले में एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** में हुई धर्म संसद में हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली पुलिस ने हेट स्पीच पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने नया हलफनामा दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है। दिल्ली पुलिस ने नए हलफनामे में कहा है कि उसने सामग्री की जांच के बाद एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। शिकायत में दिए गए सभी लिंक और सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध अन्य सामग्रियों का विश्लेषण किया गया और एक वीडियो यूट्यूब पर पाया गया है।

सामग्री के सत्यापन के बाद, भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए, 295 ए, 298 और 34 के अपराधों के लिए ओखला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में चार मई को यह एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें, इससे पहले दिल्ली पुलिस ने अपने पहले के हलफनामे में कहा था कि सबूतों और सामग्री की जांच के निष्कर्षों से पता चलता है कि भाषण में किसी विशेष समुदाय के खिलाफ कोई घृणास्पद शब्द नहीं था और जो लोग वहां एकत्र हुए थे, अपने समुदाय की नैतिकता को बचाने के उद्देश्य से आए थे।

पुलिस ने कहा था कि इस तरह के शब्दों का कोई उपयोग नहीं किया गया था, जिसकी मुसलमानों के नरसंहार के लिए खुले आह्वान के रूप में व्याख्या की जा सकती है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई थी और बेहतर हलफनामा दाखिल करने को कहा था। इस मामले में 9 मई को सुनवाई होगी।

# सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने राजद्रोह कानून का किया बचाव

- कहा, इस पर पुनर्विचार की जरूरत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजद्रोह** कानून की वैधता को चुनौती का मामले में केंद्र सरकार ने इस कानून का बचाव किया है। केंद्र सरकार ने कहा कि इस पर पुनर्विचार की जरूरत नहीं है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि केदारनाथ सिंह बनाम बिहार राज्य में पांच जजों की बेंच का फैसला बिल्कुल सही कानून है. संविधान पीठ ने कानून को बरकरार रखा था और ये फैसला बाध्यकारी है। तीन जजों की बेंच पुनर्विचार नहीं कर सकती। कानून को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज किया जाना चाहिए। केदार नाथ सिंह फैसला केस के विश्लेषण और गहन परीक्षण के बाद दिया गया, जिसकी पुष्टि बाद के कई फैसलों में हुई। हालही, विनोद दुआ मामले में भी इस पर भरोसा रखा गया।

केंद्र सरकार ने कहा, राजद्रोह कानून के दुरुपयोग की घटनाएं पिछले फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए पर्याप्त औचित्य नहीं हैं। किसी प्रावधान में दुरुपयोग होना कभी भी संविधान पीठ के बाध्यकारी फैसले पर पुनर्विचार करने का औचित्य नहीं होगा। संवैधानिक पीठ पहले ही समानता के अधिकार और जीने के अधिकार जैसे मौलिक अधिकारों के संदर्भ में धारा 124 के सभी पहलुओं की जांच कर चुकी है। याचिकाकर्ताओं ने कोई औचित्य नहीं दिखाया है कि पिछले निर्णयों पर पुनर्विचार क्यों किया जाना चाहिए।

साथ ही कहा, लगभग छह दशकों से एक संविधान पीठ द्वारा घोषित लंबे समय से स्थापित कानून पर केस टू केस आधार पर इस तरह के दुरुपयोग को रोकने का उपाय हो। फिर भी अगर तीन जजों की बेंच इन दलीलों से संतुष्ट नहीं है तो वो इसे बड़ी बेंच को रेफर कर सकती है, क्योंकि तीन जजों की बेंच सुनवाई नहीं कर सकती। जनरल तुषार मेहता ने लिखित दलीलें दाखिल की हैं।

दरअसल, राजद्रोह कानून की वैधता का मामला 7 जजों की संविधान पीठ को भेजा जाए या नहीं। इस सुप्रीम कोर्ट परीक्षण करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार सुबह तक सभी पक्षों को लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सोमवार सुबह तक जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा था। इस पर दस मई को दो बजे सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट आईपीसी की धारा 124 ए यानी राजद्रोह के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। एनवी रमना, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली की स्पेशल बेंच में सुनवाई हो रही है. एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, अरूण शौरी, पूर्व सैन्य अधिकारी और महुआ मोइत्रा की याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। दरअसल, IPC की धारा 124 यानी राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता पर सुप्रीम कोर्ट में फाइनल सुनवाई होनी थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को कहा था कि वो हफ्ते के अंत तक अपना जवाब दाखिल करें। इसके बाद याचिकाकर्ता अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे। केंद्र की ओर से स्त्र तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र की ओर से जवाब लगभग तैयार है और दो- तीन दिन में हलफनामा दाखिल किया जाएगा। अन्य याचिकाओं को भी इसमें शामिल किया जाएगा। अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने प्रावधान की वैधता का बचाव करते हुए कहा कि कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए कुछ दिशानिर्देश बनाए जा सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि उसकी मुख्य चिंता 'कानून का दुरुपयोग' है और उसने पुराने कानूनों को निरस्त कर रहे केंद्र से सवाल किया था कि वह इस प्रावधान को समाप्त क्यों नहीं कर रहा है. क्या उसे आजादी के 75 साल भी इस कानून की जरूरत है।

# यमुना प्राधिकरण बॉन्ड से हासिल करेगी पैसा

## विकास योजना को धन जुटाने के लिए प्राधिकरण ने लिया फैसला, लोगों को मिलेगा अच्छा रिटर्न

● 6 जून तक देशभर की एजेंसियां आवेदन कर सकती हैं। प्राधिकरण के बॉन्ड आम आदमी खरीद सकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यमुना प्राधिकरण अपनी विकास योजनाओं के लिए अब बैंकों या दूसरे निकायों से कर्ज नहीं लेगा। मास्टर प्लान-2041 के तहत यमुना सिटी को विकसित करने के लिए अथॉरिटी ने म्युनिसिपल और इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड निकालने का फैसला लिया है।

इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने विशेषज्ञ एजेंसी चुनने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल आरएफपी निकाला है। एक महीने यानि 6 जून तक देशभर की एजेंसियां आवेदन कर सकती हैं। प्राधिकरण के बॉन्ड आम आदमी खरीद सकेंगे। इससे जो पैसा मिलेगा उससे यमुना सिटी का विकास होगा। लम्बी अवधि के इन बांड्स पर अथॉरिटी अच्छा रिटर्न देगी। पिछली बोर्ड बैठक में बॉन्ड लाने पर सहमति बन चुकी है। यमुना प्राधिकरण तेजी से बड़ी-बड़ी योजनाओं पर काम कर रहा है। इनमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, औद्योगिक कलस्टर, मेट्रो, पॉड टैक्सी, एक्सप्रेसवे और मेडिकल डिवाइस पार्क शामिल हैं। इसके लिए बहुत ज्यादा पैसे की जरूरत है।

प्राधिकरण यह पैसा कर्ज के रूप में बैंकों या दूसरे सरकारी निकायों से नहीं लेगा। म्युनिसिपल और इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड से पैसा जुटाएगा।

पिछले साल पहले लखनऊ और फिर गाजियाबाद नगर निगम ने म्युनिसिपल और इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड से पैसा जुटाया है। लखनऊ नगर निगम को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड करवाया गया है।

म्यूनिसिपल और इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड कोई नगर पालिका, नगर निगम और राज्य अपने पूंजीगत व्यय को वित्तपोषित करने के लिए जारी कर सकता है। यह एक ऋण सुरक्षा है, जिसमें राजमार्गों, पुलों या स्कूलों के निर्माण शामिल हैं। इसे ऐसे ऋणों के रूप में माना जा सकता है, जो निवेशक स्थानीय सरकारों को देते हैं।

नगर पालिका बांडों को अक्सर संघीय करों और अधिकांश राज्य और स्थानीय करों से छूट दी जाती है। जिससे ये विशेष रूप से उच्च आयकर ब्रैकेट वाले लोगों के लिए आकर्षक हो जाते हैं।

म्युनिसिपल बॉन्ड पर चुकाया जाने वाला ब्याज अक्सर कर मुक्त होता है। इन्हें गैर-लाभकारी संगठन ही जारी कर सकते हैं। यमुना अथॉरिटी इसी श्रेणी का निकाय है। कॉरपोरेट बॉन्ड की तुलना में म्युनिसिपल बॉन्ड आम आदमी के लिए बेहतर हैं और डिफ ल्ट का जोखिम कम है। उदाहरण के लिए पानी आपूर्ति, सीवेज का उपचार या अन्य मूलभूत सेवाएं प्रदान करने वाले भरोसेमंद राजस्व हैं।

## सरेराह युवकों के साथ झपटमारी, विरोध करने पर मार दिया ब्लेड

नोएडा। नोएडा में लुटेरे और बदमाशों ने आतंक मचा रखा है। देर शाम सरेराह दो युवकों पर झपटमारों ने हमला कर दिया। घर वापस लौट रहे दो युवकों से सामान छीनने की कोशिश की गई।

युवकों ने विरोध किया तो दोनों को ब्लेड मारकर घायल कर दिया है। नोएडा में सेक्टर-27 के रहने वाले युवक आदित्य और आकाश सेक्टर-15 की लाइब्रेरी में रोजाना पढ़ने जाते हैं। दोनों शुक्रवार की देर शाम वापस आ रहे थे। युवकों पर तभी बदमाशों ने हमला किया। नोएडा के थाना फेस-1 के सेक्टर-15 नया बांस में यह वारदात हुई है।

झपटमारी का विरोध करने पर दो युवकों पर बदमाशों ने ब्लेड से हमला किया है। घायल युवकों ने डायल 112 पर सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## संक्षिप्त समाचार



### वेगस मॉल में अवार्ड सेरेमनी और म्यूजिकल नाइट

नई दिल्ली/नोएडा। वेगस मॉल ने रिटेलर्स रिवार्ड एंड रिकग्निशन अवार्ड नाइट का आयोजन किया। वेगस ने अपने फुटकर विक्रेताओं को 40 विशेष श्रेणियों में सम्मानित किया, साथ ही इस अवार्ड शो में रिटेल क्षेत्र के 50 दिग्गज सलाहकारों को भी उनके योगदान के लिए सराहा गया। समारोह के बाद एक भव्य कार्यक्रम और म्यूजिकल नाइट का आयोजन भी किया गया। वेगस मॉल के निदेशक हर्षवर्धन बंसल ने कहा कि हम वास्तव में अपने खुदरा विक्रेताओं के प्रयासों की सराहना करते हैं। वे हमारे लिए किसी सुपरहीरो से कम नहीं है। निदेशक सुरेश आनंद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह रिटेलर्स रिवार्ड एंड रिकग्निशन अवार्ड नाइट दरअसल फुटकर विक्रेताओं के प्रयासों की प्रशंसा करने का एक माध्यम है, जिनकी मेहनत और लगातार कोशिशों के चलते ही हमें सफलता प्राप्त होती है।

### सनशाइन बिल्डर का दफ्तर सील

नोएडा। जिला प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण यूपी रेरा कब बकाया वसूलने के लिए बकायादा बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते जिला प्रशासन ने सनशाइन बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया। बिल्डर पर यूपी रेरा का करोड़ों रुपए का बकाया है। जिसका भुगतान बिल्डर द्वारा अभी तक नहीं किया गया। ऐसे में प्रशासन ने बिल्डर के खिलाफ यह कार्रवाई की है। एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया कि सनशाइन बिल्डर पर यूपी रेरा का करीब 2 करोड़ पर का बकाया है। जिसका बिल्डर द्वारा अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। बिल्डर ने अब से पहले बकाए के भुगतान के लिए चेक दिए थे, जो बाउंस हो गए। जिसके बाद जिला प्रशासन ने बिल्डर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित कार्यालय को सील कर दिया। साथ ही बिल्डर की संपत्ति को चयनित किया जा रहा है।

### अधिकारी की बेटी नहीं हुई लव जिहाद की शिकार

नोएडा। केंद्र सरकार में तैनात एक अधिकारी ने बीते दिनों पुलिस को शिकायत दी कि उसकी बेटी लव जिहाद का शिकार हो गई है। अब इस मामले में अधिकारी की बेटी का बयान सामने आया है। दरअसल, केंद्र सरकार में तैनात एक आईएएस अधिकारी ने बीते दिनों कहा था कि उसकी बेटी लव जिहाद का शिकार हुई है। उसकी बेटी को एक विशेष समुदाय के व्यक्ति ने प्रेम जाल में फंसा कर उसके साथ शादी कर ली है। यह मामला काफी चर्चा का विषय बना रहा। अधिकारी की बेटी डॉ हर्षा भारती ने बताया कि उसने अब्दुल रहमान नामक व्यक्ति से 2018 में प्रेम विवाह किया था। उसके बाद से ही वह अपने पति और अपने बच्चों के साथ नोएडा में रह रही है। उनको किसी भी तरीके की कोई दिक्कत नहीं है। बीते दिनों में जल गई थी तो उनके माता-पिता ने यह अफवाह फैला दी कि अब्दुल रहमान उसको जलाया है।

# अवैध कब्जा करने वालों पर होगी सख्ती

● प्राधिकरण के सीईओ ने अधिकारियों संग की बैठक, मांगा दो दिन में ब्योरा, नाम छूटा तो नपेंगे अफसर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जा करने वालों की अब खैर नहीं है।

प्राधिकरण ने पुलिस और राजस्व विभाग के साथ मिलकर ऐसे भू-माफियाओं के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। सीईओ ने अपने अधीनस्थों से अवैध कब्जारियों की सूची दो दिन में उपलब्ध कराने को कहा है। प्राधिकरण इन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कराएगा। साथ ही इनके नाम भूमाफियाओं की सूची में भी शामिल कराएगा। सीईओ ने जमीन कब्जाधारियों को चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की जमीन की प्लॉटिंग कर बेचने वालों से वसूली होगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और मेरठ कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह ने अपने अधीनस्थों के साथ बैठक की, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एरिया में अवैध अतिक्रमण पर विस्तृत चर्चा की। सीईओ ने बैठक में सभी भू-माफियाओं के खिलाफ जोरदार अभियान चलाने और अतिक्रमण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीईओ ने सभी वर्क सर्किल से उनके एरिया में अवैध कब्जा करने वालों का ब्योरा मांगा। सीईओ ने इस काम के लिए 2 दिन का समय दिया है। ब्योरा उपलब्ध कराने के बाद किसी भू-माफिया का नाम सूची से छूटा तो उस एरिया के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

सीईओ ने इन सभी भू-माफियाओं के खिलाफ कानून की विभिन्न धाराओं जैसे सरकारी जमीन कब्जा करने और उसे बेचकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने आदि धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने और नियमानुसार रिकवरी किए जाने के निर्देश दिए। इन पर कार्रवाई के लिए पुलिस, प्रशासन और प्राधिकरण की संयुक्त टीम कार्रवाई की जाएगी। सीईओ ने जमीन कब्जाने वालों को चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की जमीन की प्लॉटिंग कर बेचने वालों से ही वसूली की जाएगी।

## यशपाल भूमाफिया घोषित होगा, प्रॉपर्टी होगी जब्त

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन चिटहैरा गांव में हुए अरबों रुपए के भूमि घोटाले के मास्टरमाइंड यशपाल सिंह को भूमाफिया घोषित करेगा। उसकी प्रॉपर्टी सीज की जाएगी। दूसरी ओर गौतमबुद्ध नगर की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने इस पूरे घोटाले की जांच कर ली है। वह सोमवार को अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप देंगी।

इस घोटाले में कई प्रशासनिक अफसरों की भूमिका सामने आई है। यशपाल सिंह को उत्तराखंड एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। चिटहैरा भूमि घोटाले की जांच कर रहीं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वन्दिता श्रीवास्तव ने यशपाल सिंह को भूमाफिया घोषित करने के लिए सिफ रिश अपर जिलाधिकारी प्रशासन नितिन मदान को भेजी है।

# भूमि अधिग्रहण: सुप्रीम कोर्ट में केस हारा नोएडा प्राधिकरण

● छह माह में किसान को मुआवजा देने का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

करीब 200 करोड़ रुपए मुआवजा राशि वाले भूमि घोटाले से जुड़े एक मामले में अथॉरिटी को सुप्रीम कोर्ट में हार का सामना करना पड़ा है।

अब इस मामले में विकास प्राधिकरण सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की तैयारी कर रहा है। नोएडा के एक किसान की जमीन अधिग्रहीत करने के मामले में उच्चतम न्यायालय ने अथॉरिटी के खिलाफ फैसला सुनाया है। नोएडा प्राधिकरण केस हार गया है। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में नोएडा प्राधिकरण को 6 सप्ताह में किसान को मुआवजा देने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता रेड्डी वीराना ने वर्ष 1997 में छलेरा बांगर गांव में करीब एक करोड़ रुपये में 2.18 बीघा 7400 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि इसके तुरंत बाद नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों ने उन्हें जमीन पर कब्जा करने के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। बाद में उन्होंने हस्तक्षेप नहीं करने की प्रार्थना के साथ प्राधिकरण के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा की मांग करते हुए एक दीवानी मुकदमा दायर किया।

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निखिल सेठ/कंचन सेठी/ LBNOD00001921425 | अपार्टमेंट नंबर-1502, 15वीं मंजिल, प्लॉट नंबर- जीएच 003, लोटस बुलेवार्ड, सेक्टर-100, टावर नंबर-16, गौतम, बुद्ध नगर, नोएडा/ 02 मई, 2022 | अक्टूबर 16, 2021 ₹ 14,87,226/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 07, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स प्रोजेन एसएएस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ संदीप रावत/ संजय रावत/ पूजा रावत/सुशील कौशिक/पूजा रावत/ भावना कौशिक/ खाता संख्या- 777705790029 | बीक्यू- 58 शालीमार बाग, सरस्वती विहार, दिल्ली-110088/ मई 04,2022 | दिसम्बर 02, 2021 ₹ 22,09,706/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 07, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वीना मल्होत्रा/अजीत मल्होत्रा/ LBNOD00005332960/ LBPNP00005147670/ LBPNP00005147672 | प्लॉट नंबर 156, कृष्ण नगर तहसील कैंप पानीपत हरियाणा/ 05 मई, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 44,60,795/- | नोएडा |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 07, 2022
स्थान: दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# पोलैंड जाने की चाहत में इंजीनियर गंवा बैठा 96 लाख रुपए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंजीनियर को साइबर ठगों ने पोलैंड एक केमिकल कंपनी में बड़े पैकेज पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया।

आरोपियों ने धीरे-धीरे करके 35 बार में इंजीनियर के खाते से 96 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने एंबेसी जाकर कंपनी की पड़ताल की, जिसके बाद उसे अपने साथ हुए ठगी का पता चला पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित तरुण चौहान गाजियाबाद में रहता है। तरुण चौहान ने शिकायत में बताया कि उसने विदेश में नौकरी के लिए एक वेबसाइट पर अपना बायोडाटा कुछ महीने पहले उपलोड किया था। ठगों ने दिसंबर में पीड़ित से संपर्क किया।

उन्होंने पोलैंड की एक केमिकल कंपनी में नौकरी लगवाने की बात की। आरोपियों ने पीड़ित का ऑनलाइन इंटरव्यू भी लिया। जिससे पीड़ित को कोई शक नहीं हुआ।

# ग्रेनो के 14 गांवों में चार दिन से बिजली गुल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को दी आंदोलन की चेतावनी



ग्रेटर नोएडा के 14 गांव में 96 घंटों से बिजली नहीं है। गांव के लोग काफी परेशान हैं और विद्युत विभाग से काफी बार अपील कर चुके हैं कि कृपया जो भी दिक्कत आई हुई है। उसको ठीक कर दें, लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

पिछले 4 दिनों से बिजली नहीं होने के कारण ग्रामीणों में काफी रोष है। लोगों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों आंधी और बारिश आई थी। उसी दौरान दनकौर के 14 गांव में कुछ फॉल्ट हो गया था। शनिवार 4 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अभी तक फॉल्ट ठीक नहीं हुआ है। जिसकी वजह से मकनपुर, खादर, लखीतपुर, अनवरगढ़, जहानाबाद, रामपुर खादर, अट्टा फ तेहपुर और कादलपुर समेत 14 गांव में बिजली नहीं है। निवासियों ने बताया कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी बिजली चालू होने का समय नहीं बता रहे हैं।

# जिगोलो बनाने का झांसा देकर छात्र से ठगे 26 लाख, गैंग का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है, जो जिगोलो यानी कि पुरुष वेश्या बनाने के लिए युवकों से ठगी करता है। पुलिस ने इस गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उन्होंने युवकों को जिगोलो बनाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बिसरख थाना पुलिस और साइबर सेल पुलिस ने शनिवार की दोपहर को राहुल निवासी गाजियाबाद और संजय कुमार निवासी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। इन लोगों के खिलाफ अमित कुमार नामक एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज करवाया था। अमित कुमार ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि दो युवकों ने एक ऐप के माध्यम से उनसे संपर्क किया था। इन युवकों ने जिगोलो यानी कि पुरुष वेश्या बनाने के नाम पर 26 लाख 40 हजार रुपए की ठगी की थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन की और शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि उन्होंने अभी तक दिल्ली एनसीआर और नोएडा में रहने वाले काफी लोगों से जिगोलो बनाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की है। यह आरोपी काफी समय से ऐसी वारदात को अंजाम दे रहे थे। आपको बता दें कि कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंट ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में पुरुष वेश्या के धंधे में उतर जाते हैं। पैसा बनाने के चक्कर में छात्र गंदे धंधे में लिप्त हो जाते हैं।



फोटो: अंकित यादव

सीबीएसई की परीक्षा देकर समरविला स्कूल से बाहर आतीं छात्राएं।

# गाजियाबाद से कानपुर तक के कॉरिडोर को मिली मंजूरी

## 380 किलोमीटर लंबा हाइवे को 2025 बनाकर तैयार कर लिया जाएगा, कई सड़कें शहर होंगे कनेक्ट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद से कानपुर जाने वालों का सफर जल्द ही आसान हो जाएगा। केंद्र सरकार और परिवहन विभाग ने गाजियाबाद से कानपुर तक ग्रीनफील्ड इकोनामिक कॉरिडोर बनाने की मंजूरी दे दी है। यह कॉरिडोर 380 किलोमीटर लंबा और इसे 2025 बनाकर तैयार कर लिया जाएगा। फिलहाल गाजियाबाद के लोगों को कानपुर जाने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे से होते हुए जाना पड़ता है। जिससे उनका रास्ता काफी लंबा हो जाता है। ऐसे में इसे ग्रीनफ ल्ड इकोनामिक कॉरिडोर के बनने के बाद से यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।



इस कॉरिडोर के बनने से गाजियाबाद हापुड़ और पश्चिम उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्सों से जुड़े लोगों को यमुना एक्सप्रेसवे पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस ग्रीफील्ड इकोनामिक कॉरिडोर को कई जगहों पर कनेक्ट किया जाएगा। इसके जरिए यात्रियों को सफ र में आसानी और उनके समय की बचत होगी। वहीं, दिल्ली से लखनऊ जाने वाले लोगों को लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे बनने के बाद एक नया रास्ता मिलेगा।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एनएचएआई इस प्रोजेक्ट के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसकी डीपीआर अगले 350 दिनों में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके बाद प्रोजेक्ट की मंजूरी लेकर भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू किया जाएगा।

यह कार्य 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद 24 महीने के अंदर इस प्रोजेक्ट को बनाकर तैयार कर दिया जाएगा। वहीं एनएचएआई ने डीपीआर बनाने के लिए सलाहकार फर्म के चैन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ग्रीनफ ल्ड कॉरिडोर 380 किलोमीटर लंबा होगा और इसे 2025 तक तैयार कर लिया जाएगा। इस कॉरिडोर के बन जाने से गाजियाबाद से हापुड़ कानपुर और उन्नाव जाने का रास्ता आसान हो जाएगा। इस कॉरिडोर के लिए 8 लेन के हिसाब से भूमि अधिग्रहण किया जाएगा, लेकिन फिलहाल इसे 4 लाइन का ही बनाया जाएगा। हालांकि इस कॉरिडोर पर अंडरपास, फ्लाईओवर और सर्विस रोड का निर्माण 6 लेन के हिसाब से किया जाएगा। इसी के साथ इस ग्रीनफील्ड इकोनामिक कॉरिडोर को कई जगहों पर कनेक्ट किया जाएगा। इस कॉरिडोर को लखनऊ से कानपुर के बीच बन रहे एक्सप्रेसवे को उन्नाव और कानपुर के बीच कनेक्ट करेंगे। वहीं, गाजियाबाद और हापुड़ में मेरठ एक्सप्रेसवे को भी इस कॉरिडोर से कनेक्ट किया जाएगा।

एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस एक्सप्रेस.वे को लखनऊ जाने वाले एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। जिससे ट्रैफिक गंगा एक्सप्रेसवे पे पर जाएगा। वहीं, इसीलिए पहले गाजियाबाद और कानपुर के बीच बनाए जा रहे कॉरिडोर को चार लाइन का बनाया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

हरियाणा सरकार

अधिगम

आज़ादी का अमृत महोत्सव




प्रधानमंत्री जी के विज़न को साकार करते हुए
नई शिक्षा नीति के तहत हरियाणा सरकार का सार्थक कदम

**Personalised & Adaptive Learning (PAL Software) युक्त**
**टैबलेट वितरित करने वाला**

# हरियाणा बना देश का पहला राज्य

सरकारी स्कूलों के बच्चों को
5 लाख टैबलेट का वितरण

साथ ही इन बच्चों को
डेटा कनेक्टिविटी
की भी सुविधा

सरकारी एवं निजी स्कूल के
बीच के अंतर को
समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कदम

## बच्चे अब सुनकर नहीं, करके सीखेंगे!



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | @DiprHaryana

# राजधानी के प्रमुख बाजारों का होगा पुनर्विकास, बनेगी विश्वस्तरीय पहचान

## 50 से अधिक मार्केट एसोसिएशन ने हिस्सा बनने के पहले फेज के लिए किया आवेदन

## पहले चरण के बाद चयनित किए जाएंगे पांच बाजार, गठित होगी चयन समिति

● 40 मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों से मांगे थे सुझाव



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार प्रतिष्ठित बाजारों का पुनर्विकास कर उन्हें विश्वस्तरीय पहचान दिलाएगी। सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना को विभिन्न मार्केट एसोसिएशन से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है।

लगभग सभी प्रमुख बाजारों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 50 मार्केट एसोसिएशन ने आगे आकर अपने बाजारों को पुनर्विकास के लिए चुनने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा जारी किए गए लिंक पर आवेदन किया है। पिछले महीने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 40 मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक कर उनसे शहर के नामी बाजारों के फिर से विकसीत के लिए सुझाव मांगे थे। बैठक के ठीक बाद, सरकार ने मार्केट एसोसिएशन से उनके बाजारों और वहां मौजूदा समस्याओं के बारे में ब्योर देने के लिए एक लिंक जारी किया था। लिंक पर आवेदन देने की अंतिम तारीख 6 मई थी। ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा करने व लोगों को खरीददारी का बेहतर अनुभव देने के साथ कारोबार को बढ़ाने के मकसद के साथ मूल्यांकन करते हुए इन आवेदनों में से पुनर्विकास के लिए शीर्ष 5 बाजारों को चयन करने की प्रक्रिया को शुरू करेगी।

### योजना की विशेषताएं



*चयनित बाजारों को मॉडल मार्केट्स के रूप में विकसित किया जाएगा। इन बाजारों के विकास के लिए दुनियाभर के बाजारों में उपलब्ध बेहतरीन सुविधाओं को अपनाया जाएगा। सरकार इसके लिए सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आर्किटेक्चरल फर्मों का चयन करेगी जो चयनित बाजारों के इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप करने का काम करेंगे। बाजारों में विश्वस्तरीय सड़कों को विकसित करने के साथ बिजली की लाइनों में सुधार करने, सीवेज पाइपलाइनों को बेहतर बनाने, पार्किंग की सुविधा, सड़कों पर भीड़भाड़ कम करने के साथ-साथ, पैदल यात्रियों के लिए अनुकूल फुटपाथ आदि जैसी चीजें विकसित की जाएंगी जिससे बड़ी संख्या में खरीदारों की बाजारों तक आवागमन की पहुंच आसान बनेगी और उन्हें एक बेहतर अनुभव मिलेगा। ग्राहकों के साथ-साथ विक्रेताओं को अधिकतम सुविधा सुनिश्चित करने के लिए बाजार के चारों ओर के क्षेत्र को विकसित करने पर भी ध्यान दिया जाएगा। इन मॉडल बाजारों के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग भी की जाएगी, जिससे उन्हें दुनिया भर में पहचान मिलेगी।*

# रोजगार बजट : सभी योजनाओं पर काम शुरू

● दिल्ली अमेरिका और यूरोप की तर्ज पर फूड ट्रक पॉलिसी की शुरुआत करने वाला देश का पहला राज्य : सिसोदिया

● उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों और हितधारकों के साथ की समीक्षा बैठक



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और 20 लाख रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार ने रोजगार बजट पेश किया है। इसके तहत सरकार ने कई योजनाओं की घोषणा की है, जो लोगों को अपने कारोबार को बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा रोजगार पैदा करने में मददगार साबित होंगे। इन योजनाएं के सफल क्रियान्वयन करते हुए इनका खाका तैयार करना शुरू कर दिया है।

इस दिशा में उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने संबंधित विभागों के अधिकारियों और सभी हितधारकों के साथ शनिवार को समीक्षा बैठक की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार उन नीतियों और योजनाओं को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो सभी के लिए फायदेमंद हों। इसलिए वह सभी एजेंसीज और स्टेकहोल्डर्स को साथ लाकर इन योजनाओं पर कार्य कर रहे है। मनीष सिसोदिया ने कहा अर्थव्यवस्था को गति देने और नए रोजगार सृजित करने के साथ ही उनका ध्यान ऐतिहासिक शहर को नई पहचान देना भी है। वह मौजूदा बाजारों का फिर से विकास करने, फूड हबों का पुनर्विकास करने, दिल्ली फूड ट्रक मार्केट की शुरुआत करने जैसे कई विचार पर काम कर रहे है। इससे न केवल अर्थव्यवस्था को लाभ होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे बल्कि दिल्ली के बाहर के लोगों को यहां घूमने-फिरने, खरीददारी करने आदि का एक शानदार अनुभव भी मिलेगा।

### यूरोपीय देशों के तर्ज पर बनेगी फूड ट्रक पॉलिसी

पहले चरण में विभिन्न एजेंसियों को उन जगहों की पहचान करने के लिए कहा गया है, जहाँ शहर में लोगों को एक बेहतर नाइटलाइफ अनुभव प्रदान करने के लिए अमेरिका, कनाडा जैसे देशों की तर्ज पर फूड ट्रक बाजार बनाए जा सकते हैं। ये बाजार रात्रि की अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने का काम करेंगे। फूड ट्रक से जुड़ा व्यवसाय देश के लिए नया नहीं है, लेकिन देश के किसी भी राज्य ने इस व्यवसाय को सुव्यवस्थित करने और इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए कोई योजना नहीं बनाई है। सिसोदिया ने दावा किया कि दिल्ली फूड ट्रक पॉलिसी लाने वाला देश का पहला राज्य है। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल सरकार इन परियोजनाओं पर चरणबद्ध तरीके से काम कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और लागू हो सके।

# तड़के तीन बजे तक शराब परोसने के फैसले से बार मालिक खुश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तड़के तीन बजे तक शराब परोसने के दिल्ली सरकार के फैसले से रेस्तरां एवं बार मालिक खुश हैं। बार संचालकों का कहना है कि इस प्रगतिशील कदम से व्यापार में वृद्धि होने के साथ ही रोजगार सृजन के अवसर भी बढ़ेंगे।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार के इस कदम से कोविड-19 महामारी और उसके कारण लागू प्रतिबंधों के चलते रेस्तरां एवं बार उद्योग को पिछले दो साल में हुए भारी नुकसान की भरपाई का भी अवसर मिल सकेगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने एक नीतिगत निर्णय लिया है, जिसके तहत बार संचालकों को तड़के तीन बजे तक शराब परोसने की अनुमति रहेगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि सरकार ने आबकारी विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं और आबकारी नीति 2021-22 के अनुसार जल्द ही एक आदेश जारी होने की संभावना है। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इस कदम से रोजगार सृजन के अवसर बढ़ेंगे। यह एक प्रगतिशील कदम है।

# जहांगीपुरी हिंसा मामले तीन और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी में पिछले महीने हनुमान जयंती के मौके पर शोभायात्रा के दौरान हुई साम्प्रदायिक हिंसा के तीन और आरोपियों गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभी तक तीन नाबालिगों समेत 36 लोगों को गिरफ्तार किया है।

जहीर खान उर्फ जलील (48) और अनाबुल उर्फ शेख (32) को गिरफ्तार किया गया जबकि तीसरे आरोपी तबरेज (40) को शनिवार को उसी इलाके से गिरफ्तार किया गया। हिंसा वाले दिन से ही जाहिर खान और अनाबुल फरार थे। उनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। दोनों आरोपियों ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था और बार-बार अपना स्थान बदल रहे थे। जब वे जहांगीरपुरी में अपने घर लौटे तो उन्हें पकड़ लिया गया। अधिकारी ने बताया कि जलील को सीसीटीवी फुटेज में पिस्तौल दिखाते हुए देखा गया था और इसकी जांच की जाएगी कि क्या उसने गोली चलाई थी।

# 'महंगाई की मार, एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दाम'

● युवा कांग्रेस ने हाथों में उपले और खाली सिलेंडर लेकर पेट्रोलियम मंत्री के आवास पर किया प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शनिवार को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। यह वृद्धि शनिवार यानी 7 मई 2022 से लागू होगी। इससे नाराज कांग्रेस की युवा इकाई ने घरेलू रसोई गैस की कीमत में बढ़ोतरी के खिलाफ शनिवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के आवास के निकट विरोध प्रदर्शन किया।

इन लोगों के हाथों में गोबर के उपले और गैस सिलेंडर भी ले रखे थे। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा, रसोई गैस सिलेंडर के दाम में आज फिर 50 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिससे दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर का भाव अब 999.50 रुपए हो गया है।एलपीजी की बढ़ी कीमत वापस लेकर देशवासियों को राहत दी जाए और एलपीजी गैस की कीमत को वर्ष 2014 के स्तर पर लेकर आया जाए। कांग्रेस ने यह दावा भी किया कि मोदी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 585 रुपए की बढ़ोतरी की है और सब्सिडी भी पूरी तरह खत्म कर दी है।

# अवैध डेयरी के 211 पशुओं को पकड़ा, निर्माण ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने कोटला मुबारकपुर क्षेत्र में बाबा बंदा सिंह बहादुर सेतु के नीचे चल रही अवैध डेयरियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए डेयरी मालिकों द्वारा स्थापित किए हुए अस्थाई निर्माण को ध्वस्त किया गया।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने पुलिस बल की सहायता से इस कार्रवाई को अंजाम दिया। अवैध डेयरी संचालित करने वाले व्यक्ति अपने पशुओं को ढके हुए नाले के नीचे तथा ऐसे ही स्थानों पर छुपा कर रखते हैं। दक्षिणी निगम द्वारा 22 अप्रैल 2022 को 137 पशुओं को पकड़ा गया तथा 27 अप्रैल 2022 को की गई कार्रवाई में 46 पशुओं को पकड़ा गया था।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के पशु चिकित्सा विभाग, दक्षिणी क्षेत्र एवं दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने आवारा पशुओं के विरुद्ध 05 मई 2022 को की गई कार्रवाई में कोटला मुबारकपुर स्थित पिलंजी नाले से 28 आवारा पशु पकड़े। अवैध डेयरी मालिकों ने अपने पशुओं को निगम के दस्ते से बचाने के लिए उन्हें ढके हुए नाले के गंदे पानी में 100 मीटर




तक छुपा कर रखा हुआ था। तिलमिलाए अवैध डेयरी माफिया ने 5 और 6 मई 2022 के मध्य की रात को पशु बाड़े के चौकीदार पर जानलेवा हमला करते हुए चौकीदार को कमरे में बंद कर दिया। दक्षिणी निगम द्वारा इस संदर्भ में मालवीय नगर थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जिसके चलते पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है।

# एलजी के हस्तक्षेप से मिलीं डीयू के 12 कॉलेजों को ग्रांट : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपराज्यपाल को धन्यवाद देते हुए दावा किया है कि एलजी के हस्तक्षेप से दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली सरकार के प्रबंधन वाले 12 कॉलेजों में टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की बकाया सैलरी का भुगतान हो पाया है। उन्होंने इन कॉलेजों की बकाया ग्रांट भी शीघ्र दिलाने का अनुरोध किया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों का 100 प्रतिशत अनुदान दिल्ली सरकार को देना होता है लेकिन पिछले एक साल से केजरीवाल सरकार द्वारा ग्रांट रोके जाने के कारण इन कॉलेजों में टीचिंग और नॉन टीचिंग की सैलरी के साथ-साथ मेडिकल बिल, एलटीसी और अन्य बकायों का भी भुगतान नहीं हो पा रहा था। नेता प्रतिपक्ष ने बकाया के भुगतान के लिए उपराज्यपाल अनिल बैजल से हस्तक्षेप का अनुरोध किया था। वह 4 अप्रैल को डूटा के साथ इन मांगों के समर्थन में धरने पर भी बैठे थे। बिधूड़ी और भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता को सूचना दी गई है कि 22 अप्रैल को ग्रांट कॉलेजों के एकाउंट में भेज दी गई है।



दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम का पहला ट्रेनसेट।

# सावली में एनसीआरटीसी को सौंपा पहला ट्रेनसेट

● जल्द ही पहुंचेगी दुहाई डिपो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) को जल्द पंख लगने वाले है।

गुजरात की सावली में पहला ट्रेनसेट गुजरात के सावली में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को सौंपा गया। अब जल्द पहली ट्रेनसेट जल्द ही गाजियाबाद स्थित दुहाई डिपो पहुंचेगी। अपने वीडियो संदेश में शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण की सच्ची अभिव्यक्ति है।

एनसीआरटीसी के चेयरमैन ने कहा कि भारत का पहला आरआरटीएस न्यू इंडिया के सपने को साकार करने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों के सपने को पूरा करने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर बोलते हुए एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने कहा कि आधुनिक कम्प्यूटर-केंद्रित (यात्री-केन्द्रित) सुविधाओं के साथ ये अत्याधुनिक ट्रेनें एक और उदाहरण हैं कि कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ हम देश के भीतर क्या हासिल कर सकते हैं। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय (एमओएचयूए) के सचिव और एनसीआरटीसी के अध्यक्ष मनोज जोशी ने एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, विनय कुमार सिंहएवं एनसीआरटीसी और एल्सटॉम के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एक बटन के क्लिक के साथ ट्रेनसेट रोलआउट की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद, एल्सटॉम के प्रबंध निदेशक द्वारा पहली आरआरटीएस ट्रेनसेट की चाबियां एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक को सौंपी गईं। इस रोलआउट के साथ ही, इन ट्रेनों का डिलिवरी की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

आरआरटीएस अपनी तरह की पहली प्रणाली है जिसमें 180 किमी प्रति घंटे की गति वाली ट्रेनें हर 5-10 मिनट में उपलब्ध होंगी।

# आर.के आश्रम मेट्रो स्टेशन बनेगा इंटरचेंज

● मजेंटा लाइन के जुड़ने से ब्लू लाइन पर यात्रियों का दबाव होगा कम



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो की सेवाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। दिल्ली की किसी भी दिशा में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए काम कर रही मेट्रो अब जल्द ही ब्लू लाइन से मजेंटा लाइन को जोड़ने का ऐलान किया है।

इसके लिए ब्लू लाइन पर स्थित आरके आश्रम मेट्रो स्टेशन को इंटरचेंज स्टेशन बनाया जा रहा है। इस स्टेशन पर इंटरचेंज के बाद लोग सीधे मजेंटा लाइन पर मौजूद स्टेशनों तक जा सकेंगे। वहीं अब दिल्ली के सबसे व्यस्त बाजार सदर बाजार में मेट्रो से जाना भी बेहद आसान हो जाएगा।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने शनिवार को ट्वीट में कहा कि आरके आश्रम मेट्रो स्टेशन पर इंटरचेंज यानी अदला-बदली सुविधा पारगमन का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करेगी और इससे सबसे व्यस्त द्वारका-21 से नोएडा/वैशाली कॉरिडोर पर भीड़ कम करने में मदद मिलेगी।

ब्लू लाइन पर आरके आश्रम मार्ग स्टेशन को इसी नाम के मैजेंटा लाइन पर स्थित मेट्रो स्टेशन से जोड़ा जाएगा। इससे यात्रियों को मध्य और उत्तरी दिल्ली के बीच एक वैकल्पिक और छोटा मार्ग उपलब्ध होगा। आर के आश्रम से इंटरचेंज के बाद मजेंटा लाइन के माध्यम से कई इलाकों तक सफर करना अब आसान हो जाएगा। इस दौरान मजेंटा लाइन आर के आश्रम से नबी करीम, सदर बाजार होते हुए पुल बंगश होते हुए मजलिस पार्क और फिर भलस्वा और रोहिणी के लिए मुड़ जाएगी। जहां से पीतमपुरा होते हुए केशोपुर होते हए जनकपुरी वेस्ट तक पहुंचेगी।

### ब्लू लाइन पर भीड़ को कम करने में मिलेगी मदद

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का कहना है कि इस इंटरचेंज के बनने और यहां से उत्तरी दिल्ली के दर्जन भर से ज्यादा मेट्रो स्टेशनों और कई दर्जन इलाकों के कवर होने से ब्लू लाइन पर होने वाली भीड़ को घटाने में राहत मिलेगी। अभी तक मेट्रो की सुविधा नहीं होने के चलते लोग ब?लू लाइन के माध्यम से ही नजदीकी मेट्रो स्टेशनों तक पहुंचते रहे हैं लेकिन अब मजेंटा लाइन मेट्रो पहुंचने के बाद यात्रियों की एक बड़ी संख्या इस नई लाइन पर सफर कर सकेगी।नए भूमिगत स्टेशन का निर्माण मौजूदा स्टेशन के बगल में किया जाएगा। वर्तमान में डीएमआरसी 65.1 किलोमीटर के चरण- चार के प्राथमिकता वाले गलियारों पर निर्माण कार्य कर रहा है, जिसमें जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम मार्ग (28.92 किमी), मजलिस पार्क से मौजपुर (12.55 किमी) और तुगलकाबाद से एरोसिटी (23.62 किमी) शामिल है।

## मातृ दिवस विशेष




# शगुन के पैसों से कोर्स कर बनीं ब्यूटी बिजनेस की सरताज

अजित तिवारी। नई दिल्ली

मेकअप आर्टिस्ट, कास्टेमिक और ब्यूटी के क्षेत्र में जाना पहचाना नाम आसलीन मुंजाल के कद्रदान देशभर में ही नहीं पूरा वॉलीवुड है।

इस सूची में महानायक अमिताभ बच्चन, सलमान खान, जैकलीन फर्नांडीज से लेकर वरुण धवन तक हैं। देशभर में 18 से अधिक आसलीन मुंजाल का स्टार सैलून और एकेडमिक है। पिछले 25 साल से सुंदर बनाने वाली आसलीन अब मन की सुंदरता के लिए पिछले चार वर्षों से काम कर रहीं हैं। लेकिन आसलीन का यह सफर बतौर गृहिणी और दो बच्चों की मां के तौर इतना आसान नहीं था। शुरूआती सफर दिल्ली के अशोक विहार के अपने घर के कमरे से ब्यूटी पार्लर से हुआ। आसलीन बताती हैं कि परिवार की बेहतरी और बच्चों को अच्छी परवरिश देने के लिए अतिरिक्त आय के लिए काम शुरू किया था।




आसलीन मुंजाल

आसलीन बताती हैं कि संयुक्त परिवार में रहते हुए मेरी कुछ सीमाएं थीं, बच्चों को पूरा समय देना था, इसलिए मैंने यह काम अपने घर के एक कमरे से शुरू किया। तब बेटी स्कूल जाने लगी थी और बेटा हुआ था। बेटे के होने पर रिश्तेदारों ने सगुन के पैसे मिले थे, उसी पैसे से मैंने ब्यूटीशियन का कोर्स किया। आसलीन कहती हैं कि भगवान के आशीर्वाद से आज सबकुछ है, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब बेटी के पहले जन्मदिन पर पैसे की कमी के चलते पसंद की ड्रेस नहीं खरीद पाने ने कुछ कर गुजरने के लिए जज्बा दिया।

आसलीन अपनी सफलता का श्रेय पति और बच्चों के योगदान और सहयोग को देती हैं। आसलीन बताती हैं कि काम करने के दौरान मुश्किलें भी आई जब दिल्ली में व्यापक पैमाने पर एमसीडी ने सीलिंग की समस्या आई, लेकिन साथ यह भी कहा कि अगर आप हिम्मत रखते हैं तो सब कुछ ठीक हो जाता है। उन्होंने ने अपने कहा कि ईश्वर से शिकायत नहीं उनका शुक्रिया करें।

# सुपर मॉम-20 बेटों के बराबर एक बेटी, नाम है मीनाक्षी दत्त

**नई दिल्ली।** बच्चों के लिए सुपर मॉम, माता-पिता के लिए 20 बेटों के बराबर एक बेटी, पति के लिए आदर्श जीवन साथी और दुनिया के लिए ब्यूटी क्वीन और सुपर मेकअप आर्टिस्ट और सफल बिजनेस वुमेन इनका नाम है मीनाक्षी दत्त। इतनी सारी खूबियों के साथ मीनाक्षी जीवन को लेकर बेहद सरल और सिर्फ कर्म करने पर विश्वास करतीं हैं। 1990 में मिस दिल्ली रहीं मीनाक्षी दत्त समाज के उन विचारों के खिलाफ बगावत करती रहीं हैं जो महिलाओं को किसी परंपरा की जंजीर में जकड़ता हो या उनको बराबरी का मौका देने से रोकता हो।



मीनाक्षी दत्त

मीनाक्षी दत्ता गार्गी कॉलेज से ग्रेजुएशन करने के साथ ही मॉडलिंग में कदम रखा और एकरिंग और टीवी शो का हिस्सा बनीं। 1990 के दशक में दूरदर्शन के डीडी मेट्रो की स्टार रहीं मीनाक्षी दत्त ने बतौर बिजनेस वुमेन और मेकअप आर्टिस्ट का सफर 25 साल से अधिक का हो गया है। मीनाक्षी जीवन का एक आदर्श वाक्य है, ईश्वर ने एक जीवन दिया है, चाहे इसे इसे शिकायत में निकाल दो या इसका जी भर के लुत्फ उठाओ।

मीनाक्षी बताती हैं कि फिलहाल देश में 12 मेकअप के शोरूम है और आठ मेकअप शोरूम देश के विभिन्न शहरों में जल्द खुलने वाला है। मीनाक्षी कहती हैं कि आज मेरे सपनों को साकार करने में पति के साथ बेटी और बेटे सहयोग कर रहे हैं।

# थैलेसीमिया के खिलाफ मुहिम जारी रहेगी : रविन्द्र डुडेजा

कविता। फरीदाबाद

**विश्व थैलेसीमिया दिवस पर विशेष**

**थैलेसीमिया** ग्रस्त बेटे को अपनी आंखों के सामने जिंदगी से हारता देखकर एक पिता ने संकल्प लिया कि वह इस बीमारी से बच्चों को बचाने का प्रयास करेंगे। रविंद्र डुडेजा को उनके जज्बे और जिद ने आम से खास बना दिया।

प्रदेश में यह पहला संगठन था, जिसमे थैलेसीमिया के खिलाफ लोगों में जागरुकता की अलख जगाई। जिस कारण आज थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चे सीए, लेक्चरार तो फोटोग्राफर के पदों पर काम कर रहे हैं। उन्हीं की बदोलत आज जिले में दो ब्लड ट्रांसमिशन सेंटर खोले गए है। जिसमें सेक्टर-9 रोटरी ब्लड बैंक में पहला और दूसरा भगवान महाबीर हॉस्पीटल में चल रहा है। निजी और सरकारी अस्पतालों में बच्चों को समय पर रक्त फ्री में चढ़ाया जा रहा है।

**नहीं थी पहचान :** रविन्द्र डुडेजा बताते है कि करीब 27 साल पहले थैलेसीमिया बीमारी के बारे में कोई नहीं जानता था। बीमारी तो क्या, कोई इसके नाम से भी परिचित नहीं था। जागरुकता के अभाव में मरीज



रविन्द्र डुडेजा।

बढ़ रहे थे और बेमौत मर भी रहे थे। काफी प्रयासों के बाद अब कामयाबी हासिल हुई है। अब लोग थैलेसीमिया से डरते नहीं है, बल्कि लड़ते हैं। पूरे हिंदुस्तान में मरीजों के लिए नि:शुल्क रक्त की व्यवस्था हो चुकी है।

**बेटा जिंदगी से हार गया :** रविन्द्र डुडेजा के मुताबिक उन्होंने फाउंडेशन अंगेस्ट थैलेसीमिया का गठन 1995 में किया था। उन्होंने अपने नौजवान बेटे को थैलेसीमिया के वजह से खो दिया था। डाक्टरों ने भी हाथ खड़े कर दिए। डूडेजा अपने बेटे के पास ही बैठे थे। तब उनके बेटे ने उनसे कहा कि 'पापा जिस वजह से मैं जिंदगी से हार गया हूं, वैसा किसी और बच्चे के साथ मत होने देना' ये उनके बेटे के आखिरी शब्द थे। अपने बेटे को खोने के बाद डुडेजा ने संकल्प लिया कि वह किसी के बच्चों को जिंदगी से हार नहीं मानने देंगे। उन्होंने अपने साथी बी.दास बत्रा, जेके भाटिया, मनोज रत्रा, हरीष बत्रा, पंकज चौधरी, नीरज कुकरेजा, अमरजीत सिंह, नारायण शाह मिक्का के साथ मिलकर फाउंडेशन का गठन किया।

**अब शादी से पहले जांच :** उनके प्रयासों को देख अब दूसरे जिलों में संस्था जागरुकता के लिए आगे आने लगे हैं। फाउंडेशन लगातार थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता और लोगों को जागरूक कर रही है। अब लोग शादी से पहले व डिलीवरी के दौरान थैलेसीमिया की जांच कराते हैं। फाउंडेशन बच्चों की रक्त चढ़वाने और दवाई दिलाने में सहायता करती है। फाउंडेशन ने थैलेसीमिया पीड़ितों को मुफ्त रक्त व दवाई मुहैया कराने के लिए लंबा संघर्ष किया है। अब इस बीमारी से पीड़ित बच्चे लंबी जिंदगी जी रहे हैं। हरियाणा में सबसे अधिक थैलेसीमिया पीड़ित फरीदाबाद में हैं। जिले में इनकी संख्या 230 हैं। प्रदेश में इनकी संख्या एक हजार के आसपास है। रविंद्र डुडेजा का कहना है कि हम सरकार से इस बीमारी के प्रति जागरूकता अभियान को तेजी लाने की मांग कर रहे हैं।

# कोरोना का प्रकोप : एक मरीज की मौत और 88 नए संक्रमित मिले

कविता। फरीदाबाद

### जिले में हुई कोरोना से हुई मौत, स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में से है गायब

**देशभर** में कोरोना की चौथी लहर को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। वहीं जिले में पहली, दूसरी और तीसरी लहर की तरह ही चौथी लहर के शुरू होते ही कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत होनी शुरू हो गई। दो माह में शनिवार तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। लेकिन शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में तीसरी मौत का जिक्र ही नहीं किया गया है। जबकि मृतक अन्य बीमारियों के अलावा कोरोना पॉजिटिव भी था। उसका अंतिम संस्कार भी नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा कोविड-19 गाइडलाइन के मुताबिक किया गया। वहीं जिले में 88 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। लेकिन राहत की बात यह रही कि जिले में 104 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है।

**एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार:** जिला स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को जारी किए गए आंकड़ों में कोरोना से किसी भी व्यक्ति की मौत की पुष्टि नहीं है, आंकड़ों में 741 मौते ही होने की बात कही गई है। लेकिन सूत्रों से पता चला कि जिले में शनिवार को एक मरीज का अंतिम संस्कार किया गया है। मृतक मरीज कोरोना पॉजिटिव था। वह सेक्टर-16 स्थित



कोरोना पॉजिटिव मृतक का गाइडलाइन के अनुसार अंतिम संस्कार की तैयारी करती निगम की टीम

एक निजी अस्पताल में गत 6 मई को रात सवा नौ बजे के करीब भर्ती किया गया था। जिसकी मौत सात मई को सुबह साढ़े 11 बजे के आसपास हुई है। मरीज को कई तरह की बीमारियों के साथ ही किडनी इंजरी की शिकायत के अलावा कोरोना पॉजिटिव बताया जा रहा है। उसके परिजनों ने इसकी सूचना जारी की कि उनका अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार शनिवार को किया गया है।

**ये है आंकड़ा :** जिला स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को कोरोना के 88 नए संक्रमित मरीज सामने आने की पुष्टि की है। जिसमें राहत की बात यह बताई की जिले में 104 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में रिकवरी रेट 98.97 प्रतिशत पर है। वहीं जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 581 पर पहुंच गया है। जिसमें 573 एक्टिव केस होम आईसोलेशन में है। वहीं आठ मरीजों को अस्पतालों में भर्ती किया गया है।

# राजभाषा संवर्धन में कार्यरत संस्था व समूहों को मिलेगा सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव श्रृंखला में स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व में राजभाषा हिंदी में कार्य कर रही राजभाषा सेवी संस्थाओं व प्रकाशन समूहों को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आज हिंदी भाषा का जन भाषा, संपर्क भाषा, राजभाषा और वैश्विक भाषा के रूप में निरंतर विस्तार हो रहा है इसमें राजभाषा सेवी संस्थाओं व प्रकाशन समूह का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है।



डीआईपीआरओ राकेश गौतम।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि भारत सरकार के राजभाषा विभाग व गृह मंत्रालय ने स्वतंत्रता संग्राम के समय से राष्ट्रीय एकता और अस्मिता का प्रभावी व शक्तिशाली माध्यम रही हिंदी भाषा यानी राजभाषा के संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही संस्थाओं व प्रकाशन समूहों को आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सम्मानित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक संस्थाएं अपने आवेदन कमरा नंबर-10, भूतल, लघु सचिवालय सेक्टर-12 फरीदाबाद में स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में 10 मई तक भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदनों को भारत सरकार के राजभाषा विभाग में भेजा जाएगा।

# पुलिस ने बम डिस्पोजल टीम के साथ चलाया जांच अभियान

### थाना कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर रामबीर ने कई स्थानों पर चेकिंग की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** हेडक्वार्टर नीतीश अग्रवाल द्वारा शहर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी थाना व चौकी प्रभारियों को उनके एरिया में स्थित बैंक होटल धर्मशाला इत्यादि स्थानों पर चेकिंग करने के निर्देश दिए गए थे जिसके तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर रामबीर ने बम डिस्पोजल टीम के साथ मिलकर एरिया में स्थित कई स्थानों की चेकिंग की और उनमें तैनात कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना कोतवाली नगर प्रभारी इंस्पेक्टर रामबीर व बम डिस्पोजल टीम द्वारा एरिया में स्थित पीएनबी व केनरा बैंक, फोर्टिस हॉस्पिटल तथा होटल डिलाइट ग्रैंड, महालक्ष्मी तथा अरावली गोल्फ कोर्स की अच्छे से चेकिंग की गई और वहां पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे तथा एंट्री पॉइंट्स को चेक किया गया। बैंक कर्मचारियों को जागरुक करते हुए बताया गया कि आजकल अपराधी बैंक व एटीएम मशीन को लूटने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं इसलिए बैंक तथा एटीएम में आने वाले व्यक्तियों पर निगरानी रखें तथा एटीएम की सुरक्षा के लिए नियुक्त किए गए गार्ड को हिदायत दें कि वह किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि



बम की जांच करते टीम के सदस्य।

समय रहते किसी भी प्रकार की बैंक लूट की वारदात को अंजाम देने से पहले बचाया जा सके। होटल मालिकों को निर्देशित करते हुए बताया गया कि होटल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान करना सुनिश्चित करें तथा उनके द्वारा आईडी दिखाने के पश्चात ही उन्हें होटल में रुकने की अनुमति प्रदान करें।

होटल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की एंट्री की जानी चाहिए और होटल स्टाफ को भी अच्छे से निर्देशित किया गया कि पैसों के लालच में आकर किसी भी व्यक्ति को बिना कागजात दिखाए अंदर आने की अनुमति न दें क्योंकि हो सकता है कि वह व्यक्ति किसी प्रकार का अपराधी हो और अपने आप को छुपाने के लिए या किसी भी वारदात को अंजाम देने की नियत से आपके होटल में रहने की कोशिश कर रहा हो। उन्होंने बताया कि यदि आपको कोई भी संदिग्ध प्रकार के व्यक्ति होटल में रहने के लिए किसी प्रकार का लालच दे तो पुलिस को तुरंत सूचित करें और व्यक्ति को तब तक बातों में उलझा में रखें जब तक पुलिस आकर उसे उससे पूछताछ पूरी न कर ले।

# खिलाड़ियों से छात्रवृत्ति के लिए मांगे आवेदन

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग ने खिलाड़ियों से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

यह आवेदन केवल अभ्यासरत और अध्ययनरत खिलाड़ी ही छात्रवृत्ति के लिए कर सकते हैं। डीसी जितेन्द्र यादव ने बताया कि खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग हरियाणा की ओर से वर्ष 2021-22 के लिए गत 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक के दौरान खेल उपलब्धियों के आधार पर खिलाड़ियों को छात्रवृतियों प्रदान करने के लिए 20 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी अनिता भाटिया ने बताया कि अनुसूचित जाति के खिलाड़ी जिनकी वार्षिक आय दो लाख 50 हजार रुपए से कम है। वहीं खिलाड़ी आवेदन कर सकता है।

# रिसाइकिल इंडिया अभियान को हरी झंडी दिखाई

### 'स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित करने से आयात प्रतिस्थापन में मदद मिलेगी : नितिन गडकरी'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** को वैश्विक पुनर्चक्रण केंद्र बनाने की दिशा में मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) भारत में सर्कुलर इकोनॉमी और टिकाऊ रीसाइक्लिंग संचालन की दिशा में काम करने वाले उत्प्रेरक के रूप में रहा है।

लीला कन्वेंशन सेंटर, शाहदरा, दिल्ली में 9वें आईएमआरसी सम्मेलन ने 2030 तक भारत को एक हरित महाशक्ति बनाने के लिए बढ़ती चिंताओं को संबोधित किया। एमआरएआई ने उत्पादन स्तर पर कचरे के पृथक्करण, न्यूनतम प्रतिशत का उपयोग जैसे मुद्दों को संबोधित करने की मांग की। भारत में प्रत्येक विनिर्माण गतिविधि में पुनर्चक्रण योग्य स्क्रैप, भारत में रीसाइक्लिंग पार्क/क्लस्टर स्थापित करना और भारत सरकार के तहत रीसाइक्लिंग विभाग के लिए एक



उद्योग का दर्जा और निकट भविष्य में कच्चे माल के लिए जीएसटी को 18 फीसदी से 5 फीसदी तक संशोधित करना जैसे मामलों पर ध्यान देने पर जोर दिया। एमआरएआई ने रिसाइकिल इंडिया अभियान को भी हरी झंडी दिखाई और भारत सरकार से जन जागरूकता के कारण को अपनाने की मांग की।

कार्यक्रम के तीसरे दिन के पूर्ण सत्र के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उनके अतिरिक्त डॉ. भागवत कराड, वित्त राज्य मंत्री भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए श्री नितिन गडकरी ने कहा, ''सरकार सिंगल विंडो क्लीयरेंस केंद्रों के माध्यम से स्क्रैप रीसाइक्लिंग केंद्र स्थापित करने के लिए कम अनुपालन और एक सरल प्रक्रिया सुनिश्चित कर रही है। स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित करने से आयात प्रतिस्थापन में मदद मिलेगी। रीसाइक्लिंग उद्योग भी भारत मे भारी रोजगार के अवसर बनायेगा। भारत में अर्धचालकों की कमी है जिसे स्क्रैप प्रसंस्करण द्वारा भी संबोधित किया जा सकता है। स्क्रैपिंग नीति को इस उद्योग का हिस्सा बनने के लिए छोटी या बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों से निवेश को आमंत्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# विधायक ने शुरू कराया बेला गांव की सड़क का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विधायक** राजेश नागर ने आज बेला गांव में लाखों की लागत से बनने वाली सडक़ के निर्माण का कार्य शुरू करवाया। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों से नारियल फुड़वाया वहीं उनकी अन्य मांगें भी सुनीं। वहीं स्थानीय लोगों ने विधायक का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर तिगांव सहित पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से चल रहे



गांव बेला में ग्रामीण के हाथ नारियल फुड़वाकर विकास कार्य की शुरुआत कराते विधायक राजेश नागर।

हैं। हमारी हर स्थानीय मांग को मुख्यमंत्री मनोहर लाल तुरंत हां कह देते हैं। वहपूरे प्रदेश को एक समान नजरिए से विकास की राह पर ले जा रहे हैं। उनके राज में सभी 90 विधानसभाओं का समान गति से विकास हो रहा है। इससे प्रदेश के सभी नागरिक खुश हैं। वह मनोहर राज में बिना पर्ची खर्ची के मिलने वाली नौकरियों से खुश हैं और हरियाणा के निरंतर प्रगति के पथ पर बढने से भी खुश हैं।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने लोगों से उनकी स्थानीय मांगों के बारे में पता किया और अधिकांश का मौके पर ही निपटान कर दिया। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा पूरे देश में अपने खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा इनाम देने और नौकरियां देने वाला राज्य बन गया है। इस कोरोना काल में भी हरियाणा ने अन्य राज्यों से बेहतर सेवा जनता के लिए की।

# सबडिवीजन पॉलिसी का लाखों को मिलेगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश में सबडिवीजन की नई नीति लागू होने से लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश भर के लाखों लोगों को इस नीति से लाभ पहुंचाने का काम किया है। इससे पहले प्रदेश के अन्य जिलों के साथ साथ फरीदाबाद में भी लोग बिना अनुमति के बड़े बड़े प्लॉटों के सबडिविजन कर बेच रहे थे।

अवैध तरीके से नगर निगम अथवा सरकार को राजस्व नहीं मिल पा रहा है। शहर लोगों के साथ साथ व्यापारी और अन्य लोगों ने सबडिविजन करवाने की नई नीति लागू करने पर सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। हरियाणा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भाटिया ने सीएम मनोहर लाल एवं फरीदाबाद के सांसद तथा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्री मंडल की बैठक में सबडिवीजन की इस पॉलिसी को लागू करवाकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ना केवल समूचे प्रदेश बल्कि फरीदाबाद के लाखों लोगों को सीधा लाभ पहुंचाया है। इस नीति के बाद अब लोगों को अवैध भवन बनवाने की जरूरत महसूस नहीं होगी। लोग अपने 200 गज तक के प्लाट का सबडिवीजन करवाकर उसका नक्शा पास करवा सकेंगे तथा उस पर वैद्य तरीके से अपना निर्माण करवाएंगे। सबडिवीजन की इस पॉलिसी के लिए मात्र 10 रुपए प्रति वर्ग मीटर की फीस लागू की गई



जगदीश भाटिया।

है, जोकि बेहद कम और आम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए निर्धारित की गई है।

भाजपा नेता भाटिया ने कहा कि इस नीति का सबसे अधिक लाभ फरीदाबाद को मिलेगा, जहां सबडिवीजन की योजना ना होने की वजह से लोगों को मजबूरन अपने भवन अवैध रूप से बनाने पड़ते थे। इसके लिए कई बार भाजपा सांसद एवं राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के माध्यम से सीएम तक यह मांग पहुंचाई गई थी। इस मांग को सरकार ने सुना और उस पर अमल करके लाखों लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया है।


श्री भाटिया ने कहा कि भाजपा सरकार का सदैव यह प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक लोगों तक कैसे लाभ पहुंचाया जाए। इस नीति से मुख्यमंत्री ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार का उददेय लोगों के लिए जनहित की नीतियां बनाना है। इसके लिए वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं सांसद कृष्णपाल गुर्जर का आभार जताते हैं।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव किया उनका गुणगान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**चेतना** वेलफेयर सोसाइटी के प्रांगण में आज अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज हरियाणा ईकाइ ने भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया।

महोत्सव की शुरुआत विधायक नीरज शर्मा और मीडिया कार्डीनेटर मुख्यमंत्री हरियाणा मुकेश वशिष्ठ ने दीप प्रज्वलित कर की इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमचंद गौड़, उपाध्यक्ष सतीश कौशिक, प्रदेश सचिव प्रभात शर्मा, कमलेश शास्त्री ने माल्यार्पण कर भगवान परशुराम की स्तुति की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि



भगवान परशुराम अद्वितीय योद्धा, महान धनुर्धर और राष्ट्र भक्त थे। जिन्होंने पृथ्वी को 21बार अत्याचारी राजाओं से मुक्त कराकर अच्छे लोगों को सौंपा। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के मीडिया कार्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज ने भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को सामाजिक समरसता के तौर पर मनाकर बड़ा पुनीत कार्य किया है क्यों भगवान परशुराम किसी एक के नहीं अपितु संपूर्ण मानव जाति के है।

## संक्षिप्त समाचार

### इनफिनिटी एडवर्टाइजिंग में आग लगने से भारी नुकसान



सेक्टर-58 स्थित फैक्ट्ररी में लगी आग बुझाते कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-58 स्थित इनफिनिटी एडवर्टाइजिंग के प्रिंटस्मिथ फैक्ट्ररी में भीषण आग लग गई। सुबह का समय होने के कारण फैक्ट्ररी को भारी क्षति हुई। करीब 15 बड़ी दमकल गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंची, साथ ही जेसीबी की 5-6 गडियां भी घटना स्थल पर आई। 8 घंटे की जदोजहद के बाद करीब एक बजे आग पर काबू पाया जा सका। फैक्ट्ररी का सबसे ऊपरी तल पूरी तरह से जल गया। कम्पनी के जनरल मैनेजर अनिल सिंह ने बताया कि क्लाइन्टों के अनेक प्रिटिंग मेटेरियल जल कर राख हो गये। आग बुझाने के क्रम में नीचे के एक तल में पानी भरने के कारण भारी नुकसान हुआ। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही हैं। लेकिन नुकसान की भरपाई करना बेहद कठिन है। इनफिनिटी एडवर्टाइजिंग दिल्ली एनसीआर में एक एडवर्टाइजिंग की जानी मानी संस्था है। जो विगत 23 साल से देश की कुछ प्रसिद्ध कम्पनीओं के साथ काम कर रही है। प्रिंटस्मिथ इसकी प्रिटिंग डिविजन है और प्रिटिंग जगत में एक जाना माना नाम है। कम्पनी के प्रबंधको ने इस घटना पर दु:ख व्यक्त किया है।

### छात्रा सृष्टि ने बांटे स्कूल में पक्षियों के लिए सकोरे



मदर्स डे पर सकोरे देती सृष्टि।

**फरीदाबाद।** हम सभी को अपने घरों की छतों पर पक्षियों के पीने के पानी के लिए सकोरे रखने चाहिए। जीवन मे शिक्षा का जितना महत्व है उतना ही सामाजिक जीवन मे भी शिक्षा का महत्व है। सामाजिक क्षेत्र में बड़ो की साथ यदि छोटे बच्चे भी जुड़े तो ओर भी अच्छा लगता है। आज हम बात कर रहे हैं डीसी मॉडल सीनियर स्कूल सेक्टर 9 फरीदाबाद हरियाणा की छात्रा सृष्टि गुलाटी की। सृष्टि गुलाटी आज किसी नाम की मोहताज नही है, इनके द्वारा किये हुए नेक कार्यो को सभी जानते हैं। स्कूल के प्रांगण में मदर्स डे मनाया जा रहा है। मदर्स डे के उपलक्ष्य में नन्ही सृष्टि गुलाटी द्वारा डीसी मॉडल. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अपनी शिक्षिकाओं ओर अभिभावकों को पक्षियों के सकोरे बाटे गए। सृष्टि गुलाटी स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा है ओर निरन्तर इस प्रकार के सामाजिक कार्य करती रहती हैं। सबसे पहले सृष्टि द्वारा अपनी प्रथम शिक्षिका रीना भटनागर को सकोरा प्रदान किया गया।

### रोजगार के अवसर विषय पर वेबिनार हुई आयोजित



वेबिनार में भाग लेते विद्यार्थी।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के सांइस विभाग द्वारा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय एनआइटी फरीदाबाद-5 के सांइस विषय की 10वीं 11वीं एवं 12वीं कक्षा की छात्राओं को उच्चतर शिक्षा के लिए साइंस विषय को अपनाने के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में तीनों कक्षाओं की 170 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें केमिस्ट्री विषय की सहायक प्रोफेसर मोनिका ने छात्राओं को सांइस में रोजगार के अवसरों से अवगत कराया। प्राचार्या डा. सुनिधि ने कहा कि छात्राओं को उच्चतर शिक्षा के लिए विषयो की समझ नहीं होती है, जिससे उन्हे अपनी पसंद एव योग्यता अनुसार विषय का चयन करने में परेशानी होती है, लेकिन इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को समय रहते अपनी दिशा निधार्रित करने का अवसर मिल जाता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान से ही देश व समाज की तरक्की संभव है। इसलिए इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की कोई कमी नहीं है, लेकिन जीवन में कामयाबी के लिए मेहनत करना जरूरी है। इस मौके पर डा. नेहा अग्रवाल, डा. वर्षा शर्मा, पूनम शर्मा , चंचल शर्मा व अनुज मौजूद रहे।

### विश्व एथलेटिक्स दिवस पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया एमबीएल स्कूल अटाली में विश्व एथलेटिक्स दिवस पर जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे सभी खेलों के खिलाड़ियों को खेलों से संबंधित जानकारी प्रदान की और खिलाड़ियों को अपने सही आयु वर्ग में खेलने के लिए समझाया। स्पोर्टस इंजरी और खानपान की विस्तृत जानकारी दी। स्कूल के चेयरमैन सुभाष चौधरी ने सभी खिलाड़ियों को समझाया कि आप अपने आयु वर्ग में ही खेलों में भाग लें। गलत आयु वर्ग में खेलने से खिलाडी का शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से नुकसान होता है। स्कूल निर्देशक मुकेश कुमार ने बताया कि स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा शीतल भाटी ने भुवनेश्वर में हुई वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक विजेता बनकर जिले और राज्य का नाम रौशन किया है। प्रिंसिपल महेश कुमार ने बताया कि एमबीएल स्कूल खेल के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बना रहा।



वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक विजेता शीतल भाटी का सम्मान करते हुए मुकेश कुमार और महेश कुमार।

### राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में दस मई तक दाखिले

**फरीदाबाद।** प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस से परेशान अभिभावक अब अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करा रहे हैं। इसको देखते हुए शिक्षा विभाग ने अब सभी मॉडल संस्कृति विद्यालयों में नए दाखिले कराने की तारीख 10 मई तक बढ़ा दी है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने अभिभावकों से कहा है कि वे इसका फायदा उठाएं और अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करायें। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने सरकारी स्कूलों के सभी प्रिंसिपल व हेड मास्टर से अपील की है कि वे सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने वाले सभी बच्चों का दाखिला प्राथमिकता के आधार पर करें। कागजी कार्रवाई में अगर कोई कमी है तो उसे व्यक्तिगत रुचि लेकर स्वयं दूर कराएं। देखा गया है कि कई स्कूलों में अभिभावकों को अपने बच्चों का दाखिला कराने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उनके कई चक्कर लगवाए जाते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह भी ध्यान रखा जाए कि पिछले शिक्षा सत्र 2021-22 में जितने बच्चे प्रत्येक क्लास में पढ़ाई कर रहे थे वे सभी आगे की क्लास में जरूर पढ़ाई करने के लिए आएं। एक भी छात्र ड्रॉपआउट ना रहे।

# कैसरगंज सांसद ने दी मनसे प्रमुख को खुली चुनौती

संवाददाता। गोंडा

**महाराष्ट्र नवनिर्माण** सेना प्रमुख राज ठाकरे के 5 जून को अयोध्या के प्रस्तावित दौरे से पहले अवध क्षेत्र की सियासत गर्म हो गई है। कैसरगंज से भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने राज ठाकरे को अयोध्या की सीमा में नहीं घुसने देने की चुनौती दे डाली है।

सांसद श्री ने कहा है कि महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों का अपमान करने वाले व उन्हें अपराधी कहने वाले मनसे प्रमुख राज ठाकरे को लखनऊ एअरपोर्ट से आगे नहीं जाने देंगे। उन्होंने कहा कि राज ठाकरे को यदि अयोध्या आना है तो पहले उन्हें उत्तर भारतीय समाज से माफी मांगनी होगी। इसके बाद ही उन्हें रामलला का दर्शन करने दिया जायेगा। वहीं मनसे प्रमुख के अयोध्या दौरे से पहले ही गोंडा व अयोध्या समेत आसपास के कई जिलों में राज ठाकरे वापस जाओ के पोस्टर भी लगाए गए हैं। बीजेपी सांसद ने राज ठाकरे के आगमन को



कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

रोकने के लिए योजना बैठक शुरू कर दी है। इसीक्रम में करनैलगंज के ग्राम बसेरिया में आयोजित योजना बैठक में सांसद ने लोगों को राज ठाकरे को अयोध्या की सीमा के बाहर रोकने की शपथ दिलाई। सांसद ने राज ठाकरे की तुलना कालनेमि राक्षस से करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले तक मोदी व योगी के खिलाफ बयानबाजी करने वाले का हृदय परिवर्तन हो गया है और वह वेष बदलकर कालनेमि बनकर रामलला का दर्शन करने आ रहा है। उसे रोकने के लिए पूरा उत्तर भारतीय समाज तैयार है। अयोध्या आना है तो राज ठाकरे को पहले उत्तर भारतीय समाज से माफी मांगनी होगी। बीजेपी सांसद के इस बयान ने राजनीतिक सरगर्मियां तेज कर दी हैं। कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक के बाद एक कई ट्वीट करते हुए राज ठाकरे पर हमला बोला। सांसद श्री सिंह ने अपने एक ट्वीट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी आग्रह किया था कि जब तक राज ठाकरे उत्तर भारतीयों से माफी नहीं मांग लेते, तब तक मुख्यमंत्री को श्री ठाकरे से नही मिलना चाहिए। भाजपा सांसद ने राज ठाकरे के खिलाफ ऐसे समय पर मोर्चा खोला है जब मनसे प्रमुख ने हाल ही में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाने के लिए योगी सरकार की तारीफ की है। महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर विवाद को जन्म देने वाले राज ठाकरे से भाजपा की नजदीकी बढ़ने की चर्चा है। हालांकि उत्तर भारतीयों को लेकर मनसे और राज ठाकरे का स्टैंड जगजाहिर है। जिसकी वजह से भाजपा उन्हें साथ लेने में कतराती रही है।



मातृ दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ करतीं डाक अधीक्षक किरन सिंह

## फुलवारी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का हुआ आयोजन

**गोंडा।** शनिवार को फुलवारी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि किरन सिंह और वर्षा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। जिसमे फुलवारी के फूलों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान स्कूल की प्रबंधिका श्रीमती नीता सिंह, उपप्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा, स्कूल समन्वयक सौम्या द्विवेदी, ज्योति चौरसिया, ज्ञानेंद्र सिंह, हर्षित सिंह, आलोक द्विवेदी, दिव्या सिंह, चांदनी दुबे, निशी मिश्रा, आशीष रुम्बा, श्वेता सिंह, दिनेश सोनी, संगीता शुक्ला, अंकिता श्रीवास्तव, अनुष्का शुक्ला, अंजली ओझा व सूर्यकांत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# समयबद्ध व पारदर्शिता पूर्वक निस्तारित हों शिकायतें: डीएम

संवाददाता। गोंडा

**शनिवार को** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद की चारों तहसीलों में हुआ। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में हुआ जहां पर उन्होंने विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के साथ जन शिकायतें सुनीं तथा उनका निस्तारण किया।

विधायक सदर ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसामान्य की शिकायतों को जांच अधिकारी निष्पक्षता के साथ निपटाएं, जिससे शिकायतों का सही व संतोषजनक निस्तारण हो सके। उन्होंने इस दौरान फरियाद लेकर आए हुए कई फरियादियों को सरकार की उपयोगी योजनाओं की जानकारी भी दी। शिकायतों के निस्तारण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त शिकायतों पर सम्बन्धित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर दोनों पक्षों की बातें सुनकर शिकायत का निस्तारण करें जिससे एक ही शिकायत बार-बार न आए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 168 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही पट्टा पाने वाले लाभार्थियों को पट्टा प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया तथा तहसील परिसर में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, माननीय विधायक के द्वारा पौधा लगाया गया इसके साथ ही तहसील परिसर में ही प्याऊ का उद्घाटन भी किया गया।

इस अवसर पर सम्पूर्ण समाधान में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, एसडीएम विनोद सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर.एस केसरी, डीएफओ वन विभाग, डीसी एनआरएलएम, सीओ सिटी लक्ष्मीकान्त गौतम, तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रवीन्द्र सिंह राठौर, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व फरियादी उपस्थित रहे।

# रंजिश में पहलवान की हत्या

भाषा। जौनपुर

**जौनपुर जिले** के गौराबादशाहपुर क्षेत्र में शुक्रवार रात पुरानी रंजिश को लेकर एक युवा पहलवान की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात से नाराज ग्रामीणों ने रास्ता जाम कर एक सरकारी एंबुलेंस को आग लगा दिया और पथराव कर पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर दीं। लोगों को हिंसा के लिए उकसाने के आरोप में एक ग्राम प्रधान समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बताया कि धर्मापुर ठकुरची गांव का निवासी युवा पहलवान बादल यादव (21) अपने साथी अंकित यादव (25) के साथ आखाड़े से लौट रहा

### ● नाराज भीड़ ने किया पुलिस वाहनों पर पथराव

था, इसी बीच पहले से घात लगाकर बैठे बदमाशों ने उन दोनों पर चाकुओं से हमला कर दिया और ताबड़तोड़ कई वार करने के बाद फरार हो गए।उन्होंने बताया कि आसपास के लोग घायलों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने बादल को मृत घोषित कर दिया जबकि अंकित की नाजुक हालत को देखते हुए उसे वाराणसी रेफर कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पचहटिया स्थित प्रसाद तिराहे पर रास्ता जाम करके सरकारी एबुलेंस को आग लगा दिया और पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया, जिससे उनके शीशे चकनाचूर हो गए। हालांकि इस घटना में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ है। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने बताया कि घटना में मारा गया युवक, घायल और हमलावर नौजवान दोस्त थे। उन्होंने बताया कि वारदात में घायल युवक और एक अन्य को पुलिस ने हिरासत में लिया है।साहनी ने बताया कि पथराव और आगजनी के आरोप में स्थानीय ग्राम प्रधान जयहिंद यादव और तीन अन्य को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या के पीछे रंजिश को कारण बताया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व अखाड़े पर बादल और अंकित का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। जिसके चलते आज यह वारदात हुई है।

# सिरफिरे युवक ने विधवा से दुष्कर्म किया, गिरफ्तार

भाषा । श्रावस्ती

**उत्तर प्रदेश** के श्रावस्ती जिले के सोनवा थाना क्षेत्र के एक गांव में चालीस वर्षीया विधवा महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने तथा इसके बाद उसकी आंखें फोड़ देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सोनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विधवा के साथ शुक्रवार को गांव के ही एक सिरफिरे युवक ने कथित रूप से दुष्कर्म किया तथा बाद में महिला के चेहरे व सिर पर चोटें पहुंचाई।

उन्होंने बताया कि चोट के कारण महिला अपनी आंखों से देख नहीं पा रही है और पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि पीड़ित महिला अपने घर से करीब 200 मीटर दूर एक घर से खाना लेने गई थी और वहां रह रहे युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि युवक ने महिला के साथ मारपीट की है जिससे उसकी आंखों व सिर पर चोटें आई हैं।मौर्य ने बताया कि आसपास के लोगों के अनुसार दुष्कर्मी सिरफिरे हमलावर युवक की दिमागी हालत खराब है और पुलिस ने दुष्कर्म व अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर इलाज हेतु शुक्रवार देर रात बहराइच मेडिकल कालेज रेफर किया गया। पीड़िता की आंख का इलाज बहराइच में भी संभव नहीं था इसलिए शनिवार को उसे लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कालेज भेजा गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

भाषा। बदायूं

बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से एक युवक ने कथित रूप से दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बालिका शुक्रवार देर शाम कुछ बच्चों के साथ अपने घर के सामने खंडहरनुमा मकान में खेल रही थी, तभी गांव का ही रहने वाला युवक अमित (20) दीवार कूदकर अंदर घुस आया। पुलिस के अनुसार, अमित को देखकर अन्य बच्चे भाग गए। लेकिन आरोपी ने बालिका को पकड़ लिया और उससे कथित दुष्कर्म किया। बच्चों की सूचना पर बालिका का भाई मौके पर पहुंचा और उसने आरोपी को बहन को पकड़े हुए देखकर शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और भागने का प्रयास कर रहे आरोपी को पकड़ कर पीटते हुए थाने ले गए और उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्र सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# थरवई हत्याकांड में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई

भाषा। प्रयागराज

**प्रदेश** के प्रयागराज जिले के गंगापार थरवई थाना क्षेत्र के खेवराजपुर गांव में 22 अप्रैल की रात एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या के मामले में एफएसएल भेजे गए वेजाइनल स्लाइड और स्वाब की रिपोर्ट में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि खेवराजपुर गांव में पिछले पांच लोगों की हत्या में महिलाओं के वेजाइनल स्लाइड और स्वाब की रिपोर्ट आ गई है जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल की रात खेवराजपुर में राजकुमार यादव (55 वर्ष), राजकुमार की बेटी मनीषा (25 वर्ष), राजकुमार की पत्नी कुसुम (50 वर्ष), राजकुमार की बहू सविता (30 वर्ष) और राजकुमार की नातिन की हत्या कर दी गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पूछताछ में यह बात कबूली थी कि उन्होंने महिलाओं के साथ दुराचार किया था और उसी दिशा में एफएसएल की रिपोर्ट में मानव वीर्य पाया गया है और दुराचार की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि इसी रिपोर्ट के आधार पर सुसंगत धाराएं 376डी जोड़ी गई है, साथ ही 396, और 120बी की धारा लगाई गई है। आगजनी को लेकर 436 की धारा लगाई गई है। अब जेल में बंद आरोपियों के रक्त के नमूने लिए जाएंगे और उनके डीएनए का वैजाइनल स्लाइड के डीएनए से मिलान किया जाएगा और अकाट्य सबूत हासिल किया जाएगा जिससे उन्हें कठोर से कठोर सजा दिलाई जा सके। उल्लेखनीय है कि इस हत्याकांड के लिए पुलिस की सात टीमें लगाई गई थीं और पिछले मंगलवार की भोर में पुलिस की टीमों ने इस हत्याकांड में शामिल गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया।

# मोदी-योगी पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में सपा नेता सहित तीन पर मामला दर्ज

भाषा। बदायूं

**समाजवादी पार्टी** के एक पदाधिकारी और दो अन्य के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का मामला दर्ज किया गया है।पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रवीण सिंह चौहान ने शनिवार को बताया कि जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र निवासी अनूप सिंह की शिकायत के आधार पर सोमेंद्र यादव व दो अन्य के खिलाफ शुक्रवार देर रात भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने दर्ज कराई गई शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि शुक्रवार को कुछ ठेकेदारों की बैठक हो रही थी और ठेकेदारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा चल रही थी, इसी दौरान कुछ ठेकेदारों ने राजनीतिक चर्चा शुरू कर दी और धारा 370 हटाने ,राम मंदिर निर्माण के साथ-साथ भाजपा और सपा सरकारों के बीच तुलना शुरू कर

### ● शिकायत में कहा गया है कि जब अनूप सिंह ने आपत्ति की तो सोमेंद्र के दो सहयोगी भी उसके समर्थन में आ गए

दी। जैसे ही बैठक में किसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की,सपा की जिला इकाई के सचिव सोमेंद्र यादव ने प्रधानमंत्री और उप्र के मुख्यमंत्री के लिए अभद्र और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है कि जब अनूप सिंह ने आपत्ति की तो सोमेंद्र के दो सहयोगी भी सोमेंद्र के समर्थन में आ गए। एसपी चौहान ने बताया अनूप सिंह ने सिविल लाइंस थाने पहुंच कर सोमेंद्र यादव व उनके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ तहरीर दी जिस पर पुलिस ने शुक्रवार रात सपा के जिला सचिव सोमेंद्र यादव और और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भारत की नींव मजबूत करने के लिए किसानों और मजदूरों के सहयोग की जरूरत: वीके सिंह

भाषा। मेरठ

**केंद्रीय परिवहन** राज्य मंत्री जनरल वी के सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत की नींव मजबूत करने के लिए किसानों और मजदूरों के सहयोग की जरूरत है। शनिवार को मेरठ के शताब्दी नगर स्थित माधव कुंज में आयोजित भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ के 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित अधिवेशन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत की नींव मजबूत करने के लिए किसान और मजदूर के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश आगे बढ़ रहा है और लगातार आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, आने वाले समय में जनता के सामने बदलते भारत की तस्वीर होगी। सिंह ने आगे कहा कि हमारे देश में प्रगतिपूर्ण निर्माण कार्य तीव्र एवं निर्बाध गति से चलता रहे इसके लिए हमारे मजदूर भाइयों के हितों का रक्षण अत्यावश्यक है। उन्होंने मजदूरों के लिए चलाई जा रही की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार को मजदूरों और उनके हितों की चिंता है। उन्होंने मजदूर संघ के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार मजदूरों और उनके उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेगी। कार्यक्रम को परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने भी संबोधित किया।

## हम सभी को अपनी पुरानी संस्कृति को जिंदा करना चाहिए : आरिफ मोहम्मद खान

**शाहजहांपुर (भाषा)।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को जिले के कलान कस्बे में एक स्कूल का उद्घाटन किया और सभी को अपनी पुरानी संस्कृति को पुनर्जीवित करने की जरूरत पर जोर दिया। शाहजहांपुर जिले के कलान कस्बे में एक विद्यालय का उद्घाटन करने के बाद खान ने कहा कि हम सभी को अपनी पुरानी संस्कृति को जिंदा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुरानी संस्कृति को जिंदा करना है इसलिए नहीं कि हमें पीछे की तरफ जाना है, बल्कि इसलिए कि हमें सनातन सिद्धांतों को वापस लाना है। खान ने कहा कि यह शिक्षा के बिना संभव नहीं है। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के कथन को उद्धत करते हुए कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति है और जिसके पास विनम्रता होती है उसे कोई भी व्यक्ति नीचा नहीं दिखा सकता। इस मौके पर जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक एस आनंद तथा क्षेत्रीय विधायक हरि प्रकाश वर्मा भी मौजूद रहे।

# मंत्री अरुण कुमार सक्सेना का हुआ स्वागत व अभिनंदन

### ● कायस्थ समाज और चिकित्सकों ने किया भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शनिवार को** प्रतापगढ़ के मालती इंटरमीडिएट कॉलेज प्रांगण में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ अरुण कुमार सक्सेना का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि कायस्थ समाज को कभी भी मेरी जरूरत पड़े तो वह मुझसे किसी भी समय मिल सकते हैं। कायस्थ समाज के उत्थान के लिए मैं हर संभव प्रयास करता रहूंगा उन्होंने यहाँ के चिकित्सा वर्ग द्वारा मिले सम्मान से भी काफी प्रसन्नता जताते हुए कहा कि मैं भी एक चिकित्सक हूं और चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने वाले हर चिकित्सक के लिए मेरे दिल में बहुत सम्मान है। इस समारोह में डॉ अरुण कुमार सक्सेना बतौर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय श्रीवास्तव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रदेश राष्ट्रीय सचिव ने शिरकत की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष गोकुल नाथ श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और मोमेंटो के साथ माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया स्वागत करने वालों में डॉ अतुल श्रीवास्तव, डॉ रवि श्रीवास्तव, डॉ अविनाश श्रीवास्तव, शिशिर खरे,



डॉ राजीव श्रीवास्तव, डॉ क्षितिज श्रीवास्तव, डॉ विनय कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार संजय श्रीवास्तव, जय प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार खरे, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव सारिका श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, जिला अध्यक्ष भाजपा हरिओम मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष स्वामी नाथ शुक्ल, महामंत्री आशीष श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# गरीबों के भक्षक बन गए हैं लेखपाल, बिना नजराना लिए नहीं लगाते अपनी रिपोर्ट

संवाददाता। फतेहपुर

**भले ही** शासन-प्रशासन अंत्योदय का सपना साकार करने की कोशिश में लगा हो लेकिन उसके मातहत कर्मचारी ही व्यवस्थाओं को पलीता लगाए हुए हैं। लाख प्रयासों के बावजूद छोटे-छोटे मामलों का भी निराकरण राजस्व कर्मियों एवं स्थानीय पुलिस के माध्यम से नहीं हो पा रहा है। अपनी समस्याएं एवं शिकायतें लेकर जाने वाले लोग अवैध वसूली का शिकार हो रहे हैं। शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं मिलने वाले लाभों को पाने के लिए लेखपालों की लगने वाली रिपोर्टें बिना चौथ लिए नहीं लग पा रही है। पैसा न देने वाले लोगों को परेशान किया जाता है। उनकी रिपोर्टें गलत लगा दी जाती हैं। ऐसे अनगिनत मामले हर दिन सामने आ रहे हैं। नगरीय विकास अभिकरण

### ● शासकीय योजनाओं से लेकरअन्य लाभों के आवेदनों पर मनमानी रिपोर्ट लगाने का आरोप

(डूडा) से मिलने वाले शहरी आवास के लिए आवेदनकर्ताओं की रिपोर्टें में लेखपाल मनमानी करते हैं। शहर के मुराइनटोला में संबंधित लेखपाल द्वारा 46 लोगों की जांच रिपोर्टों में 32 लोगों की रिपोर्ट यह लगाकर ही पूरी कर दी कि वह मिले ही नहीं। जिसके चलते उनके आवेदन निरस्त हो गए और अब यह गरीब दर-दर की ठोकरें खाते घूम रहे हैं। ऐसे बेलगाम एवं घूसखोर लेखपालों पर आखिर कार्रवाई करेगा कौन।

जनपद में जिला स्तर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के पास शिकायतों में बड़ी संख्या में राजस्व के मामलों की शिकायतें पहुंचती हैं। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत में बताता है कि वह तहसील तथा थाने गए लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की गई। हकीकत यह है कि सुनवाई उन्हीं लोगों की स्थानीय स्तर पर नहीं हो पा रही जो संबंधित कर्मियों को नजराना नहीं दे रहे हैं। जबकि थाना दिवसों के दौरान अधिकारी समन्वय बनाकर राजस्व के मामलों के निपटाने के आदेश देते आ रहे हैं। छोटे-छोटे मामलों को गंभीरता से न लेने के चलते यही बड़े अपराध का कारण बनते हैं। तो गरीब अपनी समस्या के निराकरण को लेकर अफसरों की चौखटों तक दर-दर की ठोकरें खाता घूमता है। बात चाहे सरकारी योजनाओं के लाभ लेने की हो या फिर छात्रवृत्ति से लेकर पेंशन आदि के आवेदनों पर लगने वाली लेखपालों की रिपोर्टों की हो। बिना पैसे लिए लेखपालों की कलम चलती ही नहीं। पैसे न देने वाले अपात्रता की श्रेणी में आ जाते हैं और अपात्र धनबल से पात्र हो जाते हैं।ऐसा ही एक मामला शहर क्षेत्र का सामने आया है जिसमें डूडा से मिलने वाली कॉलोनी के लिए कई आवेदक सालों से चक्कर काट रहे हैं। हाल ही में एक रिपोर्ट शहर क्षेत्र के मुराइन टोला लेखपाल द्वारा जो लगाई गई है उसमें क्रमांक 4527 से 4550 के बीच के रहने वाले अभ्यर्थी मुराइन टोला के हैं इन 23 लोगों में लेखपाल ने 16 लोगों पर यह रिपोर्ट लगा दी कि वह मिले ही नहीं। इसी तरह उत्तरी मुराइन टोला के क्रमांक 6974 से 6997 के बीच अन्य 23 आवेदकों में 16 पर रिपोर्टें में भी न मिलने की बात लिख दी गई है जबकि यह पीढ़ी दर पीढ़ी यहां रहते आ रहे हैं। किसी की रिपोर्ट पर सरकारी जमीन पर घर तो किसी के पक्के मकान की रिपोर्ट लगाकर दी गई है। अब गरीब रिपोर्ट ठीक कराने के लिए दौड़ रहे हैं।

# गंगा नदी में डूबने से चार किशोरों की मौत

भाषा। उन्नाव

**उन्नाव जिले** में शुक्रवार को गंगा नदी में नहाते समय डूबने से चार किशोरों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने बताया कि कानपुर के श्यामनगर निवासी अर्सलान अंसारी (17), अपने साथियों आकिद (16), अयाज (17), रेहान (17), हमजा (15), शाहिद (13) और मोहम्मद जैद (14) के साथ कानपुर नगर क्षेत्र में गंगा नदी में नहाने आए थे। उन्होंने बताया कि नहाते समय गहरे पानी में जाने से सातों डूबने लगे। उन्होंने बताया कि बच्चों को डूबते देख तट पर मौजूद गोताखोरों ने गंगा में कूदकर उनकी खोजबीन की। सात बच्चों के डूबने की सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस और कानपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान गोताखोरों ने जैद, शाहिद और हमजा को सकुशल बाहर निकाल लिया। सिंह ने बताया कि गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद अर्सलान, आकिद, अयाज और रेहान के शव बाहर निकाले। उन्होंने बताया कि जिस जगह घटना हुई वह कानपुर नगर क्षेत्र में आती है इसलिए, सभी शव आगे की विधिक कार्वाई के लिए, कानपुर पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

## भिक्षा मांगने वाले बुजुर्ग साधु की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी (भाषा)।** जिले के थाना सतरिख क्षेत्र के ग्राम मल्लाहपुरवा में भिक्षा मांगने वाले एक साधु की युवक ने कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी जब्त कर ली। पुलिस ने बताया की जिला लखनऊ थाना चिनहट क्षेत्र के ग्राम दमरिया मजरे लवलई निवासी 60 वर्षीय रामचंद्र मल्लाह साधु था और घूम घूम कर भिक्षा मांगकर अपना पेट भरता था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की शाम जब वह गांव में घूम रहा था तभी गांव की एक महिला से कहासुनी के बाद विवाद हो गया, जिससे क्रुद्ध होकर पास में खड़े युवक आलोक निषाद ने साधु पर कुल्हाड़ी से प्रहार किया। घटना में साधु की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर नवीन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

## सड़क दुर्घटना में सीबीआई के हेड कांस्टेबल की मौत, पत्नी व तीन बच्चे घायल

**फिरोजाबाद (भाषा)।** लखनऊ के सीबीआई कार्यालय में तैनात एक हेड कांस्टेबल की वाहन दुर्घटना में मौत हो गई। आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शनिवार को सुबह हुई इस दुर्घटना में हेड कांस्टेबल की पत्नी और तीन बच्चे घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अखिलेश नारायण ने बताया कि इटावा जिले के बकेवर क्षेत्र के गांव आलियापुर निवासी 50 वर्षीय संजीव यादव लखनऊ की केंद्रीय बल कॉलोनी अलीगंज में रहते थे। वह दो दिन पूर्व अपने एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए बकेवर आए थे। शनिवार को सुबह लखनऊ लौटते समय उनकी कार आगरा - लखनऊएक्सप्रेस वे पर मार्ग विभाजक से टकरा गई, जिससे उनकी मौत हो गई। नारायण ने बताया कि यादव की पत्नी सुनीता और तीन बच्चों को घायल हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


## भय के आगे जीत है

भगवा सरकार की मुखिया के निर्देश के बाद इस समय सभी मंत्री जिलों के दौरे कर रहे हैं। उनको यह भी निर्देश हैं कि रात में सरकारी गेस्ट हाउस में ही रुकेंगे। यही निर्देश मंत्रियों पर भारी पड़ रहा है। भगवा सरकार में खेलकूद का जिम्मा संभालने वाले मंत्री जी इन दौरों के चक्कर में बुरा फंस गए। दरअसल मंत्री जी बुंदेलखंड एक जिले के दौरे पर थे। रात में वह सरकारी गेस्ट हाउस में रुके। सोते समय मंत्री जी को एक चूहे ने काट लिया। मंत्रीजी को लगा कि उन्हें सांप ने काट लिया है। इसकी जानकारी होते ही अफसरों के भी हाथ-पैर फूल गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सांप काटने की आशंका से भयभीत मंत्रीजी सुबह तक इलाज कराते रहे। करीब ढाई घंटे तक असपताल में चले उपचार के बाद इस बात की पुष्टि हुई कि सांप ने नहीं बल्कि मंत्रीजी को चूहे ने काटा है। यह पता चलने के बाद उनका भय दूर हुआ और जान में जान आई। मंत्रीजी ने अस्पताल से निकलते समय कहा कि अब वह यहां दौरे पर कभी नहीं आएंगे। हालांकि अब लोग चक्कलस कर रहे है कि दिन में मंत्रीजी के उटपटांग सवालों से क्षुब्ध होकर कुछ अफसरों ने ही रात में मंत्री जी के कमरे में जान बूझकर किसी कर्मचारी से चूहा छुड़वा दिया जिसने सोते समय मंत्री को काट लिया।



## मंत्री जी की परेशानी

जिन्दगी में पहली बार हल्दी लगी और छात्रनेता से प्रदेश सरकार में मंत्री बन गए। अब जिस विभाग की जिम्मेदारी मिली उसमें महाराज जी ने अपने हिसाब से अधिकारियो की तैनाती करा दी है। अब जिन अधिकारी महोदय को विभाग के प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी मिली है उनके बारे में हर कोई जानता है कि उन्हें रामायण और महाभारत के दोहे और चौपाईयां अच्छी तरह से कंठस्थ है और यही कारण है कि उन्हें आईएएस और पीसीएस अधिकरियों को प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन अब वह परिवहन विभाग की जिम्मेदारी उठाएंगे। अब साहब का जो स्वाभाव है उसके अनुसार विभाग में कोई तबादला उद्योग पुष्पित और पल्लवित नहीं हो पाएगा। जाहिर है कि अब मंत्री जी की परेशानी बढ़ गई है कि वह क्या करें। क्योंकि ट्रांसफर का सीजन निकाला जा रहा है और मंत्री जिलों के भ्रमण और रात्रि विश्राम में ही उलझे हुए हैं।




## क्रेडिट हथियाने की होड़

शहर की सफाई का जिम्मा संभालने वाले महकमे के एक बड़े अफसर सुविधा शुल्क लेने के मामले में काफी चर्चित हैं। चाहे प्रतिनिधि हो या अधिकारी सभी जानते हैं कि बिना साहब को चढ़ावा चढ़ाए के कुछ नहीं पास होने वाला है। आलम यह है कि भुगतान हो या कार्य, बिना साहब के आशीर्वाद के कुछ नहीं हो सकता। इससे शासन सत्ता की गलियों में भी साहब के टेरर की चर्चा आम हो गयी है। लेकिन अमीनाबाद की एक अवैध इमारत पर कार्रवाई से साहब की हनक बढ़ गयी है जबकि इस इमारत का ध्वस्तीकरण सत्ताधारी एक पार्षद के भागीरथ प्रयास का नतीजा है। एलडीए से लेकर शासन तक तक इस पार्षद ने गुहार लगायी जब जाकर ध्वस्तीकरण हो सका। इस दौरान पार्षद को धन का लालच और जान की धमकी भी दी गई लेकिन वह नहीं डरे। पार्षद के इस प्रयास का क्रेडिट अब

## चकल्लस वाली चौपाल

अपने संस्थान में एक चकल्लस वाले नेता जी हैं जो हर समय मोर्चा खोले रहते हैं। नेताजी की नजर में सब गलत हैं, सही है तो बस नेताजी। नेताजी परिसर में आने के बाद पता नहीं कितना समय छात्रों को देते होंगे, यह तो पता नहीं पर इतना जरूर है कि नेताजी का अड्डा चकल्लस वाली चौपाल है। जब चाहे तब ड्यूटी समय में नेताजी यहां जरूर दिख जाते हैं अपने सेनापति के साथ। अभी पिछले दिनों नेताजी ने एक चकल्लस वाली चौपाल लगाई। चौपाल में नेता जी ने ऑनलाइन उपस्थिति देने का विरोध किया। इसे आजादी में बाधक बताया। चौपाल में हद तो तब हो गई जब महामहिम की योग्यता पर ही प्रश्नचिन्ह उठा दिया गया। अब इसमें क्या कहा जाए डेमोक्रेसी है। जनता सरकार चुनती है। सरकार अपने हिसाब से विधायिका और कार्यपालिका पर नियंत्रण संवैधानिक व्यवस्था के आधार पर करती है। अब ऐसे में इसे चकल्लस वाली चौपाल न कहा जाए तो और क्या कहें।



## देख दिनन के फेर

कभी मिट्टी के खिलौनों से खेला करते थे आज बड़े-बड़े माफि याओं को शिकंजे में जकड़ रखने वाले विभाग के मंत्री हैं। मौजूदा हालात यह हैं कि बड़े-बड़े वर्दीधारी भी इस समय नेताजी को सलाम ठोंकते नजर आ रहे हैं। इसे तो बड़े महाराज की कृपा ही कहेंगे कि जो व्यक्ति पिछले वर्ष तक मिट्टी के खिलौनों व बर्तनों की खूबसूरती बढ़ा रहा वही आज काफी शक्तिशाली दिखाई दे रहा है। घर से कार्यालय तक ऊंचे-ऊंचे पदों पर बैठे वर्दी धारियों का जमावड़ा लगा हुआ है। बड़े-बड़े माफिया व अपराधी उसकी कैद में हैं। फिर भी पता नहीं क्यों नेता जी घबराए-घबराए से नजर आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है जैसे उन पर कोई बड़ा बोझ लाद दिया गया हो। शायद वह बड़े महाराज के द्वारा दिया गया इतना बड़ा विभाग संभाल नहीं पा रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने अपने सभी लड़कों को अपने साथ बुला लिया है। इशारों ही इशारों में सभी लड़कों से कह दिया है कि जब तक मैं मंत्री हूं तब तक तुम लोग मेरे साथ ही रहो और पूरा कामकाज देखो।

# पावर एक्सचेंज में 12 रुपए प्रति यूनिट से अधिक दर पर नहीं बिकेगी बिजली

- महंगी बिजली बेचने पर केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केंद्रीय** विद्युत नियामक आयोग की पूर्ण पीठ द्वारा बड़ा फैसला लेते हुए पावर एक्सचेंज के तहत 13 रुपए प्रति यूनिट से लेकर अधिकतम 17 रुपए प्रति यूनिट तक बिजली बेचने के मामले में रोक लगाते हुए पावर एक्सचेंज पर 12 रुपए प्रति यूनिट से अधिक दर पर कोई बिजली नहीं बेच पाएगा।

दरअसल पिछले दिनों भी आदेश हुआ था कि 12 रुपए प्रति यूनिट से महंगी बिजली नहीं बेची जाएगी लेकिन उसके बाद भी निजी सेक्टर की कुछ कंपनियां 17 रुपये प्रति यूनिट तक बिजली बेच रही थी। इसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने केंद्रीय नियामक आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। 1 अप्रैल के बाद भी 12 रुपए प्रति यूनिट बिजली बेची गई है। आपदा के दौरान कंपनियों ने अवसर तलाशा था। अब इस पर आयोग ने दो दिन के अंदर कंपनियों से जवाब मांगा है। कोयले की किल्लत के दौरान महंगी बिजली बेच का खेल बड़े पैमाने पर हुआ है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 29 अप्रैल को पूरा मामला केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग को भेजा गया। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग की पूर्ण पीठ द्वारा बड़ा फैसला लेते हुए पावर एक्सचेंज की टर्म अहेड मार्केट टीएएम के अन्तर्गत 13 से 17 रुपये प्रति यूनिट बिजली बेचने के मामले पर 2 दिन में रिपोर्ट तलब किया है। अब टर्म अहेड मार्केट टीएएम पर रुपए 12 प्रति यूनिट की सीलिंग लगा दी गई है। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी आदेश में विदेशी कोयला से चलने वाली उत्पादन ग्रहो की मेरिट आर्डर समरी के आधार पर यह विस्लेषण किया गया है की विदेशी कोयला से चलने वाली उत्पादन गृहों की बिजली की रेंज 7.30 रूपए प्रति यूनिट से 8.82 रूपए प्रति यूनिट के बीच आ रही है। ऐसे में यह कहना उचित होगा की विदेशी कोयला आधारित उत्पादन इकाइयो की बिजली की दर रुपया 9 प्रति यूनिट तक आ रही है। इसलिए विदेशी कोयला आधरित उत्पादन गृहो के लिए भी रुपया 12 प्रति यूनिट की सीलिंग पूरी तरह उचित है। जब पूरे देश में बिजली संकट है। ऐसे में केंद्र सरकार को देश में पावर क्राईसेस घोषित करते हुए पावर एक्सचेंज पर रुपया 6 प्रति यूनिट के ऊपर बिजली बेचने की नयी सीलिंग लगानी चाहिए। अभी यह 12 रूपए प्रति यूनिट की बिजली की सीलिंग भी बहुत ज्यादा है ।

## लखनऊ से बलिया के लिए वोल्वो पवनहंस बस सेवा शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिवहन** विभाग ने शनिवार को लखनऊ से बलिया के लिए पवनहंस लक्सरी वोल्वो बस सेवा प्रारम्भ कर दी है। इस वातानुकूलित वोल्वो बस का लखनऊ से बलिया तक का किराया 1065 रुपए है। यह जानकारी आलमबाग में तैनात रीजनल मैनेजर ने दी।

उन्होंने बताया कि यह बस सेवा लखनऊ के आलमबाग बस स्टैण्ड से प्रतिदिन रात्रि 10.30 से चलेगी। यह बस सेवा अयोध्या, आजमगढ़ होते हुए प्रात: 6 बजे बलिया पहुचेगी तथा इसी प्रकार रात्रि 9 बजे से प्रतिदिन बलिया से चलकर प्रात: 5 बजे लखनऊ पहुंचेगी। रीजनल मैनेजर ने बताया नागरिकों को बेहतर परिवहन उपलब्ध कराने के लिए जल्दी यह सुविधा प्रदेश के अन्य जनपदों के लिए भी शुरू की जायेगी।

# दाल का उत्पादन बढ़ाने के लिए तैयार की मुकम्मल कार्य योजना

- सरकार का पांच साल में उत्पादन 25.50 टन से बढ़ाकर 35.79 लाख टन करने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**खाद्यान्न** में रिकॉर्ड उत्पादन के बाद योगी सरकार अब खाद्यान्न सुरक्षा से एक कदम आगे पोषण सुरक्षा के बारे में सोच रही है। इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका दलहनी फसलों की होगी। इसके पीछे वजह है कि आम आदमी खासकर शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन का एकमात्र स्त्रोत दाल ही है। खपत की तुलना में पैदावार कम होने से अक्सर कुछ वर्षों के अंतराल पर दाल के दाम सुर्खियों में रहते हैं। ऐसा होने पर आम आदमी के थाल की दाल पतली हो जाती है, जबकि गरीब के थाल से तो गायब ही। ऐसा न हो इसके लिए योगी सरकार ने मुकम्मल कार्ययोजना तैयार की है। दरअसल इस योजना पर काम तो योगी सरकार के पहले कार्यकाल में ही शुरू हो गया था। नतीजतन 2016-17 से 2020-21 के दौरान दलहन का उत्पादन 23.94 मीट्रिक टन से बढ़कर 25.34 लाख मीट्रिक टन हो गया। इस दौरान प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 9.5 कुंतल से बढ़कर 10.65 कुंतल हो गई। यह प्रदेश की खपत का महज 45 फीसद है। योगी सरकार 02 ने इसके लिए पांच साल का जो लक्ष्य रखा है उसके अनुसार दलहन का रकबा बढ़ाकर 28.84 लाख हेक्टेयर करने का है। प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 12.41 कुंतल और उत्पादन 35.79 मीट्रिक टन करने का है।

**ऐसे हासिल होगा लक्ष्य:** उत्पादन में गुणवत्ता बीज की महत्ता को देखते हुए दलहन की विभिन्न फसलों की नयी प्रजातियों के प्रमाणित एवं आधारीय (फाउंडेशन) बीज का वितरण 28751 कुंतल से बढ़कर 82000 कुंतल किया जाएगा। ये बीज किसानों को अनुदानित दर पर दिए जाएंगे। दलहनी फसलों का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए अंत:फसली एवं जायद की फसलों में दलहनी (उर्द, मूंग) फसलों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। असमतल भूमि पर स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का प्रयोग करते हुये उत्पादन में वृद्धि, फरो एंड रिज तकनीक से खेती कर उत्पादन में वृद्धि और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी दी जाएगी।

**आत्मनिर्भरता से बच सकती है विदेशी मुद्रा:** भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल का उत्पादक, उपभोक्ता और आयातक है। सर्वाधिक आबादी के नाते इस उपभोग का सर्वाधिक हिस्सा यूपी का ही है। ऐसे में पूरी दुनिया के दाल उत्पादक देशों (कनाडा, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, टर्की और म्यानमार) की नजर न केवल भारत और उत्तर प्रदेश के पैदावार बल्कि छह महीने के भंडारण पर भी रहती है।

# ललितपुर व चंदौली मामले को लेकर आप का प्रदर्शन

- राजधानी में जिलाधिकारी कार्यालय पर दिया धरना मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**आम** आदमी पार्टी (आप) ने चंदौली और ललितपुर में पिछले दिनों हुई घटनाओं और यूपी में बढ़ रहे अपराध मामले को लेकर शनिवार को लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में विरोध-प्रदर्शन किया। लखनऊ जिलाधिकारी कार्यालय पर आम आदमी पार्टी का नेतृत्व कर रहे इंजीनियर अजय कुमार और आलोक सिंह ने अपने साथियों के साथ जमकर प्रदर्शन कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। दोपहर करीब 12 बजे आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय कैसरबाद पहुंच गए। यहां उन्होंने इकट्ठा होकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी विरोध प्रदर्शन किया, इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने यह तय किया है कि उत्तर प्रदेश में हो रही ऐसी घटनाओं पर हम शांत और चुप नहीं बैठ सकते। प्रदर्शनकारियों को नेतृत्व कर रहे इंजीनियर अजय कुमार ने कहा कि चंदौली और ललितपुर में सीधे-सीधे अपराध में शामिल पुलिसवालों की जांच खुद पुलिसवाले करेंगे तो न्याय मिलने में संदेह है। उन्होंने दोनों घटनाओं की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में सीबीआई से कराने की मांग की है। इसके साथ ही यूपी प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर प्रदेश भर में यूपी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सभी जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा गया। योगी सरकार पर हमला बोलते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि प्रयागराज की घटना याद दिलाई।

# जनता ने सपा को, सिस्टम ने भाजपा को जिताया: अखिलेश

- पूर्व मंत्री स्वर्गीय विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर शनिवार को पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय विनोद कुमार सिंह उर्फ पण्डित सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने स्वर्गीय पण्डित सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद संजय लाठर, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, स्वर्गीय पण्डित सिंह के भतीजे गोण्डा से पूर्व प्रत्याशी सूरज सिंह, पण्डित सिंह के अनुज महेश सिंह, नरेन्द्र सिंह पुत्र डॉ. अभिषेक सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि स्वर्गीय पण्डित सिंह समाजवादी पार्टी के बहादुर और समर्पित नेता थे।

## मोदी सरकार ने देश की जनता को धोखा दिया: प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश आउटरीच एंड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा है कि पांच राज्यों (पंजाब, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, मणिपुर और गोवा) में विधान सभा के चुनाव अभी हाल ही में सम्पन्न हुए, जिसमें 4 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। आज घरेलू गैस की कीमत 50 रुपये प्रति सिलेण्डर बढ़ा दी गयी है, और अब गैस सिलेण्डर की कीमत 1000 रुपये प्रति सिलेण्डर हो गयी है। पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार, डीजल 90 रुपये के पार और गैस सिलेण्डर 1000 रुपये प्रति सिलेण्डर करके माननीय मोदी जी ने देश की जनता को अच्छा जवाबी तोहफा दिया है और देश की जनता के साथ धोखा किया है। तिवारी ने आग्रह किया है कि तत्काल गैस सिलेण्डर की कीमत कम की जाय।

# यूपी पुलिस में एसआई की भर्ती के लिए टेंडर भरने की तारीख बढ़ी

- 20 मई के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नाति बोर्ड लखनऊ ने यूपी पुलिस में एसआई व एएसआई की नई भर्ती के लिए चल रही टेंडर प्रक्रिया में निविदा जमा कराने की तारीख 20 मई तक बढ़ा दी है। अब संबंधित एजेंसियां 20 मई तक यूपी पुलिस में एसआई, एएसआई की नई भर्ती के लिए टेंडर जमा करा सकती हैं। टेंडर भरने की डेट यदि दोबारा नहीं बढ़ी तो उम्मीद है कि 20 मई के बाद यूपी पुलिस एसआई भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड के नोटिस के अनुसार नई भर्ती में सब इंस्पेक्टर गोपनीय के 66 पदों, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के 143 पदों व असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर लेखा के 34 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। कंपनियों को 6 मई सुबह 10 बजे से 2 बजे के बीच बोर्ड कार्यालय में आकर अपनी निविदाएं पेश करने को कहा गया था जिसे अब 20 मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

बोर्ड ने कहा है कि कंपनियों की ओर से कई तरह के प्रश्न पूछे गए गए थे और समस्याएं बताई गई थीं। यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने इन सभी प्रश्नों के जवाब देते हुए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नया आरएफक्यू जारी किया है। यूपी पुलिस में नई एसआई व एएसआई भर्ती में परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड मोड सीबीटी से कराई जाएगी।

# युवाओं के कौशल को अब लगेंगे पंख

- आईटीआई होंगे हाईटेक 10 हजार युवाओं को मिलेगा आईटी में प्रशिक्षण व रोजगार

## देश की चार दिग्गज कंपनियों की मदद लेगी योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उद्योग** जगत में कुशल मानव संसाधन की जरूरतों को देखते हुए योगी सरकार अब निजी क्षेत्र का सहयोग लेगी जिससे प्रदेश के युवाओं के कौशल को नए पंख लगेंगे। देश की चार दिग्गज कंपनियों की मदद से सरकार बाजार की मांग के अनुसार युवाओं का कौशल निखारेगी। इसके लिए सरकार के व्यवसायिक शिक्षा विभाग ने कार्य योजना तैयार की है जिसके लिए वह टाटा टेक्नोलॉजीज, एचसीएल टेक्नोलोजीस, टेक मंहिद्रा, आईबीएम ऋचा जैसी निजी कंपनियों का सहयोग लेगी। इन उद्योगों की मदद घरेलू एवं वैश्विक जरूरतों का आकलन कर के युवाओं को उनके हिसाब से तैयार करने के लिए ली जा रही है ताकि शिक्षा के बाद रोजगार की समस्या को दूर किया जा सके।

मुख्यमंत्री की मंशानुसार आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार हो सकता है अगर छात्रों को उद्योगों द्वारा प्रशिक्षण देकर परिपक्व बनाया जाए। इसी पर काम करते हुए विभाग अपनी आगामी सौ दिवसीय योजना के अंतर्गत टाटा टैक्नोलॉजी के सहयोग से प्रदेश की 50 राजकीय आईटीआई का आधुनिकीकरण करने जा रहा है। जिससे आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग होगा। युवाओं के प्रशिक्षण के लिए आईटीआई में आधुनिक यंत्रों का इस्तेमाल होगा।

वहीं दूसरी तरफ आईटी सेक्टर के लिए युवाओं को घरेलू एवं अतंर्राष्ट्रीय बाजार के लिए तैयार किया जाएगा। विभाग द्वारा तैयार किए गए प्लान के अनुसार एचसीएल टेक्नॉलाजीस जैसी दिग्गज कंपनी के सहयोग से 10,000 युवाओं को आईटी सेक्टर में प्रशिक्षण व सुनिश्चित रोजगार दिया जाएगा। यही नहीं, ऑन जॉब ट्रेनिंग के दौरान छात्रों को मानदेय भी मिलेगा। हेल्थ सेक्टर पर भी योगी सरकार का खासा जोर है। योगी सरकार टेक महिंद्रा के सहयोग से हेल्थ सेक्टर के नए कोर्सेज में कस्टमाइज्ड ट्रेनिंग के लिए एक अनुबंध करेगी। इस प्रशिक्षण से युवाओं को प्रदेश की स्वास्थ सेवा में योगदान देने के साथ, किसी भी आपदा की घड़ी में लोगों की सेवा करने में सक्षम बनाया जाएगा। आईबीएम ऋचा के माध्यम से आईटी सेक्टर के नए रोजगार परक ट्रेड्स में प्रशिक्षण हेतु अनुबंध किया जाएगा जिससे युवाओं को नौकरी पाने में मदद मिलेगी।

## समाजवादी पार्टी ने चंपावत सीट से घोषित किया प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने उत्तराखण्ड विधानसभा उपचुनाव में चम्पावत विधानसभा क्षेत्र से मनोज कुमार भट्ट उर्फ ललित मोहन भट्ट को समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया है। वे 10 मई को अपना नामांकन करेंगे। इस उपचुनाव में 31 मई को मतदान होगा। मनोज कुमार भट्ट उर्फ ललित मोहन भट्ट पिथौरागढ़ से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वे टैक्सी यूनियन के नेता भी हैं। श्री भट्ट प्रारम्भ से ही समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे हैं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में भी सक्रिय योगदान करते रहे हैं। क्षेत्र में प्रतिष्ठित राजनेता के रूप में उनकी गिनती होती है।

## हज आवेदकों को राहत अब 10 मई तक दे सकते हैं अग्रिम राशि

**लखनऊ।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए हज यात्रा की अग्रिम धनराशि जमा करने की अंतिम तिथि 10 मई कर दी है। इससे पूर्व शुक्रवार को अग्रिम धनराशि जमा कर पासपोर्ट, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट आदि जरूरी दस्तावेज जमा करने के लिए राज्य हज समिति कार्यालय में सुबह से ही हज यात्रियों की भीड़ लगी रही। हज यात्रा के लिए अग्रिम धनराशि जमा करने की अंतिम तिथि 6 मई निर्धारित की थी। इतनी कम समय सीमा में बड़ी संख्या में हज यात्री अग्रिम धनराशि के साथ ही अपने दस्तावेज जमा करने से रह गये थे। हज यात्रियों की समस्याओं को देखते हुए हज कमेटी ने अंतिम तिथि बढ़ाते हुए 10 मई निर्धारित कर दी है। अंतिम तिथि से पूर्व अधिकांश हज यात्रियों ने अपनी एडवांस धनराशि जमा करने के साथ ही जरूरी दस्तावेज समिति कार्यालय में जमा किये। हज यात्रियों की भीड़ समिति कार्यालय में सुबह से ही लगी रही और देर शाम तक समिति अधिकारियों ने हज यात्रियों के दस्तावेज जमा किये।

# डीजल-पेट्रोल पर लागू राज्य कर देश के अन्य बड़े राज्यों की तुलना में कम

- अप्रैल 2021 के सापेक्ष अप्रैल 2022 में 1657.61 करोड़ रूपए अधिक राजस्व प्राप्त हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** सरकार के खजाने में बढ़ोत्तरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के अप्रैल में कुल 12854.10 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वर्ष 2021-22 के अप्रैल में 11196.49 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार अप्रैल 2021 की तुलना में अप्रैल 2022 में 1657.61 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत अप्रैल में कुल 5894.56 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि अप्रैल 2021 में प्राप्ति 5157.11 करोड़ थी। वैट के अन्तर्गत अप्रैल 2022 में 956.63 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि अप्रैल 2021 में प्राप्ति 826.53 करोड़ थी। आबकारी के अन्तर्गत अप्रैल में कुल 3153.32 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि अप्रैल 2021 में प्राप्ति 3240.77 करोड़ रूपए थी। श्री खन्ना ने बताया कि स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत अप्रैल की राजस्व प्राप्ति 1911.23 करोड़ है जबकि अप्रैल 2021 में प्राप्ति 1218.39 करोड़ थी। परिवहन के अन्तर्गत अप्रैलए की राजस्व प्राप्ति 734.89 करोड़ है अप्रैल 2021 में प्राप्ति 553.95 करोड़ थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत अप्रैल में प्राप्ति 203. 47 करोड़ है जबकि अप्रैल 2021 में प्राप्ति 199.74 करोड़ थी।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में डीजल एवं पेट्रोल पर लागू राज्य कर देश के अन्य बड़े राज्यों की तुलना में कम है। 6 मई को उत्तर प्रदेश में डीजल पर लगने वाला राज्य कर 13.79 रुपए प्रति लीटर के साथ डीजल का उपभोक्ता मूल्य 96.81 रुपए प्रति लीटर है।

जि.पं. की दूसरी बार बोर्ड बैठक निरस्त

# नाराजगी और हंगामे की भेंट चढ़ी बोर्ड बैठक

● सांसद, विधायकों ने जिला पंचायत जनप्रतिनिधि पर लगाया आरोप

संवाददाता। सीतापुर





**जिला पंचायत सीतापुर** की दूसरी बोर्ड बैठक में आखिर वही हुआ जिसका आभास पहली बैठक के कोरम न पूरा होने पर रद्द होने के बाद से होने लगा था। जिला पंचायत सीतापुर की दूसरी बोर्ड बैठक आपसी नाराजगी और हंगामे की भेंट चढ़ गई। मीडिया पर पाबंदी लगाकर और जिला पंचायत के नेहरू हॉल को लॉक करके अंदर तकरीबन दो घंटे तक आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। फिर भी वह सब कुछ बाहर आ ही गया जिसके डर से मीडिया को पुलिस के जरिए अंदर जाने से राका गया। जिला पंचायत अध्यक्षा श्रद्धा सागर के श्वसुर व प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। सदस्यों ने उनके व्यवहार पर भी सवाल खड़े गए। यहां तक कि धमकाने के गंभीर आरोप जड़े। सांसद और विधायकों ने खुलकर भले अपने इरादे जाहिर नहीं किए लेकिन उनकी बातों में छिपी शिव कुमार गुप्ता के प्रति नाराजगी साफ झलकी। हंगामेदार सदन शर्मशार करने वाला पहलू यह रहा कि अफसरों और जनप्रतिनिधियों के सामने कई ऐसी टिप्पणियां उछाली गई जिसे मर्यादित कतई नहीं कहा जा सकता। दरअसल, शिव कुमार गुप्ता पर इस तरह के आरोप पहली बार नहीं लगे हैं। अवसरवादी नेता की पहचान रखने वाले शिव कुमार गुप्ता किस तरह की सियासत करते हैं यह किसी से छिपा नहीं है। बसपा और सपा सरकार में सत्ता की मलाई का स्वाद चखने के बाद अब शिव कुमार गुप्ता न सिर्फ भाजपाई हो गए बल्कि अपनी बहू श्रद्धा सागर को जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर आसीन करा दिया। मगर एक साल भी नहीं बीता और शिव कुमार गुप्ता पर उन्हीं सदस्यों ने गंभीर आरोप लगाने शुरू कर दिए जिन्होंने उनकी बहू को इस कुर्सी पर बिठाया था। सबसे ज्यादा नाराजगी भ्रष्टाचार और मनमानी को लेकर नजर आई। सदस्यों का कहना है कि अध्यक्ष की चलती नहीं है। आरोप यह भी हैं कि उनके ससुर शिव कुमार गुप्ता आखिर किस हैसियत से जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठते हैं। बहरहाल, बैठक में सिर्फ और सिर्फ हंगामा होता रहा, आरोपों के तीर चलाए जाते रहे, बजट के प्रस्ताव पर चर्चा हुई नहीं। नतीजतन, जिला पंचायत की दूसरी बोर्ड बैठक भी स्थगित करनी पड़ी। अब अगली बैठक किस तारीख को रखी गई है, फिलहाल यह अभी तय नहीं हो पाया है। बैठक से बाहर निकलने पर पायनियर ने सांसद, विधायकों, जिला पंचायत सदस्यों से जाना कि आखिर चाहरदीवारी के पीछे बंद सभागार में ऐसा हुआ क्या जो बैठक स्थगित करनी पड़ी तो उन्होंने कहा कि जिला पंचायत प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता की सदस्यों से बनती नहीं है, उल्टा सीधा जवाब देते है। बैठक में सांसद राजेश वर्मा, सांसद मिश्रिख अशोक रावत, विधायक मनीष रावत, रामकृष्ण भार्गव, शंशाक त्रिवेदी, ज्ञान तिवारी, प्रमुख रामकिंकर पांडेय, मनोज, सुनीता, अनुराधा, रामगोपाल अवस्थी सहित तमाम सदस्यगण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### तेज धूप और भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए रखें दाना-पानी



**कसमंडा ।** सीतापुर तेज धूप और भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। यह बात श्री ओमप्रकाश सिंह स्मारक पुस्तकालय एवं वाचनालय पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल कसमंडा सीतापुर में छात्र छात्राओं द्वारा गठित पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक में संबोधित करते हुए कहा।उन्होंने कहा हम सब का यह दायित्व है कि अपने घर की छत या घर के बाहर पेड़ पौधों के नीचे जहां पर छाया है मिट्टी के बर्तन में पक्षियों हेतु दाना पानी की व्यवस्था करें। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति के संस्थापक एवम मार्गदर्शक शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह ,शिक्षक विनय पाल सिंह, शिक्षक रवि प्रकाश सिंह ,शिक्षक गिरिराज यादव सहित शिक्षक एवं कर्मचारी व अध्यक्ष सिमरन राजपूत उपाध्यक्ष मिथुन चौरसिया महामंत्री पवित्र तिवारी कोषाध्यक्ष संध्या राजपूत सदस्य सनोज कुमार,शिवा, जानवी, मुस्कानज़ आयुषी ,नेहा चौरसिया सहित छात्र उपस्थित रहे।

### स्कूल जाकर ही बच्चे बदल सकते हैं अपना भविष्यः सुरेन्द्र राजवंशी



**सीतापुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर में स्कूल चलो जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका शुभारम्भ ग्राम प्रधान ईशा खां ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली के दौरान एक गोष्ठी भी आयोजित की गई जिसको आए हुए अतिथियों ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम को प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र राजवंशी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन बच्चे स्कूल जाकर ही अपना भविष्य बदल सकते है, रोज विद्यालय आने वाले छात्र जीवन में आगे बढ़ते रहते है और समाज में बदलाव लाते रहते है। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को प्रधानाध्यापक ने सम्मानित भी किया।

### अधूरे निर्माण कार्यशीघ्र पूर्ण कर सम्बंधित विभाग को हैंड ओवर किया जाएः जिलाधिकारी

**बरेली।** जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य अभी तक अधूरे है उन सभी निर्माण कार्यों में प्रगति लाते हुए शीघ्र सम्बंधित विभाग को हैंड ओवर किया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था सेतु निगम को निर्देश दिए कि लाल फाटक व चौपला ओवर ब्रिज के निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण किया जाए।जिलाधिकारी आज कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जिला वनाधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि किसान सम्मान निधि का सत्यापन कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो भूमि हीन है उनका भी सत्यापन कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण की कार्ययोजना तैयार कर वन विभाग को उपलब्ध करा दें, जिससे कि समय से पेड़ों की पूर्ति की जा सके। उन्होंने श्रम विभाग को निर्देश दिए कि ई श्रम कार्ड पंजीयन हेतु कैम्पों का आयोजन किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को पंजीयन किया जाए।

सपा कार्यालय पर हुई मासिक बैठक में संगठन पर हुई चर्चा

# नफरत फैलाने वालों ने समाज को बांटाः राकेश राठौर

● विधायक अनिल वर्मा ने भाजपा को कहा जुमलों की सरकार

संवाददाता। सीतापुर



**समाजवादी पार्टी** की मासिक बैठक पार्टी के कार्यालय पर हुई, जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता मे बैठक का संचालन कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव ने किया। बैठक मे जिलाध्यक्ष के द्वारा विधानसभावार संगठन की समीक्षा की गयी। इसी क्रम मे प्रकोष्ठों व ब्लॉक अध्यक्षों की समीक्षा तथा जिले के समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न पर चर्चा करने के उपरांत आगामी चुनाव नगर पालिका व नगर पंचायत चुनाव के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की विधायक अनिल वर्मा ने कहा है कि भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से प्रदेश की जनता झुलस रही है। पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी यूपी तक लोग त्राहि–त्राहि कर रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ बिजली संकट गहराता जा रहा है। खुद भाजपा के विधायकों और राज्यमंत्री तक ने इस सम्बंध में ऊर्जा मंत्री और एम.डी. पावर कारपोरेशन को पत्र लिखे हैं। पूर्व विधायक राकेश राठौर ने कहा कि समाज में नफरत फैलाने वालों ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद करके रख दिया है। ये कभी उत्तर प्रदेश और यहां की जनता का विकास और भला नहीं चाहते हैं। प्रदेश की जनता भाजपा की सच्चाई जान चुकी है। अब भाजपा सरकार की पोल खुल गई है। इस अवसर पर विजय वर्मा, कौशलेन्द्र सिंह, सुहैल अहमद, कय्यूम कुरैशी, चन्द्रशेखर यादव, महेंद्र यादव, रॉबिन सिंह, अंकित त्रिवेदी, प्रदीप सिंह पन्नू, अमर सिंह बबलू, असद अराफ़त, संतोष प्रजापति, मनोज राठौर, ओमेन्द्र वर्मा, सुनील कुमार, रिजवान अहमद, संदीप कश्यप, गगन राठौर, विजयबहादुर यादव, शमीम बानो, डॉ चंद्रभाल भार्गव, राजकिशोर गौतम, अशोक बघेल, रामप्रकाश यादव,मो कादिर, श्रीपाल यादव, अरशद खाँ, मो नादिर, सुधीर शर्मा, अनिल कुमार, पवन यादव, शिवा शुक्ल, धर्मेंद्र यादव, मुनेन्द्र गौतम, अजीत कुमार कनौजिया, दिग्विजय यादव, सौरभ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाया ईद मिलन समारोह

संवाददाता। सीतापुर



**खैराबाद में जिला** अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा समीर अहसन रिजवी की अध्यक्षता में इमरान किरमानी द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में निदेशक उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निगम शफाअत हुसैन ने की शिरकत।

2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान शफाअत हुसैन, निदेशक वक्फ विकास निगम एवं जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सीतापुर इंवसमीर अहसन रिजवी के द्वारा सीतापुर के कई भ्रमण कार्यक्रम किए गए और अल्पसंख्यक मतदाताओं के बीच जाकर भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से जिताने हेतु कार्य किया गया। इसके पश्चात खैराबाद टोल प्लाजा पर खैराबाद नगर के मंडल अध्यक्ष आमिर कलाम उर्फ टीपू, मण्डल उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा खैराबाद दानिश खान तथा उनके मंडल के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के द्वारा शफाअत हुसैन का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। वहां से प्रस्थान करने के बाद निदेशक महोदय ने सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में मुस्लिम बुद्धिजीवियों से वार्ता की। उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना और उनकी समस्याओं का समाधान करने हेतु कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# बलात्कार पीड़िता को जान से मारने की मिल रही धमकी

● पीड़िता ने एसपी से की कार्रवाई की मांग

संवाददाता लखीमपुर-खीरी



**कोतवाली** सदर क्षेत्र में एक बलात्कार पीड़िता की तहरीर के आधार पर मेडिकल और एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी न किये जाने से परेशान पीड़िता ने एसपी खीरी को प्रार्थना पत्र देकर जानमाल की सुरक्षा एवं आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। एसपी को दिए गए पत्र में पीड़िता ने बताया कि 26 अप्रैल को उसके साथ हुई बलात्कार की घटना के मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके अलावा मेडिकल व बयान दर्ज करने की कार्रवाई भी हुई थी। बावजूद इसके आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। नतीजन अब आरोपी, उसके परिजन व नातेदार लगातार पीड़िता को जान–माल की धमकी दे रहे हैं। वह कहते हैं कि जब आरोपी पीड़िता की हत्या नहीं कर देगा तब तक जेल नहीं जाएगा। पीड़िता व उसके परिवार पर हरदम जान–माल का खतरा बना रहता है। कोतवाली पुलिस उनकी सुन नहीं रही। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़िता ने एसपी से आरोपियों की गिरफ्तारी सहित जानमाल की सुरक्षा कराने की मांग की है।

# मोहल्लों में कैंप लगाकर बनाए जाएंगे गोल्डन कार्ड

संवाददाता लखीमपुर-खीरी



**आयुष्मान भारत** अभियान के अंतर्गत चल रहे पखवाड़े से शहरी लाभार्थियों को जोड़ने के लिए अब मोहल्लों में कैंप लगाकर गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निरुपमा बाजपेई व डा. मौनी बाजपेई के साथ बैठक कर नगरपालिका कर्मचारियों का सहयोग और स्थान को निर्धारित किया है।

जिला प्रोग्राम कोओर्डिनेटर डा. अक्षत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बीसी पंत के नेतृत्व में चलाई जा रही आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना के शहरी जनमानस को जोड़ने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 11 से 14 मई तक मोहल्ला शिवपुरी, द्वारिकापुरी, भुईपुरवानाथ व शांतिनगर के वे लोग अपना गोल्डन कार्ड बनवा सकते हैं जिनका नाम लाभार्थी सूची में मौजूद है। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष निरुपमा मोनी से वार्ता कर द्वारिकापुरी मोहल्ले में मो. रफी कोटेदार के स्थान पर कैंप लगाया जाएगा।

वहीं 16 मई से 19 मई के बीच मोहल्ला शिवकॉलोनी, राजगढ़, गोटैय्याबाग, ईदगाह के पात्रता सूची लाभार्थी अपना गोल्डन कार्ड पीके इंटर कॉलेज में आयोजित कैंप में पहुंचकर बनवा सकते हैं। इसके लिए लाभार्थियों को अपने साथ अपना आधार कार्ड व अंत्योदय कार्ड लाना अनिवार्य होगा। किसी भी तरह की समस्या का निराकरण के लिए आप डीजीएम अनुज प्रताप सिंह 7705840001, जिला सूचना प्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव 9903147000, डा. अक्षत 9411128329 से दिए गए नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

## बाइक सवार से बदमाशों ने की मोबाइल सहित हजारों की लूट

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**कोतवाली** मोहम्मदी के रेहरिया चौकी में साहबगंज जंगल के निकट कल रात अज्ञात लोगों ने बाइक सवार से मोबाइल सहित हजारों रुपयों को लूट कर फरार हो गए। मुकदमा पंजीकृत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शाम को रंजीत कुमार मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। तभी रास्ते में अज्ञात बदमाश मिल गए। दो रंजीत कुमार को रहरिया जंगल में चले गए तथा रंजीत कुमार से मोबाइल और 19000 नगर जो उनके पास है लूट लिए। सूचना पर पुलिस ने जंगल की कांबिंग की परंतु यूपी पुलिस की गिरफ्त से काफी दूर जा चुके प्रभारी अंबर सिंह ने बताया कि रंजीत कुमार की तहरीर पर लूट का मुकदमा अज्ञात लोगों पर दर्ज किया गया है। पुलिस टीम बनाकर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# तीन सौ को मिली ड्रेस व टूल किट



**लखीमपुर-खीरी।** इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग के सेठ कॉलोनी अर्जुन पुरवा स्थित प्रशिक्षण केंद्र पर दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी डूडा डॉ अजय कुमार द्वारा 300 लाभार्थियों को ड्रेस एवं टूल किट आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक मोहम्मद अनीस जिला नगरीय विकास अभिकरण लखीमपुर की मिशन मैनेजर गरिमा सिंह के अलावा संस्थान के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस योजना के अंतर्गत लखीमपुर शहर के लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस योजना को जिले में जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा संचालित कराया जाता है तथा राज्य स्तर पर राज्य शहरी विकास अभिकरण के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

### बग्गा फिर हो सकते...

मोहाली निवासी आप नेता सन्नी अहलूवालिया की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया। बग्गा के 31 मार्च के वक्तव्य को लेकर एक अप्रैल को उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। 31 मार्च को बग्गा भाजपा युवा मोर्चा के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।

वहीं शनिवार को पंजाब सरकार ने बग्गा की गिरफ्तारी के मामले में केन्द्र को पक्ष बनाने और दिल्ली के जनकपुरी तथा हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के थानों की छह मई के सीसीटीवी का फुटेज सुरक्षित रखने का अनुरोध करते हुए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दो अर्जियां दी हैं। पंजाब सरकार ने आरोप लगाया है कि बग्गा के खिलाफ मोहाली में पिछले महीने दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची राज्य पुलिस की टीम को जनकपुरी और कुरुक्षेत्र थानों में बंधक बनाकर रखा गया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सत्यपाल जैन ने शनिवार को कहा कि अदालत द्वारा नोटिस जारी कर जवाब मांगे जाने पर उन्होंने (पंजाब सरकार) दो आवेदन दिए हैं। पंजाब सरकार के दो आवेदनों में से एक में भारत सरकार और दिल्ली पुलिस के आयुक्त को पक्ष बनाने का अनुरोध किया गया है। दूसरे आवेदन में अनुरोध किया गया है कि दिल्ली के जनकपुरी थाने और हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के पीपली और सदर थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की छह मई की फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया जाए। इस बीच, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने पंजाब के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि पंजाब पुलिस द्वारा शुक्रवार को गिरफ्तारी के दौरान टीएस बग्गा को कथित तौर पर उनकी पगड़ी पहनने की अनुमति नहीं दी गई थी। इसने कथित घटना पर सात दिनों के भीतर एक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

### बग्गा की गिरफ्तारी पर...

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गुंडों की पार्टी है जो अपनी सरकार तक को गुंडों का काम करवाती है। गलती से भी ये लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने यह आरोप लगाते हुए इस मामले को एक नया मोड़ देते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने बग्गा को पकड़ने के अपने अवैध अभियान को अंजाम देने के लिए 'कुख्यात पुलिस वाले' कुलजिंदर सिंह संधू का इस्तेमाल किया। सिरसा ने कहा कि संधू ने अपने पुराने संबंधों को छिपाने के लिए अपना नाम बदल लिया है। लगभग दो मिनट के लंबे वीडियो में सिरसा को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि अरविंद केजरीवाल ने जिस डीएसपी तेजिंदर बग्गा को गिरफ्तार करने का काम दिया था वह सबसे बड़े ड्रग रैकेट में से एक से जुड़ा हुआ है। ड्रग कारोबारी सरबजीत सिंह जिसने उसे पोस्टिंग में मदद की, वह अब जेल में है। सिरसा ने आरोप लगाया कि संधू के ड्रग माफियाओं से संबंध थे और दावा किया कि उसे पंजाब सरकार ने ड्रग माफिया सरबजीत के निर्देश पर तैनात किया था। सिरसा ने यह भी दावा किया कि कुलजिंदर सिंधु ने केएस सिंधु कहलाना पसंद किया क्योंकि उसके पिछले आतंकी संबंध थे। सरबजीत ने पंजाब के तत्कालीन डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय को मोहाली में डीएसपी कुलजिंदर को पोस्ट करने के निर्देश दिए थे। यह डिफॉल्टर पुलिस कुलजिंदर जो अपराधियों से संबंध रखता है और सरबजीत जैसे ड्रग तस्करों द्वारा संरक्षित है। सिरसा ने आरोप लगाया कि आज आप पंजाब सरकार द्वारा अपने गुर्गे के रूप में इस्तेमाल किया था। उन्होंने अपने आरोपों की पुष्टि करने के लिए समाचार पत्रों की कतरनें और वीडियो के लिंक भी पोस्ट किए कि संधू ने पंजाब के तत्कालीन डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के साथ एक लीक बातचीत में दावा किया था कि कुलजिंदर किसी भी अवैध संचालन को अंजाम दे सकते हैं। गोवा के मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब पुलिस द्वारा बग्गा की गिरफ्तारी अपहरण है और दिल्ली और हरियाणा पुलिस को उन्हें रोकने और उन्हें वापस राष्ट्रीय राजधानी में लाने के लिए प्रशंसा की।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर...

यह टक्कर इतनी भयंकर थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में उनका एक बेटा गोपाल गौतम और पोता हर्ष बचा है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि नींद की झपकी लगने के कारण यह हादसा हुआ है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना में हुई लोगों की मृत्यु अत्यंत दु:खद है। अधिकारियों को राहत व बचाव कार्य तेजी से संचालित करने तथा घायलों के उपचार हेतु निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्री राम दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

### इंदौर में आग से सात...

इस बारे में पूछे जाने पर पुलिस आयुक्त ने बताया कि इमारत के मालिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) संपत उपाध्याय ने कहा, इमारत की निचली मंजिल का मुख्य दरवाजा और ऊपरी मंजिलों की ओर जाने वाली सीढ़ियां भीषण लपटों और धुएं से घिरी थीं, जबकि तीसरी मंजिल से छत को जाने वाला दरवाजा जलकर बेहद गर्म हो गया था। इससे घटना के दौरान ज्यादातर लोग इमारत में फंसे रह गए। हालांकि, कुछ लोगों ने अपने फ्लैट की बालकनी में आकर जान बचाई। विजय नगर पुलिस थाने के प्रभारी तहजीब काजी ने चश्मदीदों के हवाले से बताया कि आग इमारत की निचली मंजिल में पार्किंग के पास लगे बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। उन्होंने कहा कि आग की शुरुआत पार्किंग में खड़ी गाड़ियों से हुई और इसके बाद लपटें संकरी सीढ़ियों से होते हुए इमारत की ऊपरी मंजिल की ओर बढ़ने लगीं। काजी के अनुसार, हादसे में जिन सात लोगों की मौत हुई है, उनमें से ज्यादातर की जान धुएं से दम घुटने के कारण गई। उन्होंने बताया कि अग्निकांड के समय रिहायशी इमारत में कुल 16 लोग मौजूद थे। थाना प्रभारी के मुताबिक, आग पर काबू पा लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### ज्ञानवापी मामले में ...

उन्होंने 18 अप्रैल, 2021 को अपनी याचिका के साथ अदालत का रुख किया था और विरोधियों को मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने से रोकने की मांग की थी। मस्जिद प्रबंधन समिति (अंजुमन इंतजामिया मस्जिद) के अधिवक्ता अभय नाथ यादव ने पत्रकारों से कहा कि अदालत ने मस्जिद परिसर के अंदर वीडियोग्राफी करने का कोई आदेश नहीं दिया था, बल्कि बैरिकेडिंग के बाहर चबूतरे की वीडियोग्राफी का आदेश दिया है। यादव ने बताया, कल शुक्रवार को आयोग की कार्यवाही अपराह्न चार बजे शुरू हुई और मस्जिद के पश्चिम की तरफ जो चबूतरा है उसकी वीडियोग्राफी कराई गई। उसके बाद कमिश्नर ने ज्ञानवापी मस्जिद का प्रवेश द्वार खुलवाकर अंदर जाने का प्रयास किया, जिस पर मैंने विरोध दर्ज कराया और कहा कि अदालत ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है कि मस्जिद के अंदर जाकर उसकी वीडियोग्राफी की जाए। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन कोर्ट कमिश्नर ने दावा किया कि उन्हें ताला खुलवा कर उसकी वीडियोग्राफी कराने का आदेश मिला है, मगर सच्चाई यह है कि ऐसा कोई आदेश नहीं है, लिहाजा मैं कोर्ट कमिश्नर की निष्पक्षता पर सीधे प्रश्न चिन्ह खड़ा करता हूं। हिंदू पक्ष के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने बताया कि कोर्ट कमिश्नर को बदलने की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। रस्तोगी ने बताया कि कोर्ट कमिश्नर अपना काम कर रहे हैं और इस कार्य को व्यवधानित करने के लिए अंजुमन इंतजामिया मस्जिद की तरफ से एक प्रार्थना पत्र दिया गया था और कोर्ट कमिश्नर पर इल्जाम लगाया था कि वो वादी पक्ष से मिलकर कार्य कर रहे हैं, इसलिए उन्हें बदल दिया जाए। उन्होंने कहा है कि अंजुमन इंतजामिया मस्जिद भ्रामक अर्जी दे रही है और इस कार्वाई में व्यवधान उत्पन्न कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह न्यायालय के आदेश की अवमानना करने की कोशिश है। रस्तोगी ने बताया कि अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। वहीं उन्होंने साफ किया कि सर्वे होगा और अदालत ने इस पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं लगाई है।

### घरेलू गैस पर बढ़े...

कांग्रेस ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि इसे उसी स्तर पर लाना चाहिए जैसा कि 2014 में सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए था। जहां माकपा महासचिव सीताराम येहुरी ने कहा कि मोदी सरकार सभी जरूरतमंद वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी करके लोगों की आजीविका पर हमला करती है, वहीं भाकपा महासचिव डी राजा ने पार्टी इकाइयों से सभी समान विचारधारा वाले दलों से जनविरोधी नीतियों के विरोध में सड़कों पर आने का आग्रह किया।

# सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचे का त्वरित विकास करे बीआरओ

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) से प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के जरिए तेजी से बुनियादी ढांचा विकसित करने को कहा। उन्होंने उल्लेख किया कि पर्वतीय क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों को अंजाम देकर चीन ने उत्तरी सेक्टर में अपनी मौजूदगी बढ़ा दी है। सिंह ने यह भी कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास सरकार की 'व्यापक रक्षा रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह देश के समग्र सुरक्षा तंत्र को मजबूत करेगा। बीआरओ के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत की सीमाओं की रक्षा करने वालों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'हाल के दिनों में उत्तरी सेक्टर में चीनी उपस्थिति बढ़ी है। पर्वतीय क्षेत्रों में निर्माण में अपनी दक्षता के कारण, वे बहुत जल्द विभिन्न स्थानों तक पहुंचने का प्रबंधन करते हैं। उन्होंने कहा, 'बीआरओ को समानांतर रूप से काम करना जारी रखना चाहिए और प्रौद्योगिकी के पूर्ण उपयोग के साथ अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए' सिंह ने कहा कि सरकार बीआरओ को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में गतिरोध शुरू होने के बाद भारत 3,400 किलोमीटर से अधिक लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। सिंह ने देश की सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए वित्त वर्ष 2022-23 में बीआरओ के पूंजीगत बजट को 40 प्रतिशत बढ़ाकर 3,500 करोड़ रुपए करने की हालिया घोषणा का उल्लेख किया। उन्होंने बीआरओ को न केवल बजटीय, बल्कि हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।



बीआरओ के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

सिंह ने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग जितने अधिक सशक्त होंगे, वे उन क्षेत्रों की सुरक्षा के बारे में उतने ही अधिक जागरूक और चिंतित होंगे। नागरिक राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा, इसलिए बदलते समय के साथ हम अपने सीमावर्ती इलाकों के विकास के लिए आगे बढ़ने को प्रतिबद्ध हैं। हमारी सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे काम करने वालों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रक्षा मंत्री ने न केवल क्षेत्रों में बल्कि पूरे देश के लिए 'सुरक्षा और समृद्धि के नए दरवाजे' खोलने के लिए बीआरओ की भी सराहना की। उन्होंने बीआरओ केवल एक निर्माण संगठन नहीं, बल्कि एकता, अनुशासन, समर्पण और कर्तव्य के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है।राष्ट्र की प्रगति में सड़कों, पुलों और सुरंगों के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरओ द्वारा पूरी की गई परियोजनाओं से सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियां बढ़ी हैं और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।सिंह ने कहा, 'सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना के अनुसार एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर न्यू इंडिया के निर्माण के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का सूचक है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र 'विकास के नए केंद्रै के रूप में उभरे हैं और पूर्वोत्तर जैसे क्षेत्र न केवल खुद को विकसित कर रहे हैं, बल्कि देश की सर्वांगीण प्रगति के लिए गेटवै भी बन गए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ता है। सिंह ने 75 कैफे और पर्यटन पोर्टल के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी बीआरओ की सराहना की और कहा कि ए पहल संगठन के लगातार बढ़ते विकास की प्रतीक हैं। रक्षा मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को भी याद किया जिन्होंने दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज की नींव रखी थी।अपने संबोधन में, बीआरओ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बीआरओ कर्मियों से नए जोश और समर्पण के साथ उत्कृष्टता के पथ पर लगातार आगे बढ़ते रहने को कहा। उन्होंने उन्हें कुछ महत्वपूर्ण सुरंग और हवाई क्षेत्र निर्माण परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। रक्षा मंत्री ने भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (बीआईएसएजी-एन) द्वारा विकसित दो सॉफ्टवेयर-बीआरओ संसाधन प्रबंधन प्रणाली और बीआरओ बजट प्रबंधन प्रणाली भी शुरू की। बीआरओ की स्थापना 1960 में हुई थी और शुरुआत में इसकी केवल दो परियोजनाएं थीं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि संगठन ने भारत की सीमाओं के साथ-साथ मित्र देशों में प्रतिकूल जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियों में 60,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों, 840 से अधिक पुल, चार सुरंगों और 19 हवाई क्षेत्रों का निर्माण किया है।

## मुंबई के सांताक्रूज में एलआईसी दफ्तर में लगी आग, कोई हताहत नही

**मुंबई।** मुंबई के उपनगरीय सांताक्रूज (पश्चिम) में जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के एक कार्यालय में शनिवार सुबह आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका और कूलिंग अभियान जारी है। इससे पहले, बीएमसी के अधिकारियों ने कहा था कि एलआईसी की जिस इमारत में आग लगी वह विले पार्ले इलाके में स्थित है। एलआईसी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सांताक्रूज (पश्चिम) में एस वी रोड पर स्थित जीवन सेवा भवन की भूतल-समेत दो मंजिला इमारत में सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर आग लग गई। इस इमारत में एलआईसी का एसएसएस मंडल कार्यालय है।

# लाउडस्पीकर का मुद्दा एक बंद अध्याय, अब महंगाई व बेरोजगारी पर बात करिए: राउत

**भाषा।** मुंबई



**लाउडस्पीकर के** मुद्दे को एक बंद अध्याय करार देते हुए शिवसेना नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि भाजपा को इस विषय के बजाय बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के बारे में बात करनी चाहिए क्योंकि लोग इन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी), वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) और भाजपा के शीर्ष नेता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर बात नहीं करते। उनके मुद्दे अलग हैं। वे केवल इस पर बात करते हैं कि पंजाब और महाराष्ट्र की पुलिस क्या कर रही है। उन्होंने दावा किया कि लाउडस्पीकर का मुद्दा एक बंद अध्याय है क्योंकि इसके आधार पर हिंदू-मुस्लिम विभाजन के प्रयास विफल हो गए हैं। शिवसेना सांसद ने कहा कि जहां तक सवाल लाउडस्पीकर के मुद्दे का है, तो इससे सबसे बड़ा झटका हिंदू समुदाय को लगा है। राउत ने आरोप लगाया, मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर को प्रतिबंधित करने की मांग उठाकर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच तनाव भड़काने का प्रयास किया गया लेकिन लोग समझदार हैं। लाउडस्पीकर के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को लागू किया जा रहा है। लाउडस्पीकर पर एक राष्ट्रीय नीति होनी चाहिए। शिवसेना नेता ने कहा कि देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों से जूझ रही है लेकिन भाजपा का कोई नेता इस पर बोलने को तैयार नहीं है।

## महाराष्ट्र: धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के लिए 200 से अधिक लाइसेंस जारी किए गए

**ठाणे,भाषा।** महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर विवाद के मद्देनजर मीरा-भयंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने अपने कमिश्नरी क्षेत्र के तहत धार्मिक स्थलों के वास्ते लाउडस्पीकर के लिए 200 से अधिक लाइसेंस जारी किए हैं। महाराष्ट्र के एमबीवीवी कमिश्नरेट (आयुक्तालय) के दायरे में ठाणे से लेकर पालघर जिले तक का क्षेत्र आता है। ठाणे में मीरा-भयंदर है, तो पालघर में वसई-विरार स्थित है। एमबीवीवी के न्यायिक क्षेत्र में कुल 999 धार्मिक स्थल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि 722 मंदिरों में से 22 को लाइसेंस दिए गए हैं जबकि 75 मस्जिदों में से 64 को लाइसेंस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 202 में से 132 मदरसों को लाउडस्पीकर की अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर पुलिस ने धार्मिक स्थलों को 218 लाइसेंस जारी किए हैं।अधिकारी ने बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 149 (संज्ञेय अपराध रोकथाम) के तहत 105 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।




उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के एक स्कूल में मदर्स डे की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपनी माताओं के लिए बने ग्रीटिंग कार्ड दिखाते छात्र

## क्विक न्यूज

### केंद्र सरकार ईंधन की कीमतें बढ़ाकर जनता का उत्पीड़न कर रही : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ईंधन की कीमतों में नियमित रूप से इजाफा करके देश की जनता का उत्पीड़न कर रही है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपए की बढ़त को लेकर ममता ने यह आरोप लगाया। ममता ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस (एलपीजी) और अन्य जरूरी चीजों के दाम बढ़ाकर महान भारतीय लूट (ग्रेट इंडियन लूट) कर रही है। ममता बनर्जी ने ट्वीट किया, केंद्र सरकार को भारत के लोगों का उत्पीड़न तुरंत बंद करना चाहिए। ईंधन, रसोई गैस और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बार-बार वृद्धि करके भाजपा वास्तव में एक महान भारतीय लूट (ग्रेट इंडियन लूट) कर रही है। देश के लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। घरेलू रसोई गैस की कीमत में शनिवार को 50 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई, जो पिछले दो महीनों में की गई दूसरी वृद्धि है। इससे कोलकाता शहर में घरेलू रसोई गैस की कीमत बढ़कर 1,026 रुपए हो गई है। रसोई गैस सिलेंडर की कीमत स्थानीय करों के आधार पर अलग-अलग शहरों में अलग-अलग होती है।

### रसना ने बिलकुल फ्री कैम्पेन किया लॉन्च

**कानपुर।** सॉफ्ट ड्रिंक कंसन्ट्रेट और मेक इन इंडिया के आइकॉन रसना ने एक नया ऐड कैम्पेन लॉन्च किया है। इस कैम्पेन के तहत भारत की अग्रणी डिजिटल भुगतान एवं वितीय सेवा कंपनी पेटीएम के साथ भागीदारी में रसना के ग्राहकों को 100फीसद तक कैशबैक दिया जा रहा है। रसना के 32 ग्लास, 10 ग्लास और 5 रुपये के पैक खरीदने वाले ग्राहकों को तुरंत कैशबैक मिलेगा।ग्राहक पैक को खरीदने के बाद पैक के पेटीएम क्यूआर कोड को पेटीएम ऐप के माध्यम से स्कैन कर इस कैशबैक ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। कैशबैक के अलावा मूवी टिकट बुकिंग, फ्लाइट बुकिंगए मोबाइल एवं डीटीएच रिचार्जए आदि पर भी कई ऑफर्स उपलब्ध हैं। पेटीएम के साथ यूजर्स को भुगतान के विकल्पों का लचीलापन मिलता है, जैसे पेटीएम वालेटए पेटीएम यूपीआईए पेटीएम पोस्टपेड (बाय नाऊए पे लेटर) नेटबैंकिंगए डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड्स आदि।

### चक्रवात ओडिशा या आंध प्रदेश में दस्तक नहीं देगा, तट के समानांतर आगे बढ़ेगा: आईएमडी

**भुवनेश्वर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को घोषणा की कि बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान ओडिशा या आंध्र प्रदेश में दस्तक नही देगा लेकिन तट के समानांतर आगे बढ़ेगा। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि तूफान उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर मुड़ेगा और उत्तर आंध्र-ओडिशा तट के पास से उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ेगा।महापात्र ने कहा, यह अब उत्तर-पश्चिम दिशा में तट की ओर बढ़ रहा है। यह 10 मई की शाम तक उस दिशा में आगे बढ़ना जारी रखेगा, और उसके बाद समुद्र में उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा तथा फिर तट के समानांतर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ओडिशा तट के पास समुद्र की स्थिति नौ मई और 10 मई को खराब रहेगी तथा समुद्र में हवा की गति 10 मई को बढ़कर 80-90 किमी प्रति घंटे हो जाएगी।महापात्र ने कहा, 'ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में, हवा की गति लगभग 40-50 किमी प्रति घंटे होगी, जो बढ़कर 60 किमी प्रति घंटे तक हो जाएगी। हवा की अधिकतम गति 50-60 किमी प्रति घंटे रहेगी। हवा की यह स्थिति 11 मई तक बनी रहेगी और उसके बाद कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके प्रभाव से ओडिशा के तटीय जिलों-गंजम, गजपति, खुर्दा, जगतसिंहपुर और पुरी में 10 मई की शाम के बाद हल्की से मध्यम बारिश होगी। आईएमडी के विशेष बुलेटिन के अनुसार, 10 मई की शाम को तटीय ओडिशा में कई स्थानो पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। गजपति, गंजम और पुरी में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा (7-11 सेमी) होने की संभावना है। अगले दिन गंजम, खुर्दा, पुरी, जगतसिंहपुर और कटक में एक-दो जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। मछुआरों को नौ, 10 और 11 मई को गहरे समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

### मुरैना के पास शताब्दी से टकराया ऊंट, दो घंटे खड़ी रही ट्रेन

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में शनिवार को रेलवे ट्रैक पर शताब्दी एक्सप्रेस से एक ऊंट के टकरा जाने के बाद ऊंट के शरीर के अंग इंजन में फंस गए जिससे ट्रेन लगभग दो घंटे तक वहीं खड़ी रही। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के निरीक्षक हरिकेश मीणा ने बताया कि घटना मुरैना से करीब दस किलोमीटर दूर हेतमपुर रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब नौ बजे हुई जब शताब्दी एक्सप्रेस दिल्ली से भोपाल की ओर जा रही थी।उन्होंने कहा कि एक ऊंट रेलवे ट्रैक पर चला गया और शताब्दी एक्सप्रेस से टकराने के बाद उसके शरीर के अंग कटकर इंजन में फंस गए जिसके बाद ट्रेन को घटनास्थल पर ही रोक दिया गया।

# उच्चतम न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त, केंद्र ने जारी की अधिसूचना

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** शनिवार को दो नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ ही एक बार फिर कुल 34 न्यायाधीशों की पूरी क्षमता हासिल करने जा रहा है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जमशेद बी पारदीवाला को पदोन्नति देकर शीर्ष अदालत भेजने की प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम की सिफारिश के दो दिन बाद, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शनिवार को अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी करके उनकी नियुक्तियों की घोषणा की। नए न्यायाधीशों के अगले हफ्ते की शुरुआत में शपथ लेने के बाद शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या 34 हो जाएगी। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 ही है। उच्च न्यायपालिका के सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया से अवगत सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति पारदीवाला दो साल से अधिक समय तक सीजेआई के रूप में काम करेंगे।न्यायमूर्ति धूलिया उत्तराखंड से पदोन्नत होने वाले दूसरे न्यायाधीश होंगे। वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्देशक और अभिनेता तिग्मांशु धूलिया के भाई हैं। उनका कार्यकाल तीन साल से थोड़ा अधिक का होगा।न्यायमूर्ति पारदीवाला शीर्ष अदालत की शोभा बढ़ाने वाले पारसी समुदाय के चौथे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर के बाद अल्पसंख्यक समुदाय के पहले उच्च न्यायालय के न्यायाधीश होंगे, जिन्हें पिछले पांच वर्षों में पदोन्नत किया गया है। न्यायमूर्ति नज़ीर को फरवरी 2017 में सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया था।इस साल चार जनवरी को न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी की सेवानिवृत्ति के साथ ही शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों की कुल संख्या 32 रह गई थी।दस अगस्त 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति धूलिया उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के सुदूरवर्ती गांव मदनपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने 1986 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से वकालत शुरू की थी।सैनिक स्कूल, लखनऊ के पूर्व छात्र रहे न्यायमूर्ति धूलिया ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक और विधि स्नातक की पढ़ाई की।

# क्या मुख्यमंत्री का पद बिकाऊ है? सिद्धरमैया ने भाजपा पर तंज कसा

**भाषा।** बेंगलुरु

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने शनिवार को जानना चाहा कि क्या भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों को पैसे के बदले कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की पेशकश की है? उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी के एक विधायक के उन आरोपों की जांच की भी मांग की है, जिसने कथित तौर पर कहा था कि सत्ता के दलालों ने उनसे राज्य के शीर्ष पद (मुख्यमंत्री) के लिए 2,500 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की थी।यह मांग ऐसे समय में आई है जब राज्य की बसवराज बोम्मई-नीत सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रही है। सिद्धरमैया ने इसे एक गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि उचित जांच से ही सच्चाई का पता चल पाएगा।राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल द्वारा किए गए दावों के मद्देनजर पूछा, क्या मुख्यमंत्री का पद बिकाऊ सीट है? यतनाल ने कहा था कि दिल्ली के कुछ लोगों ने उनसे 2500 करोड़ रुपए के बदले राज्य के मुख्यमंत्री पद की पेशकश की थी। हालांकि, यतनाल ने किसी का नाम नहीं लिया था, लेकिन केवल इतना कहा था कि बहुत सारी धोखेबाज कंपनियां हैं।पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि अगर जांच नहीं की जाती है, तो इसका मतलब यह होगा कि बसवराज बोम्मई ने भी मुख्यमंत्री बनने के लिए करोड़ों रुपए के भुगतान की बात स्वीकार कर ली है। सिद्धरमैया ने कहा कि यतनाल के बयान से पता चलता है कि उनके पास भाजपा की अनियमितताओं के बारे में बहुत सारी जानकारियां हैं और सच्चाई का पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ की जानी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, लोगों की यह धारणा थी कि विधायक दल भाजपा में मुख्यमंत्री का चयन करता है। अब यतनाल ने खुलासा किया है कि नीलामी के जरिए मुख्यमंत्री की कुर्सी खरीदी जाती है। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों द्वारा खर्च की गई कुल राशि की भी पड़ताल की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि मंत्री पद सहित अन्य सभी पदों के लिए भी दरें निर्धारित हैं।



# एनजीटी ने प्रयागराज से हल्दिया तक गंगा नदी पर अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजना को मंजूरी दी

**नई दिल्ली भाषा**

**राष्ट्रीय हरित** अधिकरण (एनजीटी) ने गंगा नदी में प्रयागराज और हल्दिया के बीच अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसे राष्ट्रीय जलमार्ग -एक भी कहा जाता है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जहां तक इस परियोजना का संबंध है, न्यायाधिकरण के पास इस मामले पर विचार करने की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय पहले ही इस मुद्दे पर फैसला दे चुका है। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने एनजीटी को बताया कि उच्च न्यायालय ने अपने 28 अप्रैल, 2016 के आदेश में परियोजना को मंजूरी दे दी थी, बशर्ते सभी आवश्यक वैधानिक मंजूरी मिले।एनजीटी ने कहा, हमें लगता है कि जहां तक वर्तमान परियोजना का संबंध है, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 28 अप्रैल, 2016 के आदेश से मामला निपट गया है। जहां तक इस परियोजना का संबंध है, तो उक्त आदेश की पृष्ठभूमि में, इस न्यायाधिकरण के लिए इस मामले पर विचार करने की कोई गुंजाइश नहीं है। इसने कहा कि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से पर्यावरण मंजूरी के मुद्दे का उल्लेख किया है और परियोजना के प्रस्तावकों को परियोजना जारी रखने की अनुमति दी है, साथ ही परियोजना के चालू होने के बाद इसके पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन किया है। एनजीटी ने कहा कि इस न्यायाधिकरण का कोई भी विपरीत आदेश अनुचित होगा, क्योंकि आदेश को लागू हुए छह साल हो गए हैं और एनजीटी आदेश पर सवाल करने वाला उपयुक्त मंच नहीं है। पीठ ने कहा कि पहले ही बता दिया गया है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ) अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं के लिए तकनीकी और शासन संबंधी स्पष्टता तय करेगा।

# हज यात्रियों के स्वास्थ्य और आरोग्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही : नकवी

**भाषा।** मुंबई

**अल्पसंख्यक मामलों** के केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि हज यात्रा-2022 महत्वपूर्ण सुधारों के बीच होने जा रही है। उन्होंने कहा कि हज यात्रियों के स्वास्थ्य और आरोग्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। हज हाउस में खादिम उल हुज्जाज के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए नकवी ने कहा कि 2022 में कुल 79,237 भारतीय मुस्लिम हज के लिए जाएंगे, जिनमें से 50 फीसदी महिलाएं हैं। मंत्री ने कहा कि हज-2022 की पूरी प्रक्रिया को भारत और सऊदी अरब की सरकारों के आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ तैयार किया गया है, जिसमें पात्रता मानदंड, उम्र सीमा, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताएं और अन्य चीजें शामिल हैं। पिछले दो वर्षों से कोविड-19 महामारी के कारण हज यात्रा नहीं हो सकी थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं कि हज यात्रियों पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ न पड़े, क्योंकि वे बिना किसी सब्सिडी के हज यात्रा करेंगे। सऊदी अरब में किफायती कीमतों पर आवास, परिवहन और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि हज यात्रियों की चयन प्रक्रिया पूरी करने में कोविड-19 टीकाकरण के पूरा होने और दोनों देशों की सरकारों द्वारा तय किए गए आवश्यक मानदंडों पर ध्यान दिया गया। नकवी ने कहा कि हज 2022 की पूरी प्रक्रिया को 100 प्रतिशत डिजिटल बनाना हज यात्रियों के स्वास्थ्य और आरोग्य को सुनिश्चित करने के लिहाज से बेहद फायदेमंद रहा है। उन्होंने कहा कि कम से कम 56,601 हज यात्री भारतीय हज समिति और 22,636 मुस्लिम हज समूह आयोजक (एचजीओ) के जरिए हज-2022 के लिए रवाना होंगे। मंत्री ने कहा कि 1,800 से अधिक मुस्लिम महिलाएं मेहरम (पुरुष साथी) के बिना हज-2022 के लिए जाएंगी और वे बिना लॉटरी प्रणाली के हज पर जाएंगी। मंत्री ने कहा कि हज 2022 के लिए कुल 83,140 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि हज यात्री अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोचीन, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ मुंबई और श्रीनगर जैसे 10 केन्द्रों से भारतीय हज समिति के माध्यम से जाएंगे।

नकवी ने कहा कि अहमदाबाद केन्द्र के तहत गुजरात आएगा, जबकि बेंगलुरू के केन्द्र के तहत कर्नाटक और आंध्र प्रदेश का चित्तूर जिला आएगा। कोचीन केन्द्र के तहत केरल, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, तमिलनाडु और अंडमान और निकोबार आएंगे। दिल्ली केन्द्र के तहत दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिले आएंगे। गुवाहाटी केन्द्र के तहत असम, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और नगालैंड आएंगे। कोलकाता केन्द्र के तहत पश्चिम बंगाल, ओडिशा, त्रिपुरा, झारखंड और बिहार आएंगे। लखनऊ केन्द्र के तहत उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों को छोड़कर राज्य के सभी हिस्से आएंगे। मंत्री ने कहा कि मुंबई के तहत महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली के लिए होगा और श्रीनगर आरोहण बिंदु के तहत जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख-कारगिल क्षेत्र आएगा। नकवी ने आगे कहा कि हज यात्रियों को डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड, ई-मसिहा स्वास्थ्य सुविधा और ई-लगेज प्री-टैंगिंग दी जाएगी, जो मक्का-मदीना में आवास और परिवहन के बारे में हर जानकारी देता है।

# हवाना के होटल में विस्फोट, 22 लोगों की मौत

एपी। हवाना



**क्यूबा** की राजधानी हवाना के मध्य में एक आलीशान होटल में हुए शक्तिशाली विस्फोट में एक बच्चे सहित कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों अन्य घायल हो गए। बचावकर्मी मलबे से लोगों को निकालने के अभियान में जुटे हैं। हवाना के 96 कमरों वालों होटल साराटोगा में शुक्रवार को हुआ विस्फोट संभवत: प्राकृतिक गैस के रिसाव के कारण हुआ। 19वीं सदी का यह ढांचा ओल्ड हवाना में स्थित है। हवाना के गवर्नर रेनाल्डो गार्सिया जापाटा ने कम्युनिस्ट पार्टी के समाचार पत्र ग्रैनमा को बताया कि विस्फोट के समय साराटोगा होटल में कोई पर्यटक नहीं था, क्योंकि वहां मरम्मत का काम चल रहा था। मंगलवार को होटल को खोलने की योजना थी। लापता लोगों के परिजन अपनों की तलाश में शुक्रवार रात से घटनास्थल पर मौजूद हैं तो कुछ लोग अस्पतालों के बाहर जमा हैं जहां घायलों का इलाज हो रहा है। विस्फोट में होटल की बाहरी दीवार ढह गई है, जिससे अंदर के कमरे साफ-साफ दिखाई पड़ रहे हैं। एवलर वहां ओडालीज बरेरा (57) का इंतजार कर रही हैं, जो होटल में कैशियर थीं और उन्हें अपनी बहन की तरह मानती हैं। इसके अलावा विस्फोट में किसी पर्यटक के हताहत होने की खबर नहीं है। विस्फोट की यह घटना क्यूबा के पर्यटन उद्योग के लिए एक और बड़ा झटका है। इस साल की शुरुआत में पर्यटन उद्योग ने थोड़ी रफ्तार पकड़ी थी लेकिन यूक्रेन पर युद्ध के कारण रूसी पर्यटकों की संख्या में काफी कमी आई है। क्यूबा की यात्रा करने वाला हर तीसरा पर्यटक रूसी नागरिक होता है। शुक्रवार को हुए विस्फोट में होटल की पहली मंजिल को काफी नुकसान पहुंचा है। घटनास्थल का दौरा करने वाले राष्ट्रपति मिगुएल डिआज-कैनेल ने ट्वीट किया, यह कोई बम विस्फोट या हमला नहीं है। यह एक दुखद हादसा है। स्वास्थ्य मंत्रालय में अस्पताल सेवाओं के प्रमुख डॉ. जूलियो गुएरा इजक्विएर्डो ने संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार को हुए इस हादसे में कम से कम 74 लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति कार्यालय के एक ट्वीट के अनुसार, घायलों में 14 बच्चे शामिल हैं। डिआज-कैनेल ने बताया कि विस्फोट से प्रभावित होटल के पास की इमारतों में रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। क्यूबा के सरकारी टीवी चैनल के मुताबिक, विस्फोट एक ट्रक के कारण हुआ, जो होटल को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति कर रहा था। हालांकि, चैनल ने यह नहीं बताया कि गैस कैसे प्रज्वलित हुई। हादसे से जुड़े वीडियो में अग्निशमन कर्मियों को एक सफेद टैंकर ट्रक पर पानी का छिड़काव करते और उसे घटनास्थल से हटाते देखा जा सकता है। वीडियो में यह भी नजर आ रहा है कि विस्फोट से होटल के चारों तरफ धुएं का गुबार फैल गया। इसमें घबराए-सहमे लोग सड़क पर भागते दिखाई दे रहे हैं।

## रिसॉर्ट में गोलीबारी, एक की मौत, छह घायल

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के कैरेबियाई तट के कानकुन में मुख्य मार्ग पर स्थित एक रिसॉर्ट में शुक्रवार को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तटीय राज्य क्विंटाना रू के अभियोजकों के मुताबिक हमले के सिलसिले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। यह हमला रिसॉर्ट के होटल क्षेत्र में नहीं हुआ था। यह गोलीबारी रेस्तरां और बार से थोड़ी दूरी पर एक रास्ते पर हुई। कानकुन के शांत स्थल वाली साख पर बट्टा लगाने वाली हिंसा की यह नवीनतम घटना है। मार्च में पर्यटकों को कानकुन में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तेज धमाके की आवाज सुनाई दी थी। अधिकारियों ने हवाईअड्डे पर गोलियों चलने की सूचना मिलने के बाद लगभग तीन घंटे के लिए उड़ानें निलंबित कर दी थीं। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो में यात्रियों को एक टर्मिनल से घबराहट में भागते हुए दिखाया गया था।

## अफगानिस्तान में तालिबानी फरमान

एपी। काबुल

**अफगानिस्तान** में सत्तारूढ़ तालिबान ने शनिवार को महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सिर से लेकर पैर तक बुर्के में ढके रहने का आदेश दिया। इसके साथ ही मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की तालिबान द्वारा कट्टर रुख अपनाने की आशंका को बल मिला है। इस कदम से तालिबान के अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ बर्ताव और रुख की प्रक्रिया और जटिल होगी। यह प्रक्रिया पहले से ही तनावपूर्ण है। तालिबान के आदेश के मुताबिक महिलाओं की केवल आंख दिख सकती है और उन्हें सिर से लेकर पैर की उंगलियों तक को ढकने वाले बुर्के पहनने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि तालिबान ने वर्ष 1996-2001 के पिछले शासन काल में भी महिलाओं पर इसी तरह की सख्त पाबंदी लगाई थी। तालिबान के आचरण और नैतिकता मंत्री खालिद हनफी ने कहा, हम चाहते हैं कि हमारी बहनें सम्मान और सुरक्षा के साथ रहें। तालिबान ने इससे पहले कक्षा छह के बाद लड़कियों की शिक्षा पर रोक लगा दी थी और कट्टरपंथियों के तुष्टिकरण के प्रयास शुरू कर दिए। इससे वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय से और अलग थलग हो जाएगा। इस फैसले से तालिबान की संभावित अंतरराष्ट्रीय दानकर्ताओं से मान्यता प्राप्त करने की कोशिशें भी बाधित हुई हैं। वह भी ऐसे समय में जब अफगानिस्तान सबसे बुरे मानवीय संकट से गुजर रहा है। आचरण और नैतिकता मंत्रालय के अधिकारी शीर मोहम्मद ने एक बयान में कहा, सभी सम्मानित महिलाओं के लिए हिजाब जरूरी है।

I, Daksh Khadria, son of Shri Sumit Khadria, resident of Flat No. 1117, Tower H, Prateek Edifice, Sector 107, Noida, Pin code 201305, Dist Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh, state that at the time of birth my name was Aahaan Khadria, but thereafter it was changed to Daksh Khadria and I'm known as **DAKSH KHADRIA** for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

ENTIRE PROPERTY BEARING NO. 55-A/2 (LHS, ARJUN NAGAR NEW DELHI-110029, MEASURING 50.166 Sq. Mtrs.

Be at known to all that my client **Rakesh Triptahi S/o Prabhat Tripathi R/o House No.97 b, II Floor, Arjun Nagar, Safdarjung Enclave S.O. South West Delhi, Delhi-110029** intends to purchase Property bearing NO. 55-A/2 (LHS) Arjun Nagar New Delhi-110029, Measuring 50.166 Sq. Mtrs, from **Manoj Kumar Chitkara S/o Arjun Das R/o B 7/91/2, Safdarjung Enclave, South West Delhi, Delhi-110029** who has represented himself, absolute and legal owner of the said property and have further represented that the said property is free from all sorts of encumbrances (registered or un-registered) including but not limited to prior sale, gift, mortgage, charge, lien, claims, litigation, disputes etc. Any other person(s) having any claim against, into or upon the said property or any part thereof by virtue of sale, inheritance, agreement, contract, mortgage,lien, charge etc., or otherwise howsoever and of whatsoever nature is hereby required to notify the same in writing along with supporting documentary evidence to the undersigned within **7 (seven) days,** from the date of publication of this notice, failing which my Client shall conclude the sale and any claim and/or objection if any shall be considered as waived and abandoned and shall not be binding upon my client.

Manish Raj Sharma (Advocate)
CH. NO.666, Saket Courts New Delh1-17
Mob: No. 9810052699

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में भूकंप से 80 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त

- 5.2 की तीव्रता से आए अर्थ क्वैक ने बेघर किया दो सौ से अधिक परिवारों को

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत में 5.2 तीव्रता के भूकंप से खुजदार जिले में कम से कम 80 मकान ढह गए जिसके चलते 200 से अधिक परिवार बेघर हो गए। मीडिया की खबरों में शनिवार को यह जानकारी दी गई। मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप का केंद्र औरनाजी के पास था और शुक्रवार को दिन में 11 बजकर 55 मिनट पर झटका महसूस किया गया। डॉन अखबार के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि भूकंप करीब आधे मिनट तक महसूस किया गया, जिससे घबराए हुए लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल कर खुले में भागे। बड़े झटकों के बाद थोड़े अंतराल पर कम तीव्रता के झटके महसूस किए गए। खुजदार के उपायुक्त सेवानिवृत्त मेजर इलियास किबजई ने डॉन अखबार को बताया, औरनाजी का एक बड़ा क्षेत्र भूकंप से प्रभावित हुआ, जिसमें 80 से अधिक मकान ध्वस्त हो गए, जबकि 260 अन्य मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं।

भूकंप से वाध तहसील के नाल, जमरी, बारंग और नाचकन सोनारो लाठी गांवों में भी मकानों को नुकसान पहुंचा है। किबजई ने कहा, भूकंप से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि अधिकतर लोग अपने-अपने घरों के बाहर काम में व्यस्त थे। जो लोग अंदर थे वे शुरुआती झटके के बाद अपने घरों से बाहर निकल गए। उन्होंने कहा कि मकान ढहने से 200 से अधिक परिवार बेघर हो गए। भूकंप की सूचना मिलने के तुरंत बाद, भूकंप प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री भेजी गई। किबजई ने बताया कि पहाड़ी इलाका होने के कारण बचाव और राहत टीम को प्रभावित गांवों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। उपायुक्त ने कहा, हमने दवाओं के साथ स्वास्थ्य टीम भेजी है। प्रभावित परिवारों को आश्रय मुहैया कराने के प्रयास भी जारी हैं। इस बीच, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर अब्दुल कुदूस बिजेंजो ने भूकंप से स्थानीय लोगों को हुए वित्तीय नुकसान पर गंभीर चिंता व्यक्त की और स्थानीय प्रशासन तथा प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत प्रभावी राहत अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्र में तंबू, कंबल और अन्य जरूरी चीजों की तत्काल व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस मुश्किल घड़ी में सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है।

## मारियुपोल में इस्पात संयंत्र में फंसे लोगों को निकालने का अभियान जारी

**जापोरिज्जिया (यूक्रेन)।** यूक्रेन के मारियुपोल में इस्पात संयंत्र में फंसे हुए लोगों को निकालने का अभियान जारी है और बचावकर्मी संयंत्र के नीचे सुरंगों के जरिए अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित निकालने की कोशिश कर रहे हैं। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जाने वाले मारियुपोल शहर पर रूस को संपूर्ण रूप से नियंत्रण करने से रोकने के लिए यूक्रेनी सैनिक और लड़ाके अपनी अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं। रूस और यूक्रेन के अधिकारियों के मुताबिक, अज़ोवस्टल संयंत्र से शुक्रवार को दर्जनों लोगों को निकाला गया और उन्हें संयुक्त राष्ट्र तथा रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति के प्रतिनिधियों को सौंप दिया गया। रूसी सेना के मुताबिक, इस्पात संयंत्र से 11 बच्चों समेत कुल 50 लोगों को निकाला गया। रूसी अधिकारियों और यूक्रेन की उप प्रधानमंत्री इरीना वीरेश्चुक ने कहा कि लोगों को निकालने की कोशिश सप्ताहांत में भी जारी रहेगी।

## यूक्रेन को 15 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सैन्य मदद भेजेगा अमेरिका : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूसी के हमले से निपटने के लिए यूक्रेन को गोले और राडार प्रणाली के लिए 15 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सैन्य मदद भेजने की मंजूरी दे दी है। बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि नवीनतम खर्च का मतलब है कि उनका प्रशासन वह राशि लगभग दे चुका है, जो अमेरिकी कांग्रेस ने मार्च में यूक्रेन की मदद के लिए अधिकृत की थी। उन्होंने सांसदों से 33 अरब डॉलर से अधिक की सहायता राशि को जल्द मंजूरी देने का आह्वान किया, जो सितंबर के अंत तक चलेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बयान जारी कर कहा, हम यूक्रेन में अग्रिम मोर्चे पर तैनात जवानों के लिए कांग्रेस द्वारा अधिकृत हथियार और उपकरण भेज रहे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका और उसके सहयोगियों व भागीदारों का समर्थन कीव में लड़ाई जीतने व रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मंसूबों पर पानी फेरने में यूक्रेन की मदद करने के लिहाज से अहम है। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नवीनतम मदद के तहत यूक्रेन को 155 एमएम के 25,000 गोले, गोला-रोधी राडार, जैमर, फील्ड उपकरण और अतिरिक्त कलपुर्जे भेजे जाएंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि फ्लैट नंबर 401, 4th फ्लोर, ब्लाक – C, फ्लेक्स अपार्टमेंट, सेक्टर-62, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उ.प्र. (ड्रा बेसिस) जिसके मूल आवंटी निसार हुसैन पुत्र स्व० अलीम हुसैन निवासी E-40।, सेक्टर-27, नोएडा, हैं। आवंटी द्वारा उपरोक्त फ्लैट जी०पी०ए० के माध्यम से अंतरित किया जा रहा है जिसके जी०पी०ए० धारक श्री अनुरंजन कुमार पुत्र श्री संत कुमार निवासी C-401, फ्लेक्स अपार्टमेंट, C-58/22, सेक्टर 62, नोएडा के पक्ष में 13.12.2000 को निष्पादित हुआ जोकि पंजीकृत है। तथा एग्रीमेंट टू सेल डॉ संदीपन कुमार, डॉ विवेक कुमार एंड श्री अनुरंजन कुमार सभी पुत्र श्री संत कुमार के पक्ष में 13.12.2000 को निष्पादित हुआ है जोकि अपंजीकृत है।
अतः सम्बंधित फ्लैट जीपीए धारक श्री अनुरंजन कुमार पुत्र श्री संत कुमार के द्वारा अपनी पत्नी दीप्ति अग्रवाल पत्नी श्री अनुरंजन कुमार निवासी C-401, फ्लेक्स अपार्टमेंट, C-58/22, सेक्टर-62, नोएडा के पक्ष में अंतरित किया जा रहा है। अतः यदि किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति नोएडा प्राधिकरण के ग्रुप हाउसिंग विभाग में सार्वजानिक सूचना के प्रकाशन से 30 दिन के अंदर साक्ष्य सहित दर्ज करे।
अनुरंजन कुमार
(जीपीए धारक)

## एलआईसी के आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को पूर्ण अभिदान

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित शेयरों को शनिवार को पूर्ण अभिदान मिल गया। एलआईसी के आईपीओ के चौथे दिन गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्से को पूर्ण अभिदान मिल गया। निर्गम के तहत कुल 2,96,48,427 शेयरों को गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित रखा गया था। इसकी तुलना में शनिवार शाम 4.30 बजे तक कुल 3,06,73,020 बोलियां मिल चुकी थीं। शेयर बाजारों से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक एलआईसी के आईपीओ को अब तक कुल 1.59 गुना अभिदान मिल चुका है। अभी इस निर्गम के बंद होने में दो दिन बाकी हैं।

## पहला इनोवेटिव रियल मनी कार्ड गेम

**नई दिल्ली।** पेशेवर गेमर्स के लिए पहला हैक.प्रूफ रियल मनी गेमिंग स्टार्ट.अप, रेन गेम्सने मैजिक टी23 का शुभारंभ किया जो भारत का पहला इनोवेटिवएरियल मनी कार्ड गेम है। कार्ड गेम की एक नई शैली, इससे सामरिक निर्णय लेने की क्षमता और त्वरित सोच विकसित होती है इसके साथ.साथ यह एक परिवार के साथ खेला जा सकने वाला आदर्श गेम है। रीप्ले, फेयर प्ले, इंस्टेंट विदड्रॉल और सबसे तेज केवाईसी जैसे फीचर युक्त यह मैजिक टी23 भारत का सबसे पारदर्शी गेम भी है। इस नए गेम का एक और ज़बरदस्त पहलू है कि यह खेल दूसरों खेलों के विपरीत बहुत ही श्छोटा और मज़ेदारश् अर्थात शॉर्ट एंड स्वीट है, यानी एक राउंड 45 सेकंड में और एक पूरा गेम 5 मिनट में पूरा किया जा सकता है। नए मैजिक टी23 कार्ड गेम पर टिप्पणी करते हुए, निष्ठा गुप्ता, सह.संस्थापक और मुख्य उत्पाद अधिकारी रेन गेम्स ने बताया कि जिन खेलों में एकल विजेता को बढ़ावा दिया जाता हैं, ऐसे गेम अत्यधिक खेलने की प्रवृत्ति विकसित करते हैं।

# कृषि मंत्री तोमर करेंगे इजरायल का दौरा

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर 8-11 मई के दौरान इजरायल का दौरा करेंगे जहां पर वह द्विपक्षीय बैठकों और कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा में हिस्सा लेंगे। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इजरायल के कृषि मंत्री ओडेड फोरर के निमंत्रण पर तोमर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 8-11 मई के दौरान इजरायल का दौरा करने जा रहा है। इस दौरान दोनों देशों के बीच कृषि से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल नौ मई को ग्रीन 2000 – एग्रीकल्चरल इक्विपमेंट एंड नो हाउ लिमिटेड और एनईटीएएफ़आईएम लिमिटेड के केंद्रों का दौरा करेगा। ए संगठन कृषि के विभिन्न क्षेत्रों की अलग अलग परियोजनाओं की योजना, प्रबंधन, स्थापना, परामर्श के काम में तथा धान, गन्ना और कपास में इस्तेमाल होने वाले सूक्ष्म एवं स्मार्ट सिंचाई प्रणाली (ड्रिप सिंचाई) के विभिन्न काम में लगे हुए हैं। तोमर तेल अवीव में स्थित इजरायल एक्सपोर्ट एंड इंटरनेशनल कोऑपरेशन इंस्टीट्यूट में वहां की एग्रीटेक स्टार्टअप कंपनियों के साथ एक गोलमेज बैठक में भी शिरकत करेंगे। बयान के मुताबिक, कृषि मंत्री को किबुत्ज़ नान के पास उन्नत मानचित्रण और फोटोग्राफी के संयोजन के साथ ड्रोन कृषि प्रौद्योगिकी समाधान प्रस्तुत किए जाएंगे। मंत्री नेगेक रेगिस्तानी क्षेत्र में भारतीय मूल के एक किसान के खेत का भी दौरा करेंगे जहां भारतीय सब्जियों की खेती हो रही है। दौरे के अंत में तोमर इजरायली कृषि मंत्री के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का एमएएसएचएवी के अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रशिक्षण केंद्र, शेफायम का दौरा करने का भी कार्यक्रम है। यह केंद्र कृषि, जल प्रबंधन, पर्यावरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में काम करता है।

**TO WHAM IT MAY CONCERN**

Under the instructions of my client namely Prashant Tandon son of JB Tandon and the resident of C 263 Golf Apartments Saket, New Delhi, who was the investor (hereinafter referred to as my client) with the below said person, I have to serve upon the following notice:-

**PUBLIC NOTICE**

- Beware of Rahul Kumar alias Rahul Malhotra alias Rahul Sahay son of Narottam Kumar Malhotra & resident of FF-44, Top Floor, Mangal Bazaar Road, Laxmi Nagar, Delhi.
It has been learnt that above mentioned person who has been gone by different names/aliases has been trying to create false perceptions by taking out false PR Information and trying to lure investors to give him money as initial expenses.
He has also been doing same as a pattern by way of incorporating different companies by the name of EGW Capital, Exhilway link, Exhilway Finance Academy, Lyca Island, Lyca Nation etc,.
Kindly note that my client does not accept any liability for any loss or damage that may be suffered or incurred directly or indirectly through correspondence with above said Rahul Kumar alias Rahul Malhotra alias Rahul Sahay.
My client or any member of his family has nothing to do or any association with above said Rahul Kumar alias Rahul Malhotra alias Rahul Sahay or any of his projects (like- LYCA Island, LYCA Nation) and my client hereby disassociate himself with Rahul Kumar alias Rahul Malhotra alias Rahul Sahay.
Note: A copy of this notice has been retained in my office for record.

PAWAN KUMAR (KHANNA)
P/726/2011 Advocate
Room No. 32, New Bar Complex
Punjab & Haryana High Court, Chd.
Mob:- 9781800716, 9648468549

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अबू आरिफ/ रौशन आरा- LBJAI00004461609 | फ्लैट नंबर डब्ल्यू-101 + डब्ल्यू-102, पहली मंज़िल, पिंक प्राइड सुइट्स, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान, जयपुर- 302011./ 04 मई, 2022। | जनवरी 12, 2022 ₹ 29,33,394.00/- | जयपुर/ गुडगाँव |
| 2. | संजय शर्मा/ सुनीता- LBJAI00004688632 | फ्लैट नं एन 101 102, पहली मंज़िल, पिंक प्राइड, खसरा नं 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास, भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, जयपुर- 303902/ 04 मई, 2022 | नवम्बर 15, 2021 ₹ 23,77,310.01/- | जयपुर/ गुडगाँव/ मऊ |
| 3. | किरण पाल/ ममता- LBJAI00003668530 | फ्लैट नंबर डब्ल्यू 501 डब्ल्यू 502, 5वीं मंज़िल, पिंक प्राइड, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास, भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान- 303902/ 04 मई, 2022 | नवम्बर 15, 2021 ₹ 16,46,412.00/- | जयपुर/ पलवाल/ गुडगाँव/ |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 07, 2022
स्थान: गुडगाँव
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**

SUNLOC
पंजीकृत कार्यालय
38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
ई-मेल : **info@sunilhealthcare.com**, वेबसाइट : **www.sunilhealthcare.com**
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662

**31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष समाप्त 31.03.2022 | 3 माह समाप्त 31.03.2022 (नोट 3 देखें) | 3 माह समाप्त 31.03.2021 (नोट 3 देखें) | वर्ष समाप्त 31.03.2022 | 3 माह समाप्त 31.03.2022 (नोट 3 देखें) | 3 माह समाप्त 31.03.2021 (नोट 3 देखें) |
| | | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 11,637.29 | 3,070.99 | 2,276.30 | 11,916.41 | 3,168.18 | 2,348.58 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 957.11 | 550.55 | 15.20 | 926.47 | 566.43 | (50.51) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 957.11 | 550.55 | 15.20 | 926.47 | 566.43 | (50.51) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 677.68 | 386.77 | 6.87 | 642.06 | 401.07 | (59.76) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है, | 671.71 | 380.80 | 8.85 | 623.76 | 386.49 | (39.37) |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है। | 4,453.49 | - | - | 3,970.01 | - | - |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों क बाद) (रू. 10/- प्रत्येक का) | - | - | - | - | - | - |
| | (क) मूल (रू.) | 6.61 | 3.77 | 0.07 | 6.26 | 3.91 | (0.58) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 6.61 | 3.77 | 0.07 | 6.26 | 3.91 | (0.58) |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही/वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। समाप्त तिमाही/वर्ष के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (**www.bseindia.com**) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (**www.sunilhealthcare.com**) पर उपलब्ध है।
2. चूंकि कम्पनी का व्यवसाय एकल प्राथमिक व्यवसाय खण्ड नामतः कैप्सूल की बिक्री के अंतर्गत आता है, अतः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित तदधीन जारी प्रासंगिक नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस-108) "प्रचालन खण्ड" के प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू नहीं है।
3. 31 मार्च, 2022 और 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष हेतु लेखापरीक्षित आंकड़ों तथा समाप्त नौ माह हेतु प्रकाशित वर्षाद्यतन अवधि के आंकड़ों के बीच संतुलनकारी आंकड़े हैं।
4. पूर्व अवधियों के आंकड़े, जहां कहीं आवश्यक है, उन्हें चालू अवधि वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।
5. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 06 मई, 2022 को सम्पन्न उनकी संबंधित बैठकों में किया गया था।

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 06-05-2022
अनिल खेतान
(अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00759951

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 548/ई-निविदा/2022-23/ दिनांक : 06.05.2022

**ई- निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमिशियल बिड) आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

| निविदा क्र0 सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विकास नगर | माजरी पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राइजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 254250.00 | ₹4000GST | 12 माह |
| 2 | विकास नगर | कटा पत्थर पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राइजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 230300.00 | ₹4000GST | 12 माह |
| 3 | कालसी | व्यास भूड, व्यास नहरी पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, राइजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 167100.00 | ₹4000GST | 12 माह |
| 4 | चकराता | समोग पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 168500.00 | ₹4000GST | 12 माह |
| 5 | चकराता | धारू पुडिया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 207400.00 | ₹4000GST | 12 माह |
| 6 | सहसपुर | अटक फार्म पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राइजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 680800.00 | ₹4000GST | 12 माह |
| 7 | सहसपुर | जगतपुर पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 140200.00 | ₹4000GST | 09 माह |
| 8 | सहसपुर | तिलवाडी पेयजल योजना स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 227200.00 | ₹4000GST | 12 माह |
| 9 | सहसपुर | बिरसनी नाहड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 183000.00 | ₹4000GST | 12 माह |
| 10 | रायपुर | दुधई पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 111500.00 | ₹4000GST | 09 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0स0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 13.05.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 13.05.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 18.05.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 21.05.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 26.05.2022 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 26.05.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 27.05.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई-निविदा सं सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑफ लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"
अधिशासी अभियन्ता

# समाधान दिवस में ही निपटाएं लोगों की समस्यायें: डीआईजी

संवाददाता। चित्रकूट



सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनने को बैठे अधिकारीगण पायनियर

**पुलिस** महानिरीक्षक चित्रकूटधाम मंडल एसके भगत, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की मौजूदगी में तहसील सभागार कर्वी में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं। डीआईजी बांदा ने कहा कि राजस्व व पुलिस के अधिकारी तालमेल से समस्यायें निपटायें। शनिवार को तहसील कर्वी सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीआईजी बांदा एसके भगत ने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद जोरशोर से तहसील, थाना, ब्लाक दिवस मनाये जा रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में जो कमियां रह गई थीं, उसे कैसे कम करें, इस पर कार्य हो रहा है। सभी अधिकारी 90 फीसदी से ज्यादा निस्तारण करायें। राजस्व-पुलिस के अधिकारी तालमेल से समस्यायें निपटायें। समाधान दिवस का मतलब होता है कि तत्काल उसी दिन समस्याग्रस्त व्यक्ति की समस्या का हल हो जाये तो वह खुश होकर अपने घर जायेगा। प्रशासन का गुणगान भी करेगा। डीएम-एसपी ने कहा कि समाधान दिवस के दिन संबंधित अधिकारियों को लगाकर तत्काल समस्यायें समय सीमा के भीतर निस्तारित करायें। चार श्रेणी में शिकायतों के निस्तारण को बांटा गया है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में जो समस्यायें मिलती हैं, उनका एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करायें। भूमि संबंधी मामले की पैमाइश कराकर जमीनों के विवाद का समाधान करायें। इस मौके पर एसडीएम सदर पूजा यादव, सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय, एसीएमओ डॉ इम्तियाज, डीएफओ आरके दीक्षित, डीडीओ आरके त्रिपाठी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## नशेड़ी भाई की हरकतों से त्रस्त बड़ा भाई पुलिस की शरण में पहुंचा

संवाददाता। जालौन (उरई)

**छोटे भाई** द्वारा बड़े भाई के साथ गाली, गलौज व मारपीट करने की शिकायत पीड़ित बड़े भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी दिलीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके छोटा भाई राजेश कुमार की आदतें खराब हैं। नशे में वह कुछ भी कर बैठता है। जिसके चलते परिवार के लोग परेशान हैं। बताया कि शनिवार की सुबह वह परिवार के साथ घर पर बैठे थे। तभी छोटा भाई राजेश वहां आया और उसके व पत्नी के साथ गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर घर में रखा गृहस्थी का सामान फेंक दिया और आग लगाने की कोशिश करने लगा। रोकने पर उसने मारपीट कर दी। पीड़ित भाई ने छोटे भाई के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# साजिश के तहत विधायक की कार में टक्कर मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, दो हुए फरार

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**रात में** अपनी धर्म पत्नी के साथ कार से जा रहे पूर्व मंत्री तथा वर्तमान विधायक तथा उनकी धर्मपत्नी ब्लाॅक प्रमुख को दूसरी कार से साजिश के तहत जानलेवा हमला करने की नियत से टक्कर मारी गई हालांकि विधायक और उनकी पत्नी बाल-बाल बच गए लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गयी। दुर्घटना के समय दो आरोपी मौके से भाग निकले। जबकि दो आरोपी पकड़े गए लेकिन मौका लगते ही वह भी भाग निकले लेकिन पुलिस ने सक्रियता के चलते दोनों को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया।

जानकारी के अनुसार रात को करीब 11 बजे पूर्व मंत्री तथा बिंदकी क्षेत्र के वर्तमान विधायक जय कुमार सिंह जैकी व उनकी धर्मपत्नी सुशीला सिंह जो कि वर्तमान में मावली क्षेत्र से ब्लॉक प्रमुख हैं। एक ही कार में सवार होकर बिंदकी कस्बे के ललौली रोड स्थित गेस्ट हाउस से एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कानपुर अपने घर जा रहे थे। जब विधायक की गाड़ी तेंदुली गांव के समीप पहुंची तभी जानलेवा हमले की नियत से कार में तेज टक्कर मारी गई। एक टक्कर लगने के बाद दूसरी टक्कर फिर जानबूझकर मारी गई। जिसे विधायक की गाड़ी बहुत अधिक क्षतिग्रस्त हो गई हालांकि विधायक तथा उनकी पत्नी बाल-बाल बच गयीं।

दुर्घटना के समय दो आरोपी कार से निकल कर मौके से फरार हो गए। जबकि दो आरोपी जिसमें कार चालक मोहम्मद हाशिम उम्र 28 वर्ष पुत्र मोहम्मद नौशाद तथा मोहम्मद मुशर्रफ उम्र 20 वर्ष पुत्र मोहम्मद असलम दोनों निवासी मोहल्ला मसवानी फतेहपुर पकडे गए लेकिन चकमा देकर अपने को छुड़ाकर मौके से भाग निकले। देर रात को कार चालक और दूसरा साथी दोनों को नगर के गांधी चौराहे से सब इंस्पेक्टर विपिन सिंह यादव ने पुलिस बल के साथ पकड़ लिया। शनिवार की सुबह दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। इस मामले में शुभम सिंह पुत्र चुन्नू सिंह निवासी मुगल रोड कस्बा बिंदकी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार टक्कर मारने वाली कार की नंबर प्लेट में ऊपर से दूसरे नंबर की स्टीकर लगी थी इतना ही नहीं कार में हमला करने की नियत से लोहे की रॉड व डंडा भी मिले हैं। इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दो आरोपी पकड़े गए हैं। दो फरार हैं। जिनकी तलाश जारी है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई है।

# कंपोजिट विद्यालय चांदपुर में स्मार्ट क्लास का हुआ उद्घाटन

- बच्चों को मिलेगी हाईटेक शिक्षा

**अमौली (फतेहपुर)।** विकासखंड अमौली के कम्पोजिट विद्यालय चांदपुर में स्मार्ट क्लासरूम व सुसज्जित क्रीडा प्रांगण के भव्य लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा व खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल ने संयुक्त रूप से सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता अरुण तिवारी व संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया। तिरहर क्षेत्र में यमुना और नोन नदी के तटवर्ती गांव चांदपुर मे खुशियों का माहौल था क्योंकि कम्पोजिट विद्यालय चाँदपुर में स्मार्ट क्लासरूम व बच्चों तथा युवाओं के लिए बालीबॉल, हैंडबॉल, बैडमिंटन जैसे कोर्ट से सुसज्जित खेल के मैदान का लोकार्पण किया गया। इसके पूर्व विकासखंड अमौली के सेवानिवृत्त शिक्षकों श्रीकांत वर्मा, श्रीमती शकुंतला देवी, श्रीमती सुमित्रा ओमर को माल्यार्पण कर, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को ससमय विद्यालय में भेजने की अपील करते हुये कहा कि कोरोना जैसी महामारी के कारण बच्चों का जुड़ाव विद्यालय से कम जरूर हुआ था किन्तु जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रार्थना पंचांग-2 बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने अध्यापकों से कर्तव्य पथ पर चलने को कहा। कहा कि शासन की मंशा के अनुसार कुछ ही समय में परिषदीय विद्यालयों की गुणवत्ता पब्लिक स्कूलों से ज्यादा अच्छी होगी और सेवानिवृत्त शिक्षकों को अग्रिम जीवन हेतु शुभकामनाएं दी।

# पुलिस जुल्म के खिलाफ आप ने जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

संवाददाता। चित्रकूट



प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता पायनियर

**आम** आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में सूबे की कानून व्यवस्था दुरुस्त कराने एवं ललितपुर व चन्दौली में हुई आपराधिक घटना की उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर जुलूस निकालकर प्रदर्शन कर धरना दिया।

शनिवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप कार्यकर्ताओं ने शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन कर तहसील मुख्यालय में धरना दिया। धरने में संतोषी शुक्ला ने कहा कि ललितपुर में एक किशोरी के साथ गैंगरेप में न्याय पाने को थाने जाने पर दरोगा ने ही दुष्कर्म कर डाला। चन्दौली में दो बेटियों को घर में घुसकर पुलिस कर्मियों ने बेरहमी से पीटकर हत्याकर दी। पुलिस जांच में किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। प्रयागराज में एक परिवार के पांच लोगों की हत्या से सूबे में दहशत फैल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में एक माह में कई हत्यायें हो चुकी हैं। थाने में बलात्कार हो रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। उन्होंने कहा कि एक महिला को थाने में पुलिस अधिकारियों ने निर्वस्त्र करके पीटा। ऐसी घटनाओं से प्रदेश की छवि विश्व पटल पर धूमिल हो रही है। आम आदमी पार्टी प्रदेश की जनता के साथ अन्याय बर्दास्त नहीं करेगी। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ जल्द कार्यवाही हो। इस बाबत सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने में आप कार्यकर्ता अंकित सिंह, श्यामबाबू त्रिपाठी, महफूज अहमद, लवलेश केशरवानी, नर्मदा यादव, कमलेश पटेल, दिनेश पटेल, राजू केशरवानी, गोपाल द्विवेदी, अविनाशचन्द्र त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, जुगुलकिशोर जाटव, राजकुमार नामदेव, सुरेश सिंह, कंचन सिंह, जयकरन सिंह, युवराज सिंह, अमर सिंह चौहान, विनय यादव, नीरज कुमार आदि शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### पति से लड़ पत्नी ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तुरावली का पुरवा में शाम पति से झगड़ा करने के बाद 28 वर्षीय युवती ने घर के अन्दर अपनी ही साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार तुरावली का पुरवा मोहल्ला निवासी हरिश्चन्द्र की पत्नी लक्ष्मी देवी का शाम आपने पति से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। जिससे क्षुब्ध होकर उसने घर के अन्दर पंखे में अपनी ही साड़ी का फंदा डाल फांसी पर लटक गई।

### जहरीला कीड़ा काटने से अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** जाफगरंज थाना क्षेत्र के ग्राम कमासी में जंगल लकड़ी काटने गये 55 वर्षीय अधेड़ को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी मौके में ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कमासी गांव निवासी दुर्जन प्रसाद का पुत्र रामसजीवन अपने भाई राम सहाय के साथ गांव के बाहर जंगल लकड़ी काटने गया था। इसी दौरान जहरीले कीड़े ने रामसजीवन को काट लिया। जिससे कुछ ही देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### साँड़ के हमले से घायल वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हरदौल में आवारा अन्ना साँड़ ने रोड़ किनारे जा रहे 75 वर्षीय वृद्ध को घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिये अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार हरदौल गांव निवासी वृद्ध बीरेन्द्र पाल सिंह घर के बाहर रोड़ किनारे जा रहे थे। इसी दौरान वहां घूम रहे आवारा अन्ना साँड़ ने उन्हें सींग मार दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजन व गांव वालों ने सांड़ को भगाया और गंभीर हालत में बीरेन्द्र को उपचार के लिये अस्पताल ला रहे थे। इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से दुकानदार की मृत्यु

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजकर हादसे की पडताल में जुट गई है। शुक्रवार को देर रात सुरेन्द्र कुमार पुत्र हीरालाल केशरवानी निवासी खुटहा देर रात अपनी इलेक्ट्रानिक की दुकान बन्दकर कर्वी से अपने गांव खुटहा जा रहा था। घर पहुंचते ही सुरेन्द्र के बेटे शिवम ने कहा कि उसकी स्कूली डेऊस नहीं लाये। उसने कहा कि डेऊस दुकान में रखी है। वह डेऊस लेने मोटरबाइक से जिला मुख्यालय आ रहा था। इसी बीच गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। लोगों की सूचना पर पहुची पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सुरेन्द्र के परिजनों को फोन से सूचना दी। सूचना पाते ही परिजनों के होश उड गये और घर में कोहराम मच गया। सुरेन्द्र के जीजा दिलीप केशरवानी ने बताया कि पांच वर्षों से बस स्टैण्ड के पास इलेक्ट्रानिक की दुकान चला रहा था। सुरेन्द्र के एक पुत्र व एक पुत्री है। वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। सीतापुर चौकी प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि ठोकर मारने वाले वाहन की तलाश जारी है।

### मजदूर ने बन्द कमरे में की आत्महत्या

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी क्षेत्र के एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। शनिवार को राजकुमार निषाद पुत्र लोटन निषाद निवासी सिंहपुर के केवटपुरवा का विवाह कोतवाली कर्वी के कुलीतलैया में हुआ था। राजकुमार अपना घर बनाकर दस वर्षों से यहां रह रहा था। मजदूरी कर बच्चों का भरण-पोषण करता था। उसकी पत्नी ननकी देवी ने बताया कि शुक्रवार की शाम मजदूरी कर घर आने पर भोजन के बाद सो गया। सवेरे कमरे का दरवाजा न खुलने पर काफी आवाज लगाने के बाद भी नहीं खुला तो खिडकी से देखा तो पति फांसी पर लटका देखकर होश उड गये। ननकी ने तत्काल कोतवाली कर्वी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घर पहुंचकर दरवाजा तोडकर शव बाहर निकालकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। कर्वी कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि घटना आत्महत्या प्रतीत होती है। पुलिस जांच में जुटी है। परिजनों ने बताया कि वह बहुत शान्त स्वभाव का था। मजदूरी कर परिवार का पेट पालता था।

### कर्वी कोतवाल ने चोरी का खुलासा कर माल समेत चोर दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर एक चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। शनिवार को कोतवाली कर्वी के कोतवाल अजीत कुमार सिंह की देखरेख में दरोगा विनय विक्रम सिंह की टीम ने अम्बिकाकुंज तरौंहा के हरनारायण द्विवेदी पुत्र केदारनाथ द्विवेदी की दुकान पहाडिया फैशन मार्ट में पांच मई को चोर प्रिंटर, पांच लैपटाप, सीसीटीवी कैमरा व अन्य इलेक्ट्रानिक सामान चुरा ले गये थे। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्जकर सुरागरसी कर चोर आशीष सिंह चौहान पुत्र रंजीत सिंह चौहान निवासी कटरा चौराहा बोडेराम हलवाई के पास बांदा हाल निवासी नोनिया मोहल्ला पुरानी बाजार कर्वी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। टीम में दरोगा विनय विक्रम सिंह व सिपाही पीयूषशरण श्रीवास्तव शामिल रहे। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा रामआसरे की टीम ने कामता केवट पुत्र सुखलाल केवट निवासी सूरजकुंड के कब्जे से एक अवैध बन्दूक व दो कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया है।

### एडीएम ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

**जालौन (उरई)।** तहसील परिसर में नगर पालिका द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर का एडीएम ने लोकार्पण किया। नगर पालिका द्वारा तहसील परिसर में आने वाले लोगों के लिए भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था करते हुए वाटर कूलर लगवाया गया है। वाटर कूलर का लोकार्पण एडीएम पूनम निगम द्वारा द्वारा किया गया। एडीएम ने कहा कि तहसील में पूरे तहसील क्षेत्र के लोग आते हैं। भीषण गर्मी के मौसम में लोगों की पेयजल की अधिक आवश्यकता पड़ती है। यह अच्छा है नगर पालिका द्वारा तहसील परिसर में वाटर कूलर लगवाया गया है। इससे तहसील आने वाले लोग गर्मी के मौसम शीतल पेयजल का उपभोग कर सकते हैं।

### दुष्कर्म के दोषी को सात वर्ष की कैद

**हमीरपुर।** दुष्कर्म के आरोपी को आज अदालत ने सात वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 11 जुलाई 2014 को जरिया थाने में क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर दी। जिसमें उसने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ 11 जुलाई को सुबह दस बजे राठ कस्बे दवा लेने गया था और घर में उसकी 15 वर्षीय पुत्री अकेली थी। तभी गांव का ही जितेंद्र पुत्र सुघर सिंह खंगार घर से उसकी बेटी को फुसला कर ले गया। पीड़िता के बरामद होने के बाद उसने दिए गए बयानों में आरोपित द्वारा दुष्कर्म की बात कही। जिस पर पुलिस ने जितेंद्र के खिलाफकिशोरी को ले जाने, दुष्कर्म करने व 4 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# बलपूर्वक न्यायिक कार्य बन्द कराने का आरोप

संवाददाता। कानपुर देहात

**अधिवक्ता** गण जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान व मुलायम सिंह यादव ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर बताया कि कुछ बार संघो के कतिपय पदाधिकारियों द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2022 से अनाधिकृत रूप से भारी अराजक भीड़ इकट्ठी कर बिना किसी सक्षम कारण अधिवक्ताओं को अधिवक्ता हड़ताल के नाम से भय दिख उनको न्यायिक कार्य करने से बल पूर्वक आज तक अनिश्चित काल के लिए रोका गया जो अति गम्भीर आपराधिक मामला है। जितेन्द्र चौहान एवम मुलायम सिंह ने बताया कि उपरोक्त बार संघो के कतिपय पदाधिकारियों और अराजक अनियंत्रित भीड की अराजकता के खिलाफ जा कर वह न्यायिक कार्य करना चाहते है इस बात की लिखित सूचना जितेन्द्र चौहान ने दिनांक 4 मई 2022 को जिला जज अनिल कुमार झा को देकर मांग की थी कि न्यायिक कार्य हेतु न्यायाधीशों को न्यायालय कक्ष में बैठाने व नए दावों प्रार्थना पत्रों आदि को दाखिल करने हेतु कॉम्प्यूटर पटल को खोला जावे।इसी तरह का प्रार्थना पत्र एकीकृत बार एसोसिएशन अध्यक्ष सम्पत लाल यादव ने भी जिला जज को दिया था तथा कृत कार्यवाही हेतु उच्चतम न्यायालय एवम उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीशों आदि को पत्र लिखा था जिसका संज्ञान लेते हुए जिला जज अनिल कुमार झा ने दिनांक 6 मई को सभी न्यायाधीशों को न्यायिक कार्य करने हेतु न्यायिक कक्ष में बैठने व कंप्यूटर पटल को खोले जाने का आदेश पारित कर ब्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी थीएजिस पर कतिपय बार संघो के कतिपय पदाधिकारियों ने भारी अराजक भीड़ इकट्ठी कर पूरे न्यायालय परिसर में नारेबाजी करते हुए न्यायिक अधिकारियों को न्यायालय से न सिर्फ बाध्य किया गया बल्कि कंप्यूटर पटल के बाहर भारी अराजक भीड़ इकट्ठी कर अधिवक्ताओ को बल पूर्वक उनके दावे प्रार्थना पत्र दाखिल करने से रोका गया बावजूद इसके भारी दबाव और उपरोक्त लीगों के द्वारा किये गए अपमान को सहते हुए जितेन्द्र चौहान व अन्य कई साहसी अधिवक्ताओ ने अपने अपने दावे कंप्यूटर पटल में दाखिल किए जिससे नाराज हो कर उपरोक्त संस्थाओं के कतिपय पदाधिकारियों ने एकीकृत बार एसोसिएशन महामन्त्री अरविन्द कुमार कुशवाहा के माध्यम से कई दैनिक अखबारों के जनपद कानपुर देहात के संस्करण में यह छपने के लिए कि जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान व मुलायम सिंह यादव ने तमाम अधिवक्ताओ को न्यायिक कार्य करने हेतु उकसा कर न्यायिक कार्य कराया जिसके लिए उन्हें संस्था की सदस्यता से निष्कासित करने हेतु कारण बताओ नोटिस भेजे गए है जिसका जवाब न देने या जवाब से सन्तुष्ट न होने पर संस्था से निष्कासित करने व अन्य दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की सूचना दिनांक 7 मई के सम्सकर्णो में छपवाई हैएऐसी स्थिति से निपटने और दोसी ब्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु जितेन्द्र चौहान व मुलायम सिंह यादव ने उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय प्रयागराज के मुख्य न्यायाधीशों को कारवाही हेतु पत्र लिखा है।दोनो अधिवक्ता गण ने बताया कि वह न सिर्फ निर्भीक रह न्यायिक कार्य करेंगे बल्कि न्यायालय परिसर को हड़ताली अधिवक्ताओ की अराजकता से मुक्त कर उनके विरुद्ध ऐसा उदहरणात्मक दाण्डिक कार्यवाही कराने तक संघर्ष जारी रखेंगे।इस बीच बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चैयरमैन व सदस्य अजय यादव के कानपुर देहात आगमन पर एकीकृत बार एसोसिएशन अध्यक्ष सम्पत लाल यादव जिला बार पूर्व महामन्त्री मुलायम सिंह यादव जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान रमेश चन्द्र सिंह गौर दिलीप यादव शिवनाथ सिंह धर्मेन्द्र सिंह अनूप यादव दीपक सिंह आदि अधिवक्ताओ ने शिष्टाचार भेट कर हड़ताल सहित अधिवक्ताओ की समस्या से अवगत कराया जिसका निदान कराने में सक्षम सहयोग की बात कहते हुए आवश्यक प्रपत्रों सहित इलाहाबाद बुलाया।

# शिकायतकर्ता के मामले का तीन दिवस में करें समाधान

**जालौन (उरई)।** संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें। किसी भी हाल में फरियादियों को परेशान न होना पड़े। निस्तारण आख्या तीन दिवस में कार्यालय में उपलब्ध कराएं। यह निर्देश एसडीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में समस्त विभागों के अधिकारियों को दिए। तहसील दिवस में 30 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

एसडीएम राजेश सिंह की अध्यक्षता एवं सीओ संतोष कुमार की उपस्थिति में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सर्वाधिक 16 शिकायतें पंजीकृत हुईं एवं पुलिस विभाग की 6 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके अलावा डूडा विभाग 2, विद्युत विभाग 2, विकास खंड, पूर्ति विभाग, मंडी एवं स्वास्थ्य विभाग की एक-एक शिकायत पंजीकृत की गई। सभी शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के समापन पर एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देकर कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीला हवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत के निस्तारण के संबंध में शिकायतकर्ता को अवगत कराएं। ताकि उसे परेशान न होना पड़े। साथ ही निस्तारण आख्या तीन दिवस के भीतर कार्यालय में उपलब्ध कराएं। कहा कि मुख्यमंत्री स्तर से संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों का फीडबैक लिया जाता है। निस्तारण में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होना तय है। इस मौके पर तहसीलदार नरेंद्र कुमार, कोतवाल शैलेंद्र सिंह सिंह, नगर पालिका ईओ डीडी सिंह, एलआई चंदन सिंह यादव, सीएचसी प्रभारी डॉ. कपिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अब अपने भवन में स्थानांतरित किया जाये सब रजिस्ट्रार दफ्तर

**जालौन (उरई)।** दो वर्ष पूर्व तहसील के सामने स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय को बिल्डिंग की मरम्मत कराने के चलते सीओ कार्यालय के पास स्थानांतरित कर दिया गया था। अब बिल्डिंग बनकर तैयार है। इसके बाद भी कार्यालय को स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है। नवीन बार एशोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्यालय को मूल स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है। नवीन बार एशोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सेंगर के नेतृत्व में महामंत्री अनिल कुमार तिवारी, श्रीगोविंद चतुर्वेदी, मानवेंद्र सिंह, विनय दीक्षित आदि ने डीएम प्रियंका निरंजन को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि नगर में सब रजिस्ट्रार कार्यालय तहसील के सामने स्थित था। कार्यालय की बिल्डिंग जर्जर होने पर वर्ष 2020 में कार्यालय को सीओ कार्यालय के पास ही स्थानांतरित कर दिया गया। जो कि मूल स्थान से लगभग एक किमी की दूरी पर स्थित है। कार्यालय दूर होने के चलते कार्य के लिए आने वाले लोगों को परेशानी होती है। वकीलों के लिए कोई स्थान न होने के चलते वकील मूल स्थान पर ही रहते हैं। लिखा पढ़ी के लिए एक किमी दूर जाना पड़ता है। इससे खासकर महिलाओं को दिक्कत होती है। बताया कि वर्तमान में तहसील के सामने स्थित कार्यालय बनकर तैयार है। सिर्फ बिजली का कनेक्शन होना बाकी है। अन्य सभी व्यवस्थाएं हो चुकी हैं। ऐसे में कार्यालय में अपने मूल स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाए तो लोगों की दिक्कत दूर हो जाएंगी। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कार्यालय को स्थानांतरित करने के लिए वह पूर्व में भी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन इंचार्ज सब रजिस्ट्रार अभिनव कुशवाहा कोई न कोई कमी निकालकर कार्यालय को मूल स्थान पर स्थानांतरित नहीं करना चाहते हैं। उनकी हठधर्मिता के चलते लोग परेशान हो रहे हैं। अधिवक्ताओं ने डीएम से कार्यालय को मूल स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है।

# हर पात्र को मिलेगा शासन की योजनाओं का लाभ:अश्वनी

- कीरतपुर में जन चौपाल लगा ग्रामीणों की सुनी गई समस्याएं
- डीएम के निर्देशन में प्रत्येक शुक्रवार को तय कार्यक्रम में चयनित ग्राम पंचायत में लगेगी जन चौपाल

संवाददाता। कालपी (जालौन)


जन चौपाल में समस्याएं सुनते बीडीओ अश्वनी सिंह पायनियर

**जिलाधिकारी** जालौन प्रियंका निरंजन के निर्देशन पर जन चौपाल के क्रम में विकास खण्ड महेवा के ग्राम पंचायत कीरतपुर मे जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें खण्ड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने आलाधिकारियों के साथ जन समस्या सुनी और मौके पर निस्तारण किया। जिलाधिकारी जालौन प्रियंका निरंजन के निर्देशन पर जनता के बीच जाकर उनकी मौके पर जन समस्या का समाधान हो सके इसके लिये प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्डों के एक-एक ग्राम पंचायत मे निर्धारित कार्यक्रम तय किये जा चुके है। जिसमें सर्व प्रथम विकास खण्ड महेवा की ग्राम पंचायत कीरतपुर में जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने अध्यक्षता करते हुये उपस्थित ग्रामीणों को शासन से मिलने वाली योजनाओं को बताया एवं हर पात्र व्यक्ति को उसका लाभ दिलाने की बात कहते हुये आलाधिकारियों के साथ ग्रामीणों की जन समस्या सुनी जिसमें वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विक्लांग पेंशन के अलावा किसान सम्मान निधि का सत्यापन किया गया एवं विद्युत के नये कनेक्शन हेतु ग्रामीणों को जानकारी दी गई। गांव में संचालित हैण्डपम्प की समीक्षा, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर आदि की नकल तत्काल जारी की गई व शादी अनुदान के आवेदकों से लाभ मिलने की जानकारी लेकर समीक्षा की गई, पिछले वर्ष 2021-22 मे बने सरकारी आवासों के लाभार्थियों से भी जानकारी हासिल की तथा साफ-सफाई आदि गांव मे भ्रमण कर देखी गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद, सचिव संदीप कुमार गुप्ता, तकनीकी सहायक राम गोपाल निरंजन, लेखपाल रवि कुमार संजय, कृषि विभाग से अखिलेश, विद्युत जेई महेवा, प्रभारी सीडीपीओ कंचन, आंगनवाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता, पंचायक सहायक पंकज देवी, पंचायत मित्र गंगा प्रसाद, ग्राम प्रधान देवकली बालसिंह, हीरापुर प्रधान उमाशंकर निषाद, पूर्व प्रधान कमलेश, नीलू महाराज, आनंद कुमार, राजेश गौतम, शशिकांत अहिरवार, आशा बहू कांती पाल, सहित अधिकांश ग्रामीण मौजूद रहे।

# जायसवाल का अर्धशतक, राजस्थान रॉयल्स जीता

## ● पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया

**भाषा।** मुंबई

**युवा यशस्वी** जायसवाल की अगुआई में शीर्ष क्रम के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराकर प्ले आफ के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया। रॉयल्स के 190 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 41 गेंद में नौ चौकों और दो छक्कों से 68 रन बनाए जिससे टीम ने दो गेंद शेष रहते चार विकेट पर 190 रन बनाकर जीत दर्ज की। देवदत्त पडिक्कल ने 31 जबकि सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने 30 रन की पारी खेली। शिमरोन हेटमायर ने अंत में 16 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से नाबाद 31 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस जीत से रॉयल्स के 11 मैच में 14 अंक हो गए हैं और टीम तीसरे स्थान पर बनी हुई है। पंजाब की नॉकआउट में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है। टीम 11 मैच में 10 अंक के साथ सातवें स्थान पर है।



पंजाब किंग्स ने जॉनी बेयरस्टो (40 गेंद में 56 रन, आठ चौके, एक छक्का) के अर्धशतक के बाद जितेश शर्मा (18 गेंद में नाबाद 38, चार चौके, दो छक्के) और लियाम लिविंगस्टोन (14 गेंद में 22 रन, दो छक्के, दो चौके) के बीच पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 26 गेंद में 50 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 189 रन बनाए। भानुका राजपक्षे ने भी 27 रन की उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को जायसवाल और बटलर ने ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई। जायसवाल ने संदीप शर्मा के पारी के पहले ओवर में दो चौकों और एक छक्के से 14 रन जुटाकर शुरुआत की। बटलर ने कागिसो रबादा को निशाना बनाते हुए उन पर चार चौके और एक छक्का मारा लेकिन इसी तेज गेंदबाज की गेंद को शॉर्ट थर्ड मैन पर राजपक्षे के हाथों में खेल गए। उन्होंने 16 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का मारा। कप्तान संजू सैमसन ने संदीप पर चौके से खाता खोला और फिर अर्शदीप सिंह पर भी लगातार दो चौके जड़े। रॉयल्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 67 रन बनाए। सैमसन 12 गेंद में 23 रन बनाकर ऋषि धवन की गेंद को हवा में लहरा गए और शिखर धवन ने उनका आसान कैच लपका। जायसवाल ने संदीप पर लगातार दो चौकों के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने राहुल चाहर के अगले ओवर में एक रन के साथ 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर अगले ओवर में ऋषि पर तीन चौके मारे। अर्शदीप ने जायसवाल को लांग आन पर लिविंगस्टोन के हाथों कैच कराके पंजाब किंग्स को वापसी दिलाने का प्रयास किया। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 47 रन की दरकार थी। हेटमायर ने रबादा पर चौका जड़ने के बाद अर्शदीप पर लगातार दो चौकों के साथ रॉयल्स का पलड़ा भारी रखा। रबादा के 18वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल ने दो चौके और फिर हेटमायर ने छक्का जड़कर मैच का रुख पूरी तरह से रॉयल्स की तरफ मोड़ दिया। रॉयल्स को अंतिम दो ओवर में सिर्फ 11 रन की जरूरत थी। अर्शदीप ने पडिक्कल को कवर में अग्रवाल के हाथों कैच कराके हेटमायर के साथ उनकी 41 रन की साझेदारी का अंत किया। इस ओवर में सिर्फ तीन रन बने।

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्सः** यशस्वी जायसवाल का लिविंगस्टोन बो अर्शदीप 68, जोस बटलर का राजपक्षे बो रबादा 30, सैमसन का धवन बो ऋषि 23, देवदत्त पडिक्कल का अग्रवाल अर्शदीप 31, शिमरोन हेटमायर नाबाद 31, रियान पराग नाबाद 00, अतिरिक्तः 07, कुलः 19.4 ओवर में चार विकेट परः 190 रन, विकेट पतनः 1-46, 2-85, 3-141, 4-182, गेंदबाजीःसंदीप 4-0-41-0, रबादा 4-0-50-1, अर्शदीप 4-0-29-2, ऋषि 3-0-25-1, चाहर 3.4-0-39-0, लिविंगस्टोन 1-0-6-0।

**पंजाब किंग्सः** जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो चहल 56, शिखर धवन का बटलर बो अश्विन 12, भानुका राजपक्षे बो चहल 27, मयंक अग्रवाल का बटलर बो चहल 15, जितेश शर्मा नाबाद 38, लियाम लिविंगस्टोन बो कृष्णा 22, रिषी धवन नाबाद 05, अतिरिक्तः 14 , कुलः 20 ओवर में पांच विकेट परः 189, विकेट पतनः 1-47, 2-89, 3-118, 4-119, 5-169, गेंदबाजीः बोल्ट 4-1-36-0, कृष्णा 4-0-48-1, सेन 4-0-42-0, अश्विन 4-0-32-1, चहल 4-0-28-3।

# चेन्नई के खिलाफ पारी की शुरुआत की समस्या से निजात चाहेगी दिल्ली कैपिटल्स

**भाषा।** नवी मुंबई

**प्लेआफ की** दौड़ से बाहर होने की कगार पर खड़ी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को होने वाले आईपीएल के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को डेविड वॉर्नर के साथ पारी की शुरुआत के लिए सही बल्लेबाज को तलाशना होगा ताकि टीम शीर्ष चार में वापसी कर सके। दिल्ली इस समय दस टीमों में पांचवें स्थान पर है और उसके दस मैचों में दस अंक है। पिछले मैच में उसने सनराइजर्स हैदराबाद को 21 रन से हराया।

दूसरी ओर गत चैम्पियन चेन्नई टूर्नामेंट से लगभग बाहर है और प्लेआफ में प्रवेश की उसके लिए कोई उम्मीद नहीं है। महेंद्र सिंह धोनी की टीम दस मैचों में छह अंक लेकर नौवें स्थान पर है और उसे न सिर्फ अपने बाकी मैच जीतने होंगे बल्कि दूसरे मैचों के नतीजे अनुकूल आने की भी दुआ करनी होगी। दिल्ली के सामने समस्या वॉर्नर का सही जोड़ीदार नहीं मिल पाने की है। पृथ्वी साव नौ मैचों में 28 . 77 की औसत से 259 रन ही बना सके।पिछले मैच में उनकी जगह मनदीप सिंह को मौका दिया गया जो तीन मैचों में 18 रन ही बना पाए हैं। वॉर्नर अभी तक आठ मैचों में 356 रन बना चुके हैं और सनराइजर्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने नाबाद 92 रन बनाए थे। कप्तान ऋषभ पंत और मिशेल मार्श अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके हैं। वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल ने शुरूआती कुछ मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद लय हासिल कर ली है। गेंदबाजी में स्पिनर कुलदीप यादव ने 18, तेज गेंदबाज खलील अहमद ने 14 और शारदुल ठाकुर ने दस विकेट लिए हैं लेकिन सभी महंगे साबित हुए हैं। कुलदीप हालांकि इस सत्र में बेहद कामयाब रहे और उनका खोया आत्मविश्वास भी लौट आया है। एनरिच नॉर्किया की वापसी से दिल्ली की गेंदबाजी और मजबूत हुई है। दूसरी ओर चेन्नई को खिलाड़ियों की चोटों और खराब फॉर्म ने परेशान किया है। दीपक चाहर और एडम मिल्ने चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हैं जबकि रूतुराज गायकवाड़ और रविंद्र जडेजा खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। अंबाती रायुडू, धोनी, शिवम दुबे और मोईन अली ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। डेवोन कोंवे ने तीन मैचों में 144 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में महीष तीक्षणा, मुकेश चौधरी और ड्वेन ब्रावो को विकेट मिले हैं लेकिन वे महंगे रहे हैं।

### टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स**

महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा (कप्तान), मोइन अली, रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, दीपक चाहर, अंबाती रायडू, रॉबिन उथप्पा, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, डेवोन कॉनवे, शिवम दुबे , ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्ष्णा, राजवर्धन हैंगरगेकर, तुषार देशपांडे, केएम आसिफ, सी हरि निशांत, एन जगदीसन, सुब्रंशु सेनापति, के भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, मुकेश चौधरी।

**दिल्ली कैपिटल्स**

ऋषभ पंत (कप्तान), अश्विन हेब्बर, डेविड वार्नर, मनदीप सिंह, पृथ्वी सॉव, रोवमैन पॉवेल, एनरिक नोर्किया, चेतन सकारिया, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, मुस्ताफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कमलेश नागरकोटी, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, सरफराज खान, विक्की ओस्तवाल, यश धुल, केएस भरत और टिम सीफर्ट।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।**

### बारिश और ठंड के बीच अच्छा प्रदर्शन करके लाहिड़ी संयुक्त दसवें स्थान पर

**पोटोमैक।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी बारिश और ठंडे मौसम के बीच दो अंडर 68 का स्कोर करके वेल्स फर्गो गोल्फ चैम्पियनशिप के दूसरे दौर के बाद संयुक्त 10वें स्थान पर है। वह कल रात संयुक्त 38वें स्थान पर थे। लाहिड़ी शीर्ष पर काबिज जैसन डे से छह स्ट्रोक्स पीछे है। डे ने तीन अंडर 67 का स्कोर किया।

### त्वेसा ने मैड्रिड लेडीज ओपन में कट में प्रवेश किया

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने कठिन हालात में बैक नाइन पर दो बर्डी लगाते हुए मैड्रिड लेडीज ओपन में कट में प्रवेश कर लिया। इस साल लय हासिल करने की कोशिश में जुटी त्वेसा ने एक अंडर 71 स्कोर किया और वह संयुक्त 56वें स्थान पर है। भारत की वाणी कपूर और अमनदीप द्राल कट में प्रवेश से चूक गए। वाणी एक शॉट से चूक गई जबकि 64 खिलाड़ियों ने अगले दौर में प्रवेश किया। फिनलैंड की टिया कोइविस्तो ने एक स्ट्रोक की बढत बना ली है।

### शर्मा और चौरसिया ब्रिटिश मास्टर्स में कट से चूके

**विशॉ (ब्रिटेन)।** भारत के शुभंकर शर्मा और एसएसपी चौरसिया बेलफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में कट में प्रवेश से चूक गए। इस साल की शुरुआत में रोलेक्स सीरिज अबुधाबी चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे शर्मा ने 73 . 74 का स्कोर किया। वहीं यूरोपीय टूर पर चार बार के विजेता चौरसिया ने 74 . 74 का स्कोर किया। टूर्नामेंट के मेजबान डैनी विलेट ने दूसरे दिन आठ बर्डी लगाकर प्रोस्टेट कैंसर यूके के लिए आठ हजार पाउंड जुटाए। वह शीर्ष पर काबिज हर्ली लांग से तीन शॉट पीछे है।

### सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिपः एमपी, हरियाणा, महाराष्ट्र और पंजाब जीते

**भोपाल।** मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र ने शनिवार को यहां 12वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने अपने पूल मुकाबलों में जीत दर्ज की। प्राशु सिंह परिहार (23वें और 51वें मिनट) के दो गोल के अलावा ज्योति पाल (पहले मिनट) और सीमा वर्मा (21वें मिनट) के एक-एक गोल से मध्य प्रदेश ने पूल ए में बिहार को 4-0 से शिकस्त दी। पूल बी में हरियाणा ने एकतरफा मुकाबले में बंगाल को 18-0 से हराया। पूल सी में पंजाब ने त्रिपुरा पर 9-0 और पूल डी में महाराष्ट्र ने उत्तराखंड पर 2-0 से जीत दर्ज की।

### भारतीय मूल के द. अफ्रीकी क्रिकेटर हुसैन अयूब का निधन

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के भारतीय मूल के महान तेज गेंदबाज हुसैन अयूब का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। लेकिन वह रंगभेद नीति के कारण कभी भी देश के लिए नही खेल पाए। देश के इतिहास में अयूब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महान खिलाड़ियों में से एक थे लेकिन उन्हे रंगभेद की नीति के कारण देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नही दिया गया। पोर्ट एलिजाबेथ में शनिवार को किडनी की बीमारी से जूझते हुए उनका निधन हो गया। इस तेज गेंदबाज ने जिंदगी में व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों तरह की कई बाधाओं का सामना किया जिसका जिक्र उन्होंने 2020 में आई अपनी किताब क्रासिंग बाउंड्रीज में किया है।

### खलिन जोशी, विराज मादप्पा कोरिया में संयुक्त पांचवें स्थान पर

**सियोंगनैम (कोरिया)।** खलिन जोशी और विराज मादप्पा शनिवार को यहां तीसरे दौर के बाद जीएस कालटेक्स मेइकयुंग ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रहे हैं। एशियाई टूर पर 2018 में पिछली बार खिताब जीतने वाले भारतीय जोशी (69) और उनके कुछ महीने पहले एशिया टूर पर जीत दर्ज करने वाले मादप्पा (72) दोनों का कुल स्कोर पांच अंडर 208 है। ये दोनों भारतीय शीर्ष पर चल रहे कोरिया कि बायो किम (68) से पांच शॉट पीछे हैं जिनका कुल स्कोर 10 अंडर 203 है। हनी बेसोया ने 66 के स्कोर से संयुक्त रूप से दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया और वह कुल चार अंडर 209 के स्कोर से सातवें स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में वीर अहलावत (74) और एस चिकारंगप्पा (72) संयुक्त रूप से 42वें जबकि करणदीप कोच्चर (73) संयुक्त 52वें स्थान पर चल रहे हैं। गगनजीत भुल्लर (75) संयुक्त रूप से 59वें पायदान पर हैं।

# मैड्रिड में हारने के बाद भी नडाल चिंतित नहीं, पूरा ध्यान फ्रेंच ओपन पर



**एपी।** मैड्रिड

**स्पेनिश स्टार** राफेल नडाल भले ही मैड्रिड ओपन के क्वार्टरफाइनल में कार्लोस अल्कारेज से हारकर बाहर हो गए लेकिन इससे वह चिंतित नहीं हैं क्योंकि उनका ध्यान अब भी 22 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन पर लगा है। नडाल ने शुक्रवार को तीन सेट में मिली हार के बाद कहा, मैं इस हार को स्वीकार करता हूं। मुझे पता है कि मुझे किस रास्ते पर बने रहना है ताकि मैं दो-ढाई हफ्ते के समय में पेरिस में अच्छा कर सकूं। मैं इसी पर काम कर रहा हूं। नडाल चोट से उबरने के लिए छह हफ्ते के बाद मैड्रिड ओपन में खेलने उतरे थे। उन्होंने कहा कि आदर्श यही होता कि वह इसमें नहीं खेलते लेकिन वह इसमें खेलकर खुश हैं। उन्होंने कहा, मैंने वही किया जो मैं कर सकता था।

# सनराइजर्स-आरसीबी के मुकाबले में नजरें कोहली और विलियमसन पर

**भाषा।** मुंबई

**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में जब रविवार को आमने सामने होंगे तो खराब फॉर्म से जूझ रहे दुनिया के दो दिग्गज बल्लेबाजों विराट कोहली और केन विलियमसन पर सभी की नजरें होंगी। कोहली और विलियमसन दोनों इस सत्र में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। कोहली ने 11 मैचों में 21 . 60 की औसत से सिर्फ 216 रन बनाए जबकि सनराइजर्स के कप्तान विलियमसन ने 10 मैचों में 22 . 11 की औसत से 199 रन ही बनाए हैं। दोनों ही अपने ऊंचे मानदंडों पर खरे नहीं उतर सके हैं। दोनों अपनी टीम की अपेक्षाओं को पूरा करके जीत में योगदान देने की कोशिश में होंगे।

कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अर्धशतक बनाकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिए लेकिन पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कोई कमाल नहीं कर सके। तीन चौके और एक छक्का लगाने के बाद उनसे बड़ा शॉट नहीं लगा और एक एक रन लेते रहे। इसकी वजह से ग्लेन मैक्सवेल भी रन आउट हो गए और कोहली खुद 33 गेंद में 30 रन ही बना सके। विलियमसन अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। उनका स्ट्राइक रेट 96 . 13 रहा और उन्हें अब आक्रामक बल्लेबाजी करने की जरूरत है। लगातार पांच मैच जीतने के बाद सनराइजर्स ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं जिसकी प्रमुख वजह उसके स्टार गेंदबाजों का चोटिल होना है। फिलहाल वह अंकतालिका में छठे स्थान पर है। सनराइजर्स के प्रमुख स्पिनर वाशिंगटन सुंदर के गेंदबाजी वाले हाथ में फिर चोट लगी है जबकि चेन्नई के खिलाफ मैच में तेज गेंदबाज टी नटराजन चोटिल हो गए। दोनों दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नहीं खेल सके जिससे दिल्ली की टीम ने 200 से अधिक रन बना लिए। मार्को जानसेन को टीम से बाहर किया गया था लेकिन अब टॉम मूडी उन्हें फिर मौका देना चाहेंगे क्योंकि आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने कहर बरपाया था। तेज गेंदबाज उमरान मलिक की दिल्ली के बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की। अब मलिक को हर बार रफ्तार पर भरोसा करने की बजाय विविधता पर ध्यान देना होगा। कार्तिक त्यागी और श्रेयस गोपाल से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा से सनराइजर्स को अच्छी शुरूआत मिलती रही है लेकिन उसे अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलना होगा। पिछले कुछ मैचों में निकोलस पूरन अच्छे फॉर्म में हैं और शीर्षक्रम से सहायता मिलने पर फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। सनराइजर्स ने आरसीबी को जब पिछली बार हराया था तब फाफ डु प्लेसी की टीम 68 रन पर आउट हो गई थी। आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज और वानिंदु हसरंगा की मौजूदगी वाले गेंदबाजी आक्रमण को जिम्मा संभालना होगा। उसके पास चार मैच विनर हैं जबकि ग्लेन मैक्सवेल और शाहबाज अहमद ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, मैक्सवेल, दिनेश कार्तिक और शाहबाज अहमद को भी अच्छी पारियां खेलनी होगी।

### टीमें

**सनराइजर्स हैदराबादः** केन विलियमसन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, वाशिंगटन सुंदर, रोमेरियो शेफर्ड, मार्को यानसन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार, सीन एबॉट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक फारूकी, उमरान मलिक, टी नटराजन।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोरः** विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, फाफ डुप्लेसी, हर्षल पटेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल।

**मैच दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा।**

# टॉप्स की कोर सूची में जगह नहीं मिलने को कदम ने अनुचित बताया

**नई दिल्ली।** पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) की कोर सूची में जगह नहीं मिलने पर शनिवार को निराशा जताते हुए कहा कि वह अनुचित चयन प्रक्रिया से निराश हैं और चाहते हैं कि खेल मंत्री अनुराग ठाकुर इस मामले में हस्तक्षेप करें। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और एसएल4 वर्ग में मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन कदम को टॉप्स की कोर सूची में जगह नहीं मिली है। यह सूची भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने शुक्रवार को जारी की। कदम ने ट्वीट किया, मैं साइ को लेकर बेहद निराश और हतोत्साहित हूं, दुनिया का मौजूदा तीसरे नंबर का खिलाड़ी और राष्ट्रीय चैंपियन लेकिन यह टॉप्स योजना में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं है। माननीय अनुराग ठाकुर से आग्रह करता हूं कि इस अनुचित चयन पर तुरंत ध्यान दें। कदम ने ओडिशा में चौथे पैरा राष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था और इसके बाद स्पेनिश पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय दो टूर्नामेंट में भी स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। उन्होंने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में कांस्य और ब्राजील पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट 2022 में रजत पदक जीता। कदम अभी पेरू में ट्रेनिंग कर रहे हैं और बहरीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय (16-21 मई), चौथी फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय (23-29 मई) और कनाडा पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय (छह से 12 जून) में हिस्सा लेंगे।

# सिंधू और लक्ष्य करेंगे थॉमस और उबेर कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई

**भाषा।** बैंकॉक



**भारतीय बैडमिंटन** टीम रविवार से शुरू हो रहे थॉमस और उबेर कप फाइनल में उतरेगी तो नजरें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन पर रहेंगी। भारत की किसी पुरूष टीम ने अभी तक थॉमस कप में पदक नहीं जीता है। एक बार भी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके। महिला टीम 2014 और 2016 में उबेर कप सेमीफाइनल में पहुंचकर कांस्य पदक जीती है। पिछले साल दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी।

इस बार भारतीय पुरूष टीम में दुनिया के नौवे नंबर के खिलाड़ी सेन, 11वें नंबर के किदाम्बी श्रीकांत और 23वीं रैंकिंग वाले एच एस प्रणय हैं। युगल में दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के अलावा एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा के पी गारागा और विष्णुवर्धन गौड़ की जोड़ी भी है। मजबूत टीम और अनुकूल ड्रॉ मिलने से भारतीय पुरूष टीम के पास पहली बार पदक जीतने का सुनहरा मौका है। भारत को ग्रुप सी में पहला मुकाबला जर्मनी से खेलना है जबकि चीनी ताइपै और कनाडा भी ग्रुप में हैं। महिला टीम में युगल में एन सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की अनुभवी टीम नहीं है और प्रतिभाशाली गायत्री गोपीचंद को नाम वापिस लेना पड़ा। सिक्की और गायत्री दोनों चोटिल हैं। उनकी गैर मौजूदगी में तनीषा क्रास्टो, श्रुति मिश्रा, सिमरन सिंघी, रितिका ठाकेर और त्रिसा जौली पर जिम्मेदारी होगी। महिला एकल में दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू के साथ आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा जैसे अनुभवहीन खिलाड़ी हैं।

# स्वर्गीय सुभाष मिश्र स्मारक स्पोर्ट्स कप सेवन-ए-साइड नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



## ● टाईब्रेकर में जीत से यूनिटी एफसी सेमीफाइनल में, आसाम रेजीमेंट भी एकतरफा जीत से अंतिम चार में

**लखनऊ।** यूनिटी एफसी ने स्वर्गीय सुभाष मिश्र स्मारक सुपर स्पोर्ट्स कप सेवन.ए.साइड नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में टाईब्रेकर में सनराइज एफसी को 4.2 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सुपर स्पोर्ट्स सोसायटी के तत्वावधान में लामार्टिनियर कॉलेज के बेकर ग्राउंड पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में दूसरे मैच में 9 आसाम रेजीमेंट ने 7.0 की एकतरफा जीत से अंतिम चार में जगह बनाई।

यूनिटी एफसी व सनराइज एफसी के मध्य खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल में निर्धारित समय में दोनों टीमें 2.2 से बराबरी पर थी। यूनिटी एफसी से वसी अली ने 15वें मिनट में गोल दागकर टीम को पहले हॉफमें 1.0 से बढ़त दिला दी। सनराइज एफसी से बराबरी का गोल दूसरे हॉफमें विनीत ने प्रतिद्वंद्वी का डिफेंस भेदते हुए 21वें मिनट दागा। यूनिटी एफसी ने सेन द्वारा 29वें मिनट में दागे गोल से 2.1 की बढ़त हासिल की। खेल के अंतिम पल में सनराइज एफसी से यश ने 39वें मिनट में गोल दागा। इसके बाद टाईब्रेकर में यूनिटी एफसी से अली हैदर और अफजल ने गोल दागे। दूसरी ओर सनराइज एफसी के खिलाड़ी गोल करने में नाकाम रहे। 9 आसाम रेजीमेंट एफसी ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में अवध म्यूटीनियर्स को एकतरफा 7.0 गोल से हराया। आसाम रेजीमेंट की ओर से ज्वाला ने प्रतिद्वंद्वी खेमें में खलबली मचाते हुए अकेले तीन गोल दागे। उनके बाद लांग ली ने दो जबकि फेला व् मोया ने एक.एक गोल किए। समाचार लिखे जाने तक ट्रेक्टो एफसी बनाम रियल मार्ट एफसी के मध्य तीसरा मैच खेला जा रहा था।

# अभिनव देसवाल को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण

**भाषा।** नई दिल्ली



**अभिनव देसवाल** ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में खिताब के साथ ब्राजील के केक्सियास डो सुल में चल रहे 24वें बधिर ओलंपिक में भारत को निशानेबाजी में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया।

उत्तराखंड के रुड़की के 15 साल के अभिनव और रजत पदक जीतने वाले यूक्रेन के ओलेक्सी लाजेबनिक के 24 शॉट के फाइनल के बाद समान 234.2 अंके थे। अभिनव ने इसके बाद शूट आफ में अपने प्रतिद्वंद्वी के 9.7 अंक के मुकाबले 10.3 अंक जुटाकर स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के सु मिंग जुई को कांस्य पदक मिला।

अभिनव ने 60 शॉट के क्वालीफेशन दौर में 600 में से 575 अंक जुटाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। यहां भी उनके और किम किहियओन के समान अंक थे लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने अंदरूनी 10 अंक पर अधिक निशाने लगाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय शुभम वशिष्ठ ने भी 563 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वह फाइनल में भी छठे स्थान पर रहते हुए बाहर हो गए। फाइनल में अभिनव ने धीमी शुरुआत की।

पांच शॉट की पहली सीरीज के बाद वह पांचवें स्थान पर रहे थे लेकिन 10 शॉट के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके प्रदर्शन में हालांकि निरंतरता दिखी और लगातार अच्छे निशाने लगाकर वह आगे बढ़ते रहे और अंत में ओलेक्सी के साथ शीर्ष दो स्थान पर रहे। अंतिम दो शॉट में अभिनव ओलेक्सी से 0.6 अंक से पिछड़ रहे थे लेकिन भारतीय निशानेबाज ने धैर्य कायम रखते हुए जीत दर्ज की।

भारत के अब निशानेबाजी स्पर्धा में चार पदक हो गए हैं। धनुष श्रीकांत ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। शौर्या सैनी ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। गुरुवार को वेदिका शर्मा ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता। भारत ने बधिर ओलंपिक के लिए 65 सदस्ईय दल भेजा है जिसमें 10 निशानेबाज शामिल हैं।

### भारत के शीर्ष धावक अविनाश साबले ने 5000 मीटर में रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष धावक अविनाश साबले ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में चल रही साउंड रनिंग ट्रैक मीट में पुरूषों के 5000 मीटर वर्ग में 30 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। साबले के नाम 3000 मीटर स्टीपलचेस का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके साबले ने अमेरिका में 13 मिनट 25.65 सेकंड का समय निकाला और 12वें स्थान पर रहे। महाराष्ट्र के बीड जिले में जन्मे किसान के बेटे 27 वर्षीय इस सैनिक ने बहादुर प्रसाद का 13 मिनट 29.70 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 1992 में बर्मिंघम में बनाया था। उन्होंने भारतीय एथलेटिक्स का दूसरा सबसे पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। सबसे पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड मैराथन (दो घंटे 12 मिनट) में शिवनाथ सिंह के नाम है जो उन्होंने 44 साल पहले 1978 में बनाया था। साबले के नाम हाफ मैराथन (21 . 0975 किलोमीटर) का भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड है जो उन्होंने 2020 में एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन में बनाया था।